हिन्दी दैनिक
# प्रत्यूष नवबिहार
जोहार
रांची संस्करण
www.tezraftarlive.com
Email-navbiharjh@gmail.com
रांची, पटना और दिल्ली से प्रकाशित
रांची • शनिवार • 04.10.2025 • वर्ष : 16 • अंक : 70 • पृष्ठ : 12 • आमंत्रण मूल्य : ~~3 रुपये~~ 2 रुपये

### मोरहाबादी मैदान में भव्य दशहरा उत्सव, मुख्यमंत्री एवं रक्षा राज्य मंत्री हुए शामिल

# बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है 'विजयदशमी' : हेमन्त सोरेन




प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन आज "विजयदशमी" के पावन अवसर पर रांची स्थित मोरहाबादी मैदान में पंजाबी-हिंदू बिरादरी दशहरा कमिटी एवं श्री दुर्गा पूजा एवं रावण दहन समिति, अरगोड़ा द्वारा आयोजित भव्य दशहरा एवं रावण दहन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित हुए। मुख्यमंत्री ने दशहरा के पावन पर्व पर समस्त राज्यवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई देते हुए कहा कि यह पर्व हमारी संस्कृति और सभ्यता का प्रतीक है। बुराई पर अच्छाई की जीत का संदेश देने वाला यह त्योहार समाज को सदा सही दिशा में प्रेरित करता है।

**"विजयादशमी" बुराई पर अच्छाई, अन्याय पर न्याय और असत्य पर सत्य की विजय का है प्रतीक**

मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने आगे कहा कि आज दशहरा का अंतिम पड़ाव है और खराब मौसम होने के बावजूद बड़ी संख्या में लोग इस आयोजन में सम्मिलित हुए हैं। यह हमारी संस्कृति और परंपरा के प्रति लोगों के गहरे जुड़ाव को दशार्ता है। इस सामाजिक समरसता के लिए आप सभी को कोटि-कोटि धन्यवाद देता हूं। राज्य सरकार हमारी संस्कृति को आगे बढ़ाने और इसे जीवंत बनाए रखने के लिए निरंतर प्रयासरत है। मुख्यमंत्री ने कहा कि विजयादशमी का यह पर्व समाज में बुराई पर अच्छाई की, अन्याय पर न्याय की और असत्य पर सत्य की विजय का संदेश देता है। उन्होंने विश्वास जताया कि झारखंड की जनता आपसी भाईचारे और सामंजस्य के साथ मिलकर राज्य को नई ऊँचाइयों तक पहुंचाएगी।

इस अवसर पर केंदीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ, मंत्री राधाकृष्ण किशोर, विधायक सी. पी सिंह, विधायक नवीन जायसवाल, झारखंड सरकार के दर्जा प्राप्त मंत्री विनोद पांडे, जेएससीए के अध्यक्ष अजय नाथ शाहदेव, पंजाबी- हिन्दू बिरादरी दशहरा कमेटी, मोरहाबादी के अध्यक्ष सुधीर उग्गल, चेयरमैन कुणाल अजमानी, पूर्व अध्यक्ष राजेश खन्ना, दुर्गा पूजा एवं रावण दहन समिति, अरगोड़ा के अध्यक्ष पंकज कुमार साहू, नरेंद्र प्रसाद साहू, पंचानंद कुमार, कंचन साहू, रवि साहू समेत बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## राज्यपाल, मुख्यमंत्री एवं विधायक ने राष्ट्रपिता गांधी को श्रद्धा सुमन अर्पित किया

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** गांधी जयंती के अवसर पर गुरुवार को राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार, मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन एवं विधायक कल्पना सोरेन ने मोरहाबादी स्थित बापू वाटिका में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि महात्मा गांधी के विचार, उनकी अहिंसा एवं सत्य की राह पर चलने की प्रेरणा आज भी पूरे देश और विश्व के लिए मार्गदर्शक है।



मुख्यमंत्री ने कहा आगे कि आज का दिन भारत के इतिहास का स्वर्णिम दिवस है। गांधी जी का जीवन हम सभी के लिए प्रेरणा का स्रोत है। उनकी शिक्षा और सिद्धांतों ने न केवल स्वतंत्रता संग्राम को नई दिशा दी बल्कि आजादी के बाद भी लोकतंत्र को मजबूत करने में अहम भूमिका निभाई। उन्होंने कहा कि ऐसे महान विभूतियों के आदर्श और त्याग ही हैं जिनकी वजह से आज भारत एक सशक्त और गौरवशाली लोकतंत्र के रूप में दुनिया के सामने खड़ा है। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर समस्त राज्यवासियों से आह्वान किया कि हम सभी अपने जीवन में पूरी संजीदगी से बापू के सिद्धांतों को अपनाएं और समाज में शांति, भाईचारा एवं एकता के माहौल को और मजबूती दें। मुख्यमंत्री ने आज के दिन देश के पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री जी की जयंती पर भी उन्हें नमन किया।



मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से शुक्रवार को कांके रोड रांची स्थित मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में राज्य निर्वाचन आयुक्त झारखंड अलका तिवारी और विकास आयुक्त, झारखंड अजय कुमार सिंह ने मुलाकात की। मुख्यमंत्री से यह उनकी शिष्टाचार भेंट थी।

### एक नजर

#### बांग्लादेश की अंतरिम सरकार कानून व्यवस्था संभालने में नाकाम : भारत

**नयी दिल्ली :** भारत ने गुरुवार को बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के गृह मामलों के सलाहकार जहांगीर आलम चौधरी के बयान को खारिज करते हुए पड़ोसी देश को सलाह दी है कि वे अपने यहां चरमपंथियों की हिंसा की गंभीर जांच करे। भारत ने कहा कि अंतरिम सकार कानून-व्यवस्था संभालने में नाकाम है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने शुक्रवार को साप्ताहिक पत्रकार वार्ता में कहा कि हम इन झूठे और निराधार आरोपों को सिरे से खारिज करते हैं। अंतरिम सरकार बांग्लादेश में कानून-व्यवस्था बनाए रखने में असमर्थ है। इस कारण लगातार दोष किसी और पर मढ़ने की कोशिश करती रहती है। उन्होंने कहा कि बेहतर होगा कि बांग्लादेश सरकार आत्मनिरीक्षण करे और चटगांव पहाड़ी इलाकों में अल्पसंख्यक समुदायों के खिलाफ हिंसा, आगजनी और जमीन हड़पने वाले स्थानीय चरमपंथियों की कार्रवाई की गंभीरता से जांच करे।

## झारखंड में फिलहाल बारिश से राहत की उम्मीद नहीं, 8 तक येलो अलर्ट

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** झारखंड में फिलहाल बारिश से राहत मिलती नहीं दिख रही है। भारतीय मौसम विभाग ने राज्य के विभिन्न हिस्सों में 8 अक्टूबर तक प्रतिदिन कहीं न कहीं वर्षा की संभावना जताई है। साथ ही कुछ इलाकों में तेज हवाएं चलने और वज्रपात (आकाशीय बिजली) की भी चेतावनी दी गई है। मौसम विभाग के अनुसार, शुक्रवार को पलामू, गढ़वा, चतरा, लातेहार समेत उत्तर-मध्य झारखंड के आसपास के जिलों में कुछ स्थानों पर भारी से बहुत भारी बारिश हो सकती है। इस दौरान गर्जन, तेज हवाओं और बिजली गिरने की भी आशंका है। हवा की गति 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटे तक रह सकती है। मौसम विभाग ने बताया कि अगले तीन दिनों के भीतर राज्य के अधिकतम तापमान में 4 से 6 डिग्री सेल्सियस तक की गिरावट दर्ज की जा सकती है। इसके बाद अगले दो दिनों तक तापमान में किसी बड़े बदलाव की संभावना नहीं है।



आज देवघर, धनबाद, दुमका, गिरिडीह, गोड्डा, जामताड़ा, पाकुड़, साहिबगंज, कोडरमा, चतरा, गढ़वा, पलामू और हजारीबाग जिलों में कुछ स्थानों पर भारी बारिश की संभावना है।

कल दुमका, गोड्डा, पाकुड़ और साहिबगंज जिलों में भारी वर्षा हो सकती है। सोमवार को देवघर, दुमका, गिरिडीह, गोड्डा, जामताड़ा, पाकुड़ और साहिबगंज में भी कुछ स्थानों पर भारी बारिश के आसार हैं। इन जिलों में तेज हवाओं और वज्रपात की चेतावनी भी जारी की गई है।

पिछले 24 घंटों के दौरान राज्य में मानसून सक्रिय रहा। लगभग सभी जिलों में गरज-चमक के साथ हल्की से मध्यम वर्षा दर्ज की गई, जबकि कुछ स्थानों पर भारी से अति भारी बारिश भी हुई। सबसे अधिक वर्षा धनबाद के राजदह में 208.4 मिमी दर्ज की गई। वहीं, सबसे अधिक अधिकतम तापमान 36.7 डिग्री सेल्सियस सरायकेला में, और सबसे कम न्यूनतम तापमान 18.4 डिग्री सेल्सियस लातेहार में दर्ज किया गया।

## आदित्य साहू बने झारखंड प्रदेश भाजपा के कार्यकारी अध्यक्ष

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने राज्य सभा सांसद आदित्य साहू को झारखंड प्रदेश भाजपा का कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त किया है। राज्यसभा आदित्य साहू को रविंद्र कुमार राय की जगह झारखंड भाजपा का कार्यकारी अध्यक्ष बनाया गया है।

भारतीय जनता पार्टी ने झारखंड में बड़ा संगठनात्मक बदलाव करते हुए राज्यसभा सांसद आदित्य साहू को प्रदेश भाजपा का कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त किया है। प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष पद पर आदित्य साहू की नियुक्ति तत्काल प्रभाव से लागू हो गई है। उनकी नियुक्ति रवींद्र राय के स्थान पर की गई है। रवींद्र राय को विधानसभा चुनाव के समय कार्यकारी अध्यक्ष बनाया गया था। इस संबंध में शुक्रवार को राष्ट्रीय सचिव अरुण सिंह ने पत्र जारी कर दी है।



आदित्य साहू झारखंड विधानसभा विधानसभा चुनाव में कोल्हान प्रमंडल के प्रभारी बनाए गए थे। 2022 में भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव अरुण सिंह ने इनको झारखंड से राज्यसभा के लिए नामित किया गया था। उसके बाद वह निर्विरोध सांसद चुने गए थे। इस नई जिम्मेदारी से पहले वे झारखंड प्रदेश भाजपा के महामंत्री के रूप में पार्टी के लिए काम कर चुके हैं. फिलहाल, कोडरमा के पूर्व सांसद डॉ. रविन्द्र कुमार रॉय झारखंड भाजपा के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष के रूप में काम कर रहे थे। उन्हें यह जिम्मा विधानसभा चुनाव 2024 से ठीक पहले दी गई थी।

रांची जिला के ओरमांझी निवासी आदित्य साहू का जीवन एक प्रोफेसर से लेकर एक सफल राजनेता तक का सफर दशार्ता है। उन्हें एक जमीनी नेता माना जाता है, जिनकी संगठन पर अच्छी पकड़ है और जो पार्टी की विचारधारा के प्रति समर्पित हैं। वर्तमान में वे राज्यसभा सांसद के रूप में झारखंड के मुद्दों को राष्ट्रीय स्तर पर उठा रहे हैं।

आदित्य साहू ने वाणिज्य में मास्टर (एम.कॉम) तक की पढ़ाई की है। 2019 तक वे राम तहल चौधरी कॉलेज के प्रोफेसर थे। पिछले दो दो दशकों से वे भाजपा के सदस्य हैं। वह 2019 से राज्य भाजपा इकाई के नेता थे। 2022 में उन्हें राज्यसभा के सदस्य के रूप में चुना गया। आदित्य साहू का जन्म 1 जुलाई 1964 को झारखंड राज्य के रांची जिले के ओरमांझी के कुचू गांव में हुआ था। आदित्य साहू एक उच्च शिक्षित व्यक्ति हैं। उन्होंने रांची विश्वविद्यालय से अपनी पढ़ाई पूरी की है। राजनीति में आने से पहले वे रांची विश्वविद्यालय में प्रोफेसर के रूप में कार्यरत थे।

आदित्य साहू का राजनीतिक जीवन छात्र राजनीति से शुरू हुआ। वे अपने छात्र जीवन में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) के एक सक्रिय और प्रमुख कार्यकर्ता थे। यहीं से उन्होंने संगठन और नेतृत्व के गुण सीखे।

### आदित्य साहू का भाजपा प्रदेश कार्यालय में बाबूलाल ने किया स्वागत

**रांची :** प्रदेश भाजपा के नवनियुक्त कार्यकारी अध्यक्ष आदित्य साहू का बीजेपी प्रदेश कार्यालय में स्वागत किया गया। प्रदेश कार्यालय में उन्हें नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी, प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह सहित संगठन के पदाधिकारी-कार्यकताओं ने बधाई दी।



### ऑपरेशन सिंदूर 2.0 के लिए भारत तैयार, आर्मी चीफ की चेतावनी

# पाकिस्तान सोच ले कि उसे भूगोल में रहना है या नहीं

एजेंसी

**बीकानेर :** भारतीय सेना के प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने शुक्रवार को कहा कि ऑपरेशन सिंदूर में भारतीय सेना ने पाकिस्तान के 9 आतंकी ठिकानों को नष्ट किया, जिसमें 100 से ज्यादा आतंकी मारे गए थे। श्रीगंगानगर जिले के घड़साना के गांव 22 एमडी में आर्मी छावनी पहुंचे सेना प्रमुख ने जवानों को संबोधित करते हुए कहा कि जिस तरह से भारत ने ऑपरेशन सिंदूर 1.0 में संयम रखा है, अबकी बार भारत ये संयम नहीं रखेगा। इस बार हम आगे की कार्रवाई करेंगे और कुछ इस तरह की कार्रवाई करेंगे कि पाकिस्तान को सोचना पड़ेगा कि उसे भूगोल में रहना है या नहीं।

जनरल द्विवेदी ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर हमारी जिंदगी से इस तरह से जुड़ गया है कि जब तक हम जीवित रहेंगे, तब तक यह हमारे साथ रहेगा। अगर पाकिस्तान को दुनिया के नक्शे में (भूगोल में) अपनी जगह बनाए रखनी है, तो पाकिस्तान जो आतंकवाद को सरंक्षण दे रहा है, उसे अब आतंकवाद को रोकना पड़ेगा। सेना प्रमुख ने जवानों से कहा कि अब आप अपनी पूरी तैयारी करके रखें, अगर भगवान ने चाहा तो जल्द ही ये मौका मिलेगा।



उन्होंने कहा कि इस देश की कोई भी महिला अपनी मांग में सिंदूर लगाती है तो उस समय वो भारतीय सेना के जवानों को याद करती है, जिन्होंने ऑपरेशन सिंदूर में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। इस बार आतंकवाद के खिलाफ जो ऑपरेशन सिंदूर किया गया है, पूरे ऑपरेशन का नाम एक ही रखा गया था, जबकि इससे पहले जो भी ऑपरेशन किए गए हैं, उनके नाम अलग-अलग हुआ करते थे। सेना प्रमुख ने कहा कि पहलगाम में आतंकी हमला होने के बाद जब भारत ने ऑपरेशन सिंदूर शुरू किया था, उस समय पूरा विश्व भारत के साथ जुड़ गया था। पूरे विश्व ने इस आतंकी हमले की निंदा की थी। उन्होंने कहा- भारत ने पाकिस्तान में 9 टारगेट हिट किए थे, इनमें से 7 आर्मी ने और 2 वायु सेना की ओर से हिट किए गए थे। सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने यह भी कहा कि जिन आतंकी ठिकानों को भारत ने खत्म किया था, उनका सबूत भी पूरी दुनिया को दिखाया है। अगर भारत सबूत नहीं दिखाता तो पाकिस्तान इन सबको छुपा लेता। उन्होंने कहा कि इस बार भारत पूरी तैयारी के साथ है। सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ऑपरेशन सिंदूर 1.0 में अच्छा काम करने वाले सेना के तीन अधिकारियों को विशेष रूप से सम्मानित किया। सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने सेना के जवानों से कहा, ऑपरेशन सिंदूर 1.0 के लिए, रक्षा मंत्री ने मुझसे विशेष रूप से कहा कि जब भी मैं आपसे मिलूं, तो मुझे आपको बताना चाहिए कि इसकी सफलता का पूरा श्रेय आप सभी को जाता है-ऑपरेशन सिंदूर 1.0 हमारे जीवन से इस तरह जुड़ा हुआ है कि जब तक हम जीवित रहेंगे, यह हमारे साथ रहेगा। कार्यक्रम में बीएसएफ की 140वीं बटालियन के कमांडेंट प्रभाकर सिंह, राजपूताना राइफल्स के मेजर रितेश कुमार और हवलदार मोहित गैरा को सम्मानित किया गया।

## गुजरात में फंसे 13 मजदूरों की सुरक्षित वापसी




प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**पूर्वी सिंहभूम :** पूर्वी सिंहभूम जिले के बहरागोड़ा प्रखंड के मटिहाना पंचायत के 13 मजदूर, जो गुजरात के बेला स्थित एजिलिस विट्रिफाइड प्राइवेट लिमिटेड में काम कर रहे थे, शुक्रवार को सुरक्षित अपने घर लौट आए। उनकी सुरक्षित वापसी पूर्व विधायक एवं झामुमो के केंद्रीय प्रवक्ता कुणाल षाड़ंगी की पहल और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के त्वरित हस्तक्षेप से संभव हो सकी।

जानकारी के अनुसार, ये मजदूर पिछले कई महीनों से गुजरात की कंपनी में कार्यरत थे, लेकिन वहां लगातार उनका उत्पीड़न का सामना करना पड़ रहा था। जब उन्होंने घर लौटने की इच्छा जताई तो प्रबंधन ने उन्हें रोकने का प्रयास किया। परेशान मजदूरों ने परिजनों को घटना की जानकारी दी, जिसके बाद परिजनों ने कुणाल षाड़ंगी से मदद की गुहार लगाई।

कुणाल षाड़ंगी ने मामले को गंभीरता से लेते हुए तुरंत ट्विटर के माध्यम से मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को अवगत कराया और मजदूरों की सुरक्षा सुनिश्चित करने का अनुरोध किया। मुख्यमंत्री ने तुरंत संज्ञान लेते हुए उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी को कार्रवाई के निर्देश दिए। इसके बाद गुजरात प्रशासन से समन्वय स्थापित कर मजदूरों की सुरक्षित वापसी की प्रक्रिया शुरू की गई।

लगातार प्रयासों के बाद सभी 13 मजदूर शुक्रवार को सुरक्षित अपने घर लौट आए। उनके लौटने से परिवारों और गांव में खुशी का माहौल बन गया। मजदूरों से मुलाकात कर कुणाल षाड़ंगी ने उनकी पीड़ा सुनी और आश्वासन दिया कि वे मजदूरों के अधिकारों की रक्षा के लिए लगातार आवाज उठाते रहेंगे। उन्होंने कहा कि श्रमिकों की सुरक्षा और न्याय सुनिश्चित करना उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है।


# शांतिपूर्वक श्रद्धा के साथ दशहरा दुर्गा पूजा संपन्न, प्रतिमा हुआ विसर्जन



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बड़कागांव :** बड़कागांव प्रखंड में अश्वनी दुर्गा पूजा दशहरा श्रद्धा के साथ शांतिपूर्वक संपन्न हो। प्रखंड 12 पंडालों में नवमी एवं दशमी की रोज श्रद्धालुओं काफी भीड़ देखी गई पूजा अर्चना कर लोगों ने अपने परिवार की सुख व समृद्धि की कामना की। गुरुवार को मां दुर्गे की प्रतिमा का विसर्जन किया गया जिसमें बड़कागांव दैनिक बाजार अश्वनी दुर्गा पूजा समिति के अलावा अन्य समिति ने प्रतिमा का विसर्जन किया ,वहीं कई पूजा समिति ने शुक्रवार रात को विसर्जन किया। अंबाजीत दुर्गा पूजा समिति ,बड़कागांव अश्वनी दुर्गा पूजा समिति डेली मार्केट, मां अंबे दुर्गा पूजा समिति गुरु चट्टी, बरवाडीह दुर्गा पूजा समिति, सांड़ दुर्गा पूजा समिति, हरली दुर्गा पूजा समिति, बादम दुर्गा पूजा समिति, उरीमारी दुर्गा पूजा समिति, महुगाई कला दुर्गा पूजा समिति, सुकूल खपिया दुर्गा पूजा समिति, गोंदलपुरा दुर्गा पूजा समिति, नापोखुर्द दुर्गा पूजा समिति के द्वारा प्रतिमा स्थापित कर पूजा अर्चना की गई थी। पूजा को शांतिपूर्वक संपन्न कराने को लेकर प्रशासन की ओर से सभी पूजा पंडालो एवं जुलूस में दंडाधिकारी के साथ पुलिस बल तनाव किए गए थे।

## प्रखंड के कई गांव में हुआ रावण दहन एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम



**बड़कागांव :** बड़कागांव प्रखंड में दशहरा दुर्गा पूजा संपन्न हो गया । दशमी की रोज कई गांव में रावण दहन एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आर्केस्ट्रा डांस भी आयोजन किया गया। बड़कागांव प्लस टू उच्च विद्यालय में 55 फीट ऊंची रावण का पुतला जलाया गया वही हरली कांडतरी, नापो खुर्द, गांव के अलावा बड़कागांव पीपल नदी में भी पुतला दहन किया गया। प्लस टू उच्च विद्यालय बड़का गांव में , तकरीबन 10000 ग्रामीण रावण दहन देखने पहुंचे थे। रावण दहन के अलावा कई गांव में सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया जिसमें विशेष कर बड़का गांव मां अंबे दुर्गा पूजा समिति गुरु चट्टी के द्वारा नितेश कश्यप नागपुरी गीत आर्केस्ट्रा का आयोजन किया गया जिसमें भारी संख्या में लोग देखने एवं सुनने पहुंचे थे। वही वही सॉंड़ ,नापोखुर्द में नर्तकी का कार्यक्रम किया गया था जिसमें कलाकारों ने अपनी कला प्रदर्शन कर खूब मनोरंजन किया। नितेश कश्यप आर्केस्ट्रा

## एक नजर

### काली मंदिर शिवपुरी से पारंपरिक रूप से हुई मां दुर्गा की विदाई



**हजारीबाग :** हजारीबाग के शिवपुरी स्थित दक्षिणी शिवपुरी काली मंदिर से मां दुर्गा की प्रतिमा का विसर्जन पारंपरिक शोभायात्रा के साथ संपन्न हुआ। सुबह से ही मंदिर परिसर में भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी और माहौल भक्तिमय हो गया। प्रतिमा को आकर्षक ढंग से सजाए गए रथ पर स्थापित कर जैसे ही यात्रा निकली, ढोल-नगाड़ों, शंख और ध्वनि के बीच भक्तों ने जोरदार जय माता दी और मां दुर्गा की जय के जयकारे लगाए गए। शोभायात्रा दक्षिणेश्वरी महाकाली दस महाविद्या शक्तिपीठ से बड़ा अखाड़ा , झंडा चौक काली बाडी रोड से अन्नदा चौक होते हुए बुढवा महादेव तालाब पहुंचा, जहां विधि विधान से मां दुर्गे की पूजा अर्चना हुई। जिसके उपरांत आरती के बाद प्रतिमा का विसर्जन किया गया इस दौरान शोभायात्र में शामिल सभी महिला पुरुष युवक युवती बच्चे भावुक दिखे सभी की आंखें नम थी। भक्त भावुक नजर आए और अगले वर्ष पुनः मां दुर्गा के आगमन की कामना की। प्रशासन की ओर से सुरक्षा व्यवस्था के कड़े इंतजाम किए गए थे। शोभायात्रा में पूजा समिति के संरक्षक डॉ प्रदीप कुमार प्रधान, मोहर दास, अशोक कुमार सिन्हा, समेत पूजा समिति के सभी पदाधिकारी, सदस्य, शिवपुरी मुहल्ले के दर्जनों गणमान्य के साथ साथ सैकड़ों महिला पुरुष शामिल थे।

### टीबी मरीज 14 वर्षीय बच्ची की मौत, डॉक्टर पर लापरवाही का आरोप



**बरही :** बरही अनुमंडलीय अस्पताल में शुक्रवार को समय पर इलाज नहीं होने के कारण 14 वर्षीय रेशमी कुमारी पिता चानो भुइयां ताजपुर चौपारण निवासी की मौत हो गई। उक्त आरोप मृतिका के भाई ने ड्यूटी पर तैनात डॉक्टर इंद्रजीत कुमार पर लगाया है। परिजनों ने बताया कि उनकी बहन टीबी मरीज से ग्रसित थी। अचानक तबियत खराब होने पर उसे बरही अनुमंडलीय अस्पताल लाया था। उस समय ड्यूटी पर डॉक्टर इंद्रजीत कुमार मौजूद थे। उन्हें बार बार आरजू विनती किया कि वे एक बार उनके मरीज को देख लें। मरीज सीरियस है। उसके बाद भी उक्त डॉक्टर मरीज को देखा नहीं। बिना देखे पुर्जा बनाकर रेफर कर दिया। 108 एम्बुलेंस भी समय पर नहीं आया। जिसके कारण उसे हजारीबाग नहीं ले जाया सका।

## विजयदशमी पर संघ भवन में शस्त्र पूजन व बौद्धिक गोष्ठी कार्यक्रम का हुआ आयोजन



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**हजारीबाग :** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष तथा विजयादशमी उत्सव के पावन अवसर पर बाड़म बाजार बस्ती इकाई की ओर से भव्य पथ संचलन एवं शस्त्र पूजन कार्यक्रम का आयोजन संघ भवन परिसर में किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत प्रातःकाल ध्वज वंदन के साथ हुई। इसके उपरांत नगर की प्रमुख सड़कों से अनुशासनबद्ध पंक्तियों में पथ संचलन निकाला गया, जिसमें लगभग 150 स्वयंसेवक पूर्ण गणवेश में शामिल हुए। संचलन के दौरान स्वयंसेवकों ने सामूहिक कदमताल करते हुए शक्ति, अनुशासन और संगठन का संदेश दिया। इस पथ संचलन में विधायक मनीष जयसवाल, प्रहलाद सिंह सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे। संचलन के उपरांत संघ भवन में शस्त्र पूजन एवं बौद्धिक गोष्ठी का आयोजन किया गया। बौद्धिक सत्र में मुख्य वक्ता नवल किशोर कर्ण जी ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना से लेकर वर्तमान तक की यात्रा, संगठन के विस्तार और उपलब्धियों पर विस्तृत प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि संघ केवल एक संगठन नहीं बल्कि राष्ट्र पुनर्निर्माण का सतत आंदोलन है। इस अवसर पर विभाग सह संघचालक माननीय ताराकांत शुक्ल जी, नगर संघचालक मनोज गोयल जी, जिला कार्यवाह मुकेश जी, सांसद मनीष जायसवाल जी, भाजपा जिला अध्यक्ष विवेकानंद सिंह, श्रद्धानंद सिंह सहित बड़ी संख्या में गणमान्य स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

## आदिम जनजाति उथान के लिए 14 गांव में आदि कर्मयोगी के तहत की गई विशेष ग्राम सभा

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**बड़कागांव :** बड़कागांव प्रखंड में केंद्र सरकार के द्वारा आदिम जनजाति एवं जनजाति उत्थान के लिए आदि कर्मयोगी अभियान के तहत 2 अक्टूबर को बड़कागांव प्रखंड विकास पदाधिकारी जितेंद्र कुमार मंडल की अध्यक्षता में 14 गांव में विशेष ग्राम सभा का आयोजन किया गया। ग्राम सभा में आदिम जनजाति व जनजाति की विकास के लिए दिए गए प्रस्ताव को पारित किया गया। इन सभी प्रस्ताव को 2030 तक पूर्ण करना निर्धारित किया गया। बरतुआ अंगों, गरसुला , पोटँगा, असवा, पसरिया,जरजरा ,इसको, बरबनिया, सेहदा, लकुरा, सतबहिया , चेपाकला, नापोखुर्द गांव में विशेष ग्राम सभा किया गया। ग्राम सभा में मुख्य रूप से प्रखंड विकास पदाधिकारी जितेंद्र कुमार मंडल, प्रखंड कल्याण पदाधिकारी पंकज कुमार, सामाजिक कार्यकर्ता कोलेश्वर गंझु, विनोद यादव, नापोखुर्द पंचायत मुखिया गणेश साव, चेपाकला पंचायत मुखिया अनिकेत नायक, अंगों पंचायत मुखिया नीलम मिंज, चरखा करमाली, उप मुखिया शमशेर अंसारी, समेंत दर्जनों लोग शामिल थे।

## दुर्गा पूजा हर्षोल्लास व शांतिपूर्ण माहौल में हुआ संपन्न

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**रामगढ़ :** बरकाकाना रामगढ़ में दुर्गा पूजा हर्षोल्लास व शांतिपूर्ण माहौल में संपन होने के बाद रामगढ़ जिला के पुलिस पदाधिकारियों ने राहत की सांस ली है। दुर्गा पूजा के शुरू होते ही बारिश जहां पूरे मेला व पूजा को अपने आगोश में ले लिया। नवमी से भारी बारिश होने के कारण मेला संचालक व दुकानदारों को भारी नुकसान का सामना करना पड़ा। छोटी - छोटी दुर्घटनाओं को छोड़ दिया जाए तो क्षेत्र में शांतिपूर्ण माहोल में पूजा संपन्न हो गया। पूजा शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न कराए जाने को लेकर बरकाकाना ओपी पुलिस एक बार फिर से कामयाब रहा। ज्ञात हो कि पूरे जिले में आकर्षण का केंद्र माने जाने वाले नया नगर बरकाकाना पूजा पंडाल में विधिवत पूजा अर्चना की जाने के बाद से मेला का उद्घाटन हो जाता है। मेला में भी ड्रैगन झूला, मौत का कुआं, ब्रेक डांस सहित कई तरह की झूला आकर्षण का केंद्र बना रहा। माता का दर्शन किए जाने व मेला का आनंद लेने के लिए जिले के विभिन्न क्षेत्रों से श्रद्धालुओं का अपार भीड़ उमड़ती है। श्रद्धालुओं के लिए पूजा समिति द्वारा व्यंजन के बेहतरीन स्टॉल का भी व्यवस्था करवाई जाती है। जिसम श्रद्धालुओं द्वारा विभिन्न तरह के व्यंजनों का भी आनंद लेते हुए देखा गया। पूजा के दौरान उमड़ने वाली भीड़ के कारण यातायात को सुचारू बनाए रखना भी बरकाकाना ओपी पुलिस के लिए चुनौती भरा रहता है। ओपी प्रभारी उमाशंकर वर्मा की कार्य कुशलता के कारण पिछले दो वर्षों से पूजा के दौरान उमड़ने वाली भीड़ को नियंत्रित करते हुए यातायात को सुचारू बनाए रखा गया। जो काबिले तारीफ है। जिला पुलिस द्वारा विधि व्यवस्था बनाए रखे जाने को लेकर विभिन्न स्थानों पर बेरिकेटिंग किया गया। पूजा के दौरान बरकाकाना रेलवे जोड़ा तालाब के पास ऑटो व स्कूटी में टक्कर हो जाने से कई लोग गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे बरकाकाना ओपी पुलिस तत्काल सदर अस्पताल भिजवाया गया। दुर्घटना के दौरान यातायात को समय के लिए बाधित हो गया था। जिसे तत्काल नियंत्रित कर लिया गया। भारी बारिश होने के कारण रावण दहन में भी कई तरह की परेशानी का सामना करते हुए देखा गया।

## भाजपा प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष बनने पर भाजपाइयों ने डॉ आदित्य प्रसाद साहू को बधाई दी

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**रामगढ़ :** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ जे पी नड्डा ने डॉ आदित्य प्रसाद साहू ,राज्यसभा सांसद को झारखंड प्रदेश भाजपा के कार्यकारी अध्यक्ष के पद पर मनोनीत किया है। उनके मनोनयन पर भारतीय जनता पार्टी रामगढ़ जिला परिवार ने खुशी जाहिर करते हुए उन्हें बधाई दी। जिला अध्यक्ष प्रवीण मेहता ने कहा कि राज्यसभा सांसद डॉ आदित्य साहू को उनके संगठनात्मक अनुभव को देखते हुए भाजपा झारखंड प्रदेश का कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। उनके प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष बनने पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाए देता हूं और राष्ट्रीय नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त करता हूं। डॉ साहू कार्यकर्ता के जमीनी हालात को समझते हैं जिससे उनके दीर्घकालीन कार्य अनुभव एवं संगठनात्मक दक्षता का लाभ पार्टी के साथ साथ जमीनी कार्यकर्ता को भी मिलेगा और आनेवाले दिनों में राज्य में पार्टी अधिक सशक्त होगी। मौके पर प्रदेश उपाध्यक्ष राकेश प्रसाद, प्रदेश प्रवक्ता अविनेश कुमार विधायक रोशन लाल चौधरी, वरिष्ठ नेता रंजीत कुमार सिन्हा, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अमरेन्द्र कुमार गुप्ता,रणंजय कुमार, डॉ संजय कुमार सिंह, इला रानी पाठक, चंद्रशेखर चौधरी, वरिष्ठ नेता डॉ संजय प्रसाद सिंह, विनोद राम, अनिल राय, मनोज कुमार महतो, प्रिया करमाली, सांसद प्रतिनिधि राजीव जायसवाल, सरदार अनमोल सिंह ,संजय प्रभाकर, जिला कोषाध्यक्ष अशोक कुमार सोनी,जिला कार्यालय मंत्री विनोद प्रसाद, जिला मीडिया प्रभारी राजीव पामदत्त, सुनील प्रसाद, जगदीश शर्मा सहित ज्येष्ठ श्रेष्ठ कार्यकर्ता ने भी बधाई देते हुए।

## संक्षिप्त खबरें

### सदर प्रखंड के प्रखंड विकास पदाधिकारी के उपचार के दौरान हुआ मौत



**रामगढ़ :** जिला के सदर प्रखंड विकास पदाधिकारी जयंत जेरोम लकड़ा का निधन शुक्रवार को मेदांता हॉस्पिटल रांची में हो जाने गया। जिला कार्यालय में निधन की खबर मिलने के उपरांत उपरांत उपायुक्त फैज अक अहमद मुमताज ने मेदांता हॉस्पिटल पहुंचकर दिवंगत जयंत जेरोम लकड़ा को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित किया गया। इस दौरान उन्होंने दिवंगत जयंत जेरोम लकड़ा के परिजनों से मुलाकात कर इस दुख की घड़ी में पूरा जिला प्रशासन उन लोगों के साथ होने का बात कहा। उन्होंने ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति वं शोकाकुल परिजनों को इस विकट परिस्थिति में दुख सहन करने की शक्ति और धैर्य की कामना किया गया। उप विकास आयुक्त आशीष अग्रवाल, रामगढ़ अनुमंडल पदाधिकारी अनुराग कुमार तिवारी, भूमि सुधार उप समाहर्ता दीप्ति प्रियंका कुजूर, प्रभारी पदाधिकारी गोपनीय शाखा रविंद्र कुमार गुप्ता, जिला आपूर्ति पदाधिकारी रंजीता टोप्पो ने भी दिवंगत आत्मा की शांति को लेकर प्रार्थना करते हुएभावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित किया गया।

### आदित्य साहू को प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष बनने पर विधायक ने दी बधाई



**बड़कागांव :** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने राज्य सभा सांसद सह प्रदेश महामंत्री आदित्य साहू को भारतीय जनता पार्टी झारखंड प्रदेश का कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त होने पर बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र के लोकप्रिय विधायक रोशन लाल चौधरी ने भाजपा प्रदेश कार्यालय में जाकर आदित्य साहू से मिलकर बधाई एवं शुभकामनाएं दी। विधायक रोशन लाल चौधरी ने कहा कि आदित्य साहू का अनुभव,समर्पण और नेतृत्व क्षमता निश्चित ही पार्टी संगठन को नई ऊंचाइयों तक ले जाएगी। देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह ने आदित्य साहू पर विश्वास रखकर उन्हें यह दायित्व सौंपा है। वह काफी सराहनीय कार्य है चुकी आदित्य साहू के पास वह सभी गुण है जो एक प्रदेश के नेतृत्व करता के पास होना चाहिए। आगे विधायक श्री चौधरी ने कहा कि जिस प्रकार से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत देश पूरे विश्व में अपना डंका बज रहा है ठीक उसी प्रकार झारखंड प्रदेश में भी आदित्य साहू के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी एक नया मुकाम हासिल करेगा। मौके पर विधायक रोशन लाल चौधरी के छोटे भाई ज्योति कुमार चौधरी सहित अन्य लोग मौजूद थे।

### पांडेयबारा में ग्राम सभा का हुआ आयोजन स्वच्छता व विकास योजनाओं पर जोर



**चौपारण :** पाण्डेयबारा पंचायत भवन में गुरुवार को ग्राम सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पंचायत की मुखिया रेखा देवी ने की। ग्राम सभा में पंचायत प्रतिनिधियों के साथ बड़ी संख्या में ग्रामीण भी उपस्थित हुए। कार्यक्रम की शुरूआत महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री जी की जयंती पर उनके चित्र पर माल्यार्पण करने के साथ हुई। उपस्थित लोगों ने दोनों महान नेताओं के आदर्शों और उनके योगदान को याद करते हुए ग्राम विकास की दिशा में कार्य करने का संकल्प लिया। ग्राम सभा के दौरान पंचायत क्षेत्र में संचालित विभिन्न सरकारी योजनाओं की समीक्षा की गई। विशेषकर प्रधानमंत्री आवास योजना, स्वच्छ भारत मिशन, जल जीवन मिशन तथा मनरेगा जैसी योजनाओं के क्रियान्वयन पर चर्चा हुई। ग्रामीणों ने योजनाओं के लाभार्थियों के चयन, कार्यों की गुणवत्ता और पारदर्शिता को लेकर सुझाव रखे। बैठक में स्वच्छता पर विशेष जोर दिया गया। मुखिया रेखा देवी ने कहा कि स्वच्छ और स्वस्थ वातावरण के लिए प्रत्येक घर व परिवार को सहयोग करना होगा। ग्राम सभा लोकतंत्र की बुनियाद है और इसमें लिए गए निर्णय ही पंचायत की विकास रूपरेखा तय करते हैं। उन्होंने ग्रामीणों से अपील की कि वे सरकारी योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाएं और विकास कार्यों में सक्रिय भागीदारी करें। कार्यक्रम में मोइनुद्दीन अंसारी, जुली कुमारी, रूबी किरण, सविता संजीदा आरती सहित सभी जलसहिया महिला समूह के सभी दीदी एवं पंचायत वासी ग्राम सभा में उपस्थित थे।

### जनप्रतिनिधियों ने किया रफीक रेस्टोरेंट का उद्घाटन



**बरही :** बरही प्रखंड के बिजैया पंचायत के बैंक मोड चौक के पास रफीक रेस्टोरेंट खुला। इसका का विधिवत उद्घाटन पूजा के बाद पूर्व जिप प्रतिनिधि मो क्यूम, मुखिया प्रतिनिधि मो मंसूर, पूर्व मुखिया दशरथ यादव ने संयुक्त रूप से फीता काट कर किया। रेस्टोरेंट का संचालक रफीक अंसारी पिता सफीक ग्राम अलगडीहा ने बताया कि उनके रेस्टोरेंट में सभी तरह की वैरायटी की व्यवस्था रहेगी। इसके लिए कश्मीर से खाना बनाने वाला मिस्त्री रखा है ।इस अवसर पर अल्प संख्यक कल्याण महा समिति अध्यक्ष मो कैयूम , मुखिया प्रतिनिधि मंसूर अंसारी ,पूर्व मुखिया दशरथ यादव , पप्पू खान, पंचायत समिति सदस्य रमजान अंसारी, हाफिज तैयब, मो सलामत, मौलाना तौफीक , तैयब अंसारी, सोहेल खान, मेंहदी हसन, मजीद अंसारी मौलाना हसनैन ,मंजूर आलम,सिकंदर अंसारी सहित कई लोग मौजूद रहे।

## 100वें स्थापना दिवस के अवसर पर संघ का शस्त्र पूजन संपन्न



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बरही :** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ हमेशा दशहरे के दिन विजयादशमी कार्यक्रम में शस्त्र पूजन करता है। ये क्रम तब से चल रहा है, जब से संघ की स्थापना हुई। गौरतलब हो कि संघ की स्थापना 1925 में विजयादशमी यानी दशहरा के दिन हुई थी। दशमी पर शस्त्र पूजन का विधान है। इस दौरान संघ के सदस्य हवन में आहुति देकर विधि-विधान से शस्त्रों का पूजन करते हैं। संघ के स्थापना दिवस कार्यक्रम में हर साल ह्यशस्त्र पूजनह्न खास रहता है ।दशहरा के मौके पर शस्त्रधारियों के लिए हथियारों के पूजन का विशेष महत्व है। इस दिन शस्त्रों की पूजा घरों और सैन्य संगठनों द्वारा की जाती है। नौ दिनों की उपासना के बाद 10वें दिन विजय कामना के साथ शस्त्रों का पूजन करते हैं। विजयादशमी पर शक्ति रूपा दुर्गा, काली की पूजा के साथ शस्त्र पूजा की परंपरा हिंदू धर्म में लंबे समय से रही है। छत्रपति शिवाजी ने इसी दिन मां दुर्गा को प्रसन्न कर भवानी तलवार प्राप्त की थी। इसी कड़ी में बरही में भी शस्त्र पूजन किया गया। इस कार्यक्रम में भगवा ध्वज के नीचे सभी स्वयंसेवक बंधुओं के द्वारा लाए गए अपने पौराणिक अस्त्र-शास्त्र को रखकर विधिवत पूजन किया गयो पूजन से पहले सामूहिक गीत, सुबोध पाण्डेय सुभाषित नंदकिशोर जी एवं एकल गीत बसंत जी द्वारा गाए गए। इसके बाद बौद्धिक कर्ता सुधीर चंद्रा के द्वारा बौद्धिक दिया गया जिसमें हिंदू समाज अपने स्वाभिमान की रक्षा के लिए अपने आत्मबल को मजबूत कर विजयादशमी के अवसर पर अपने समाज की बुराइयों पर विजय प्राप्त करते हुए भारतीय संस्कृति को मजबूत बनाने का संकल्प लिया।

## गांधी जयंती के अवसर पर प्रखंड के पंचायत में ग्राम सभा का हुआ आयोजन

प्रत्युष नवबिहार बड़कागांव



**बड़कागांव :** प्रखंड के सभी 23 पंचायतों में 2 अक्टूबर गांधी जयंती के अवसर पर विशेष ग्राम सभा का आयोजन किया गया। ग्राम सभा आयोजन करने वालों में मुख्य रूप से बड़कागांव मध्य पंचायत, पश्चिमी पंचायत, पूर्वी पंचायत, चंदौल पंचायत, हरली पंचायत, बादम पंचायत, नापोकलां पंचायत, तालाश्वर पंचायत, सीरमा पंचायत, सीकरी पंचायत और महूगाईकलां पंचायत के अलावा अन्य पंचायतों में ग्राम सभा आयोजन कर कई योजनाओं का चयन किया गया। बड़कागांव पश्चिमी पंचायत में मुखिया रंजीत कुमार एवं बड़कागांव मध्य पंचायत में मुखिया मो तकरीमुल्लाह की अध्यक्षता में ग्राम सभा का आयोजन किया गया। इस दौरान योजनाओं के रूप में कई नाली निर्माण,पीसीसी सड़क निर्माण, पुल निर्माण इत्यादि योजनाओं का चयन किया गया। वहीं प्रखंड विकास पदाधिकारी जितेंद्र कुमार मंडल ने बताया कि आदि कर्मयोगी अभियान के तहत बड़कागांव प्रखंड के 14 गांवों को चिन्हित किया गया है जहां पर आदि सेवा पर्व के रूप में विशेष ग्राम सभा का आयोजन किया गया। इस अभियान के तहत इन 14 गांवों में आदि सेवा केंद्र भी खोला गया है, जहां पर चिन्हित आदि साथी सप्ताह में एक दिन बैठेंगे एवं समस्या सुनेंगे। ग्राम सभा में मुख्य रूप से पंचायत समिति सदस्य रितेश ठाकुर, पंचायत सचिव मो हकीम, रोजगार सेवक दीपक प्रजापति, पवन पांडे, उमा देवी, उप मुखिया सत्यदेव कुमार, वार्ड सदस्य लीला देवी, गणेश राम, छोटू ठाकुर, संजय रॉय, किशोर कुमार मेहता, अनीता देवी, नूतन कुमारी, रंजीत विश्वकर्मा, पवन राम, राजू विश्वकर्मा, बीरेंद्र प्रसाद के अलावा कई लोग उपस्थित हुए।

## एक नजर

### समर्पण शाखा का दीपोत्सव मेला आज से

रांची : मारवाड़ी युवा मंच रांची समर्पण शाखा का दीपोत्सव मेला शनिवार से राजधानी रांची के हरमू रोड स्थित दिगम्बर जैन भवन में लगेगा। मेले में डेकोरेटेड दिया, बंदनवार, भगवान की पोशाक, कुर्ती, बेडशीट, होम मेड आइटम सहित अन्य घरेलू उपयोगी की वस्तुओं के स्टॉल लगाए जाएंगे। मेले में शॉपिंग के अलावा फूड स्टॉल और गेम्स भी रहेंगे। वहीं स्टाल की बुकिंग पूरी हो गई है। शाखा की अध्यक्ष पूजा अग्रवाल ने शुक्रवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर सभी रांचीवासियों से मेला घूमने और दीवाली की शॉपिंग करने का आग्रह किया है। उन्होंने बताया कि यहां एक छत के नीचे कई तरह के सामान देखने को मिलेंगे। मेले में मेहंदी और रंगोली प्रतियोगिता भी होगी। उन्होंने कहा कि प्रतियोगिता में जिन प्रतिभागियों को भाग लेना है वे संस्था की रंजू मालपानी और पुजा लाड़िया से संपर्क कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि मेले से संबंधित कोई भी जानकारी संस्थार की संयोजिका संयोजिका, मीनू अग्रवाल, सरिता बथवाल, कविता सोमानी और रोजी खंडेलवाल से जानकारी ली जा सकती है।

### सिनेमाघरों में क्षेत्रीय भाषा की फिल्मों को दिखाया जाए : कलाकार समिति

रांची : झारखंड कलाकार आंदोलन संघर्ष समिति ने झारखंड सरकार को कड़ी चेतावनी दी है। 15 दिनों के भीतर राज्य की फिल्म नीति में संशोधन नहीं किया गया तो कलाकारों ने आंदोलन करने का निर्णय लिया है। समिति के लोगों ने कहा कि झारखंड में क्षेत्रीय भाषाओं की फिल्मों को सभी सिनेमा घरों में अनिवार्य रूप से प्रदर्शित करने का प्रावधान किया जाना चाहिए। सरकार झारखंड के कलाकारों के लिए इस मुद्दे पर ठोस कदम नहीं उठाती है तो कलाकार सड़क पर उतरकर विरोध दर्ज कराने का निर्णय लेगी। झारखंड फिल्म विकास निगम का घेराव कर बड़ा आंदोलन किया जाएगा। बैठक में वक्ताओं ने कहा कि झारखंड की सांस्कृतिक और भाषाई पहचान को मजबूत करने के लिए क्षेत्रीय फिल्मों का प्रचार–प्रसार जरूरी है। लेकिन मौजूदा फिल्म नीति में प्रावधान न होने के कारण झारखंडी फिल्मों को मंच नहीं मिल पा रहा है। कलाकारों का भविष्य संकट में है बल्कि क्षेत्रीय भाषाओं का विकास भी बाधित हो रहा है। मौके पर काजल मुंडू, विनोद महली, रंजू मिंज, अनमोल खलखो, ऋषिकेश लाल, विनोद जायसवाल, देवपुजन ठाकुर, बेलाल अंसारी, सोनू उरांव समेत अन्य शामिल थे।

### सेल यूनिट्स स्पोर्ट्स क्लब रांची में क्रिकेट टीम चयन ट्रायल 7 और 8 अक्टूबर को

रांची : सेल यूनिट्स स्पोर्ट्स क्लब, रांची की क्रिकेट टीम में खिलाड़ियों के चयन हेतु मेकॉन क्रिकेट स्टेडियम, श्यामली कॉलोनी, रांची में 7 और 8 अक्टूबर 2025 को ट्रायल/चयन का आयोजन किया जाएगा। जानकारी के अनुसार, सेल यूनिट्स स्पोर्ट्स क्लब की क्रिकेट टीम रांची जिला क्रिकेट एसोसिएशन एवं जेएससीए द्वारा आयोजित सुपर डिवीजन लीग और अन्य प्रतियोगिताओं में भाग लेती है। इस टीम में चयन के लिए इच्छुक क्रिकेट खिलाड़ियों को दोनों दिन सुबह 8:00 बजे मेकॉन क्रिकेट स्टेडियम में उपस्थित होने का अनुरोध किया गया है। इच्छुक खिलाड़ी एस. के. मंडल या के. पी. पात्रा को सुबह 8:00 बजे रिपोर्ट करें। चयनित खिलाड़ियों को क्लब की ओर से स्टाइपेंड भी प्रदान किया जाएगा।

# राज्य के सात पंजीकृत राजनीतिक दलों को निर्वाचन आयोग का कारण बताओ नोटिस

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




रांची : मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने भारत निर्वाचन आयोग द्वारा नामित 7 पंजीकृत गैर-मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों को नोटिस जारी किया है। जिसमें, रांची के झारखंड की क्रांतिकारी पार्टी, झारखंड पार्टी (सेक्युलर), लोक जन विकास मोर्चा, राष्ट्रीय देशज पार्टी एवं राष्ट्रीय संगाइल पार्टी, पूर्वी सिंहभूम की झारखंड पीपल्स पार्टी एवं चतरा की राष्ट्रीय जनक्रांति मोर्चा को नोटिस के माध्यम से सूचित किया गया है कि उक्त राजनितिक दल अपने अस्तित्व एवं कामकाज के संबंध में ससमय मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के समक्ष शपथ पत्र एवं आवश्यक साक्ष्यों के साथ अपना पक्ष रखना सुनिश्चित करें। ससमय पक्ष अप्राप्त रहने की स्थिति में यह समझा जायेगा कि पार्टी का अस्तित्व समाप्त हो चुका है एवं इस आशय की सूचना भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली को भेज दी जायेगी।

भारत निर्वाचन आयोग द्वारा नामित इन 7 पंजीकृत गैर-मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों ने विगत 03 वित्तीय वर्षों (2021-22, 2022-23, 2023-24) का वार्षिक अंकेक्षित खाता संबंधी विवरणी इनके निर्धारित समयावधि में आयोग को समर्पित नहीं किया है। साथ ही यह भी तथ्य भारत निर्वाचन आयोग के संज्ञान में आया है कि उपरोक्त राजनीतिक दलों के द्वारा निर्वाचन प्रक्रिया में भाग लिया गया है, परन्तु निर्धारित समय के अन्दर अर्थात विधानसभा निर्वाचन के उपरान्त 75 दिन एवं लोकसभा निर्वाचन के उपरान्त 90 दिनों के भीतर अपना व्यय-विवरणी आयोग को समर्पित नहीं किया गया है, जो कि जन प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 में उपबंधित प्रावधानों से विचलन को प्रदर्शित करता है।

उक्त दलों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई करने हेतु आयोग से प्राप्त निदेश के आलोक में अध्यक्ष/महासचिव को पार्टी के तरफ से शपथ पत्र सहित लिखित पक्ष मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय, झारखण्ड, राँची को भेजने हेतु दिनांक-09.10.2025 तक एवं दिनांक-16.10.2025 को मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के कार्यालय में पूर्वाह्न 11.00 बजे सुनवाई हेतु तिथि एवं समय निर्धारित की गई है। इस आशय की सूचना राजनीतिक दलों को आयोग द्वारा पंजीकृत पत्राचार के पते पर भेजी गई है। साथ ही समाचार पत्रों में आम सूचना के माध्यम से भी प्रकाशित की गई है।

## महिला सम्मेलन के स्पार्कल मेला को लेकर पोस्टर जारी



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

रांची : अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला सम्मेलन सृजन शाखा की ओर से शुक्रवार को अग्रसेन भवन में सृजन स्पार्कल दीपावली एक्जीबीशन के पोस्टर का विमोचन शुक्रवार को किया गया। स्पार्कल दीपावली एक्जीबीशनआगामी छह अक्टूबर से अग्रसेन भवन में शुरू होगा। एक्जीबीशन का समापन सात अक्टूबर को होगा। यह जानकारी सृजन शाखा रांची के सचिव रिता मोदी ने दी।

उन्होंने बताया कि पोस्टर में एक्जीबीशन की खासियत सहित अन्य जानकारियां साझा की गईं। पोस्टर विमोचन के अवसर पर शाखा की अध्यक्ष नेहा सरावगी, सचिव रीता मोदी, कोषाध्यक्ष निधि सर्राफ, राशि सराओगी, शालू सिंघानिया, आकृति सिंघानिया, सपना नर्सरिया, सौम्या जैन, सोनल अग्रवाल, नम्रता बगला, अनामिका केडिया, शिखा सुरेखा, श्वेता सरावगी, प्रीति हेमसरिया, दीपा हेतमसरिया, नूपुर सरावगी सहित शाखा की अन्य सदस्?य मौजूद थीं।

## दो दिवसीय उर्स शुरू, सूफियाना कव्वाली और जलसों का आयोजन आज

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



रांची : हर साल की तरह इस वर्ष भी खानकाह मजहरिया मुनअमिया, फिरदौस नगर मनीटोला डोरंडा में दो दिवसीय उर्स-ए-गौसुल आजम की शुरूआत आज से हो गई। इस आयोजन की सदारत खानकाह के सज्जादा नशीन, पीर-ए-तरीकत, रहबर-ए-शरीअत अल्हाज सैयद शाह मौलाना अलकमा शिबली कादरी साहब कर रहे हैं।

दो दिनों तक चलने वाले इस उर्स के अवसर पर सूफियाना कव्वाली, मिलाद शरीफ, हलका-ए-ज़िक्र, फातिहा खानी और लंगर शरीफ जैसे रूहानी कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। आयोजन को लेकर सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।

उर्स में झारखंड के सभी जिलों के अलावा बिहार, बंगाल और अन्य राज्यों से भी बड़ी संख्या में अकीदतमंद शरीक हो रहे हैं। कई स्थानीय गणमान्य लोग भी कार्यक्रम में शामिल हो रहे हैं।

शनिवार की सुबह उर्स की शुरूआत परचम कुशाई से की गई। दिनभर नजर-ओ-नियाज का सिलसिला चला। शाम को नमाज-ए-मगरिब के बाद हलका-ए-ज़िक्र, सिजराखानी, फातिहा खानी, और सलातो-सलाम के बाद रात 9 बजे से सूफियाना कव्वाली का आयोजन किया गया। इसमें पटना फुलवारी शरीफ और बनारस से आए मशहूर कव्वाल अनीस खान और उनकी टीम ने कव्वाली पेश की। इसके बाद आए हुए अकीदतमंदों के लिए लंगर शरीफ का भी इंतजाम किया गया।

आज सुबह 10 बजे से मिलाद शरीफ और हुजूर गौस पाक की शान में जलसे का आयोजन होगा, जिसमें शहर के कई अलीम-ए-दीन शामिल होंगे। इसके बाद फातिहा खानी, कव्वाली और दोपहर में लंगर शरीफ का आयोजन होगा। शाम 4 से 5 बजे तक संवार-ए-ज़ियान शरीफ और कव्वाली, तथा नमाज-ए-मगरिब के बाद फातिहा खानी और आखिरी कुल शरीफ के साथ उर्स का समापन किया जाएगा।

## संविधान में हर समस्या का है समाधान भाईचारगी बनाएं रखें झारखंडवासी : बेसरा

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



रांची : झारखंड आंदोलनकारी नेता सह पूर्व विधायक सूर्य सिंह बेसरा ने कहा कि संविधान में हर समस्या का समाधान है। इसलिए झारखंडवासियों से विनती करता हूं कि सामाजिक समरसता और भाईचारा बनाए रखें। और यही झारखंड की असली पहचान है जो सामाजिक समरसता, आपसी भाईचारा और झारखंडी एकता में निहित है।

उन्होंने शुक्रवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए कहा कि झारखंड में हिन्दू, मुस्लिम, सरना, सिख और ईसाई सभी भाईझभाई हैं। उसी प्रकार आदिवासी और मूलवासी की एकता ही झारखंडी अस्मिता की प्रतीक है। अखंड झारखंड का संबंध सर्वधर्म समभाव से है, जो संविधान के अनुच्छेद 25 में निहित है। अधिकांश आदिवासी सरना धर्म के अनुयायी और प्रकृति पूजक हैं। हम वसुधैव कुटुम्बकम्‌ की भावना को मानने वाले हैं।

बेसरा ने कहा कि भाषा, संस्कृति और सामाजिक परंपरा के आधार पर ही हमारी जातीय पहचान झारखंडी है, जबकि खतियान के आधार पर मूलवासी की पहचान तय होती है। उन्होंने कहा कि हमारी एकता सदियों से कायम है और यह एकता हिमालय पर्वत की तरह अटूट है। उन्होंने झारखंड आंदोलन की पृष्ठभूमि को याद करते हुए कहा कि पांच दशक लंबे संघर्ष और व्यापक एकता के परिणामस्वरूप अलग झारखंड राज्य का गठन हुआ। लेकिन असली मुद्दे आज भी अधर में हैं। नेतृत्व की कमी के कारण झारखंड आंदोलन भटक गया है। झारखंडियों को भाईचारे को तोड़कर आपस में लड़ाने की साजिशें हो रही हैं, जो राज्य की एकता के लिए घातक है। उन्होंने कहा कि राज्य गठन होने को 25 वर्ष पूरे हो रहे हैं, इस दौरान छह बार विधानसभा चुनाव हुए, तीन बार राष्ट्रपति शासन लागू हुआ। और 13 बार सरकार बदली। लेकिन न तो झारखंड की तस्वीर बदली और न ही झारखंडियों की तकदीर।

## कुड़मी को एसटी में शामिल करने की मांग का विरोध तेज



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

रांची : 20 सितंबर को कुड़मी समुदाय द्वारा रेल टेका डहर छेका आंदोलन कर खुद को अनुसूचित जनजाति (एसटी) सूची में शामिल करने की मांग उठाए जाने के बाद आदिवासी समुदाय में गहरा आक्रोश है।

विरोध की शुरूआत रांची से हुई और अब यह आंदोलन राज्यव्यापी रूप ले चुका है। झारखंड के सभी जिलों में आदिवासी संगठनों ने कुड़मी की मांग का विरोध करने का ठान लिया है। रामगढ़ में विरोध प्रदर्शन के दौरान आदिवासियों ने प्रतीकात्मक रूप से टाइगर को टांगकर अपना विरोध दर्ज कराया था। वहीं, इस महीने 4 से 17 अक्टूबर तक ईचागढ़, चांडिल, धनबाद, जमशेदपुर, बोकारो और रांची में बड़े पैमाने पर विरोध कार्यक्रम तय किए गए हैं।

कुड़मी को एसटी सूची में शामिल करने के खिलाफ आदिवासी संगठनों का विरोध 14 सितंबर से रांची में शुरू हुआ। इसके बाद 20 सितंबर को राजभवन और अलबर्ट एक्का चौक पर हजारों लोगों ने धरना व प्रदर्शन कर विरोध दर्ज कराया। सरायकेला-खरसावां और रामगढ़ में भी विरोध हो चुका है।

## गुरु नानक सभा के श्रद्धालु महाराष्ट्र के उल्हासनगर में होने वाले चलिया कार्यक्रम में शामिल होने के लिए रवाना

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



रांची : गुरुद्वारा श्री गुरु नानक सत्संग सभा के दर्जनों श्रद्धालु महाराष्ट्र के उल्हासनगर में श्री गुरु नानक देव जी के प्रकाश पर्व के उपलक्ष्य में आयोजित होने वाले चलिया कार्यक्रम में शामिल होने के लिए शुक्रवार को हटिया रेलवे स्टेशन से रवाना हुए।

यह जानकारी गुरुनानक भवन कमेटी के सचिव और संस्था के मीडिया प्रभारी नरेश पपनेजा ने दी। उन्होंने बताया कि सभी श्रद्धालु कृष्णा नगर कॉलोनी गुरुद्वारा स्थित गुरु नानक भवन परिसर पहुंचे थे। जहां गुरुद्वारा के हेड ग्रंथी ज्ञानी जिवेन्द्र सिंह ने वाहेगुरु से अरदास कर सफल यात्रा की कामना की। इसके बाद गुरुनानक भवन कमेटी और गुरु नानक बाल मंदिर स्कूल के अध्यक्ष रमेश गिरधर एवं सह सचिव शैंकी मिढा ने श्रद्धालुओं को माला पहनकर विदा कर सफल यात्रा की शुभकामनाएं दी। पपनेजा ने बताया कि महाराष्ट्र के उल्हासनगर में श्री गुरु नानक देव जी के प्रकाश पर्व के उपलक्ष्य में हर वर्ष चलिया कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है जो 40 दिनों तक चलता है। इसमें रोजाना पाठ, सिमरन, गुरमत विचार एवं शबद कीर्तन का कार्यक्रम होता है। इसकी शुरूआत साल 27 सितंबर को हुई है और समापन पांच नवंबर प्रकाश पर्व के दिन होगा।

सत्संग सभा के सुरेश मिढा, रमेश पपनेजा और हरीश अरोड़ा के नेतृत्व में रवाना हुए श्रद्धालुओं का जत्था छह अक्टूबर तक गुरमत समागम में शामिल होगा। इसके बाद यहां से श्रद्धालु तख्त श्री हजूर साहब नांदेड़ जाएंगे और वहां तीन दिनों के प्रवास के बाद श्रद्धालुओं का जत्था महाराष्ट्र के ही बिदर स्थित गुरुद्वारा श्री गुरु नानक झीरा साहब के दर्शन कर हैदराबाद एयरपोर्ट के लिए रवाना हो जाएगा। सभी श्रद्धालुओं की वापसी 10 अक्टूबर को होगी।

जत्था में रवाना होनेवाले श्रद्धालुओं में अर्जुन देव मिढा, सुरेश मिढा, अशोक गेरा, बिनोद सुखीजा, रमेश पपनेजा, हरीश अरोड़ा, इंदर मिढा, विजय कटारिया, महेंद्र अरोड़ा, रमेश मुंजाल, किशन गिरधर, हरीश मिढा, भगवान दास मुंजाल, प्रताप खत्री सहित अन्य लोगों के नाम शामिल हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### हेमन्त सोरेन ने विशेष शाखा के हवलदार दिलीप तिर्की की सेवानिवृत्ति पर किया सम्मानित



रांची : सीएम हेमन्त सोरेन ने मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में विशेष शाखा के हवलदार दिलीप तिर्की की सेवानिवृत्ति के अवसर पर उन्हें सम्मानित किया। उनके समर्पण और निष्ठा से किए गए लंबे सेवाकाल की सराहना की। सीएम ने कहा कि हवलदार दिलीप तिर्की का कार्यकाल अनुकरणीय रहा है। उन्होंने पूरी निष्ठा और ईमानदारी से राज्य की सेवा की है। ऐसे कर्मठ और समर्पित कर्मियों का योगदान सदैव स्मरणीय रहेगा। दिलीप तिर्की 30 सितंबर 2025 को सेवानिवृत्त हुए। लगभग 40 वर्षों की सेवा अवधि में उन्होंने अपनी कार्यकुशलता और ईमानदारी से विभाग एवं राज्य की सेवा की। वर्ष 2000 से वे मुख्यमंत्री आवास में तैनात रहे और निरंतर निष्ठापूर्वक अपने दायित्वों का निर्वहन करते रहे। सीएम ने उनके स्वस्थ, सुखमय और उज्ज्वल भविष्य की मंगलकामनाएं की।

### संघ के शताब्दी वर्ष पर कार्यक्रम का हुआ आयोजन



रांची : राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, रांची महानगर आरा बस्ती, विक्रमादित्य नगर, टाटीसिलवे द्वारा संघ के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में सरला बिरला विश्वविद्यालय परिसर में विजयादशमी उत्सव पर पथ संचलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य वक्ता राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, रांची के माननीय विभाग प्रचारक मंटू जी उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता राज्यसभा सांसद डॉ प्रदीप कुमार वर्मा एवं नगर के नगर संघचालक शंकर प्रसाद ने की। अपने उद्बोधन में मंटू जी ने कहा कि संघ के विगत सौ वर्षों के कालखंड को बांटकर देखा जाए, तो इसके प्रथम खंड में संघ अपेक्षाओं के साथ उपेक्षा का शिकार रहा। उन्होंने प्रमुख रूप से पंच परिवर्तन पर प्रकाश डाला। डॉ प्रदीप वर्मा ने विषय प्रवेश करते हुए संघ की स्थापना की पृष्ठभूमि के विषय में संक्षेप में जानकारी दी। उत्सव के प्रारंभ में अमृत वचन यशार्थ और एकल गीत उत्कर्ष के द्वारा संपन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य शिक्षक गौतम एवं विभाग के बौद्धिक प्रमुख आशुतोष द्विवेदी, महानगर संपर्क प्रमुख रवींद्र तिवारी, नगर कार्यवाह आदित्य रंजन, नगर सह संघचालक बृजेश सिंह, प्रशांत जमुआर एवं सरला बिरला विश्वविद्यालय के महानिदेशक प्रो. गोपाल पाठक उपस्थित रहे।

### आरडीसीआईएस में राजभाषा पखवाड़ा 2025 का समापन समारोह आयोजित




रांची : आरडीसीआईएस, रांची में राजभाषा पखवाड़ा – 2025 का समापन समारोह गरिमामय ढंग से आयोजित किया गया। इस अवसर पर पखवाड़े के दौरान हिंदी भाषा के प्रचार–प्रसार और प्रोत्साहन के लिए आयोजित विविध प्रतियोगिताओं के परिणाम घोषित किए गए और विजेताओं को सम्मानित किया गया। हिंदी निबंध प्रतियोगिता में राजीव कुमार सिंह, महाप्रबंधक (आरडीसीआईएस) प्रथम स्थान पर रहे। द्वितीय स्थान पर राजीव रंजन कुमार तथा तृतीय स्थान पर बसंत कुमार साहू रहे। सांत्वना पुरस्कार अजीत प्रसाद वर्मा को प्रदान किया गया। हिंदी कविता प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर राजीव रंजन कुमार, द्वितीय स्थान पर लक्ष्मण कुमार तथा तृतीय स्थान पर प्रज्ञा कुमई रहीं। सांत्वना पुरस्कार दिव्या सुचिता जोजो को प्रदान किया गया। हिंदी टंकण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान कुमार अनीकेत आनंद ने प्राप्त किया। द्वितीय स्थान पर राजीव रंजन कुमार तथा तृतीय स्थान पर पंकज कुमार रहे। सांत्वना पुरस्कार अजीत प्रसाद वर्मा एवं पार्थ सारथी गुलशन को प्रदान किए गए। समापन समारोह को संबोधित करते हुए आरडीसीआईएस के कार्यकारी निदेशक ने कहा कि हिंदी केवल भाषा ही नहीं बल्कि एक सेतु है, जो विभिन्न क्षेत्रों और संस्कृतियों को जोड़ने का कार्य करती है। उन्होंने कर्मचारियों से आह्वान किया कि वे अपने दैनिक कार्यकलापों में हिंदी का अधिकाधिक प्रयोग करें। इस अवसर पर आरडीसीआईएस के राजभाषा अधिकारी रोशन कुमार ने शीर्ष प्रबंधन का आभार व्यक्त किया तथा उनके मार्गदर्शन और सहयोग से राजभाषा पखवाड़ा – 2025 को सफल बताया।

### रांची ग्रामीण क्षेत्रों में दुर्गा पूजा व रावण दहन संपन्न, समिति ने जताया आभार




रांची : रांची ग्रामीण श्री दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष तपेश्वर केशरी, कार्यकारी अध्यक्ष रमण साहु, कार्यकारी अध्यक्ष सतनारायण तिवारी एवं महामंत्री बीरेंद्र साहु ने बताया कि रांची ग्रामीण क्षेत्रों के 18 प्रखंडों में भक्ति, शक्ति, खुशी और शांतिपूर्ण वातावरण में दुर्गा पूजा, रावण दहन एवं रामायण पाठ का सफल आयोजन संपन्न हुआ। समिति ने इस सफल आयोजन के लिए राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, मुख्य सचिव, झारखंड के पुलिस महानिदेशक, जिला उपायुक्त, वरीय पुलिस अधीक्षक, ग्रामीण पुलिस अधीक्षक, अनुमंडल दंडाधिकारी रांची, अनुमंडल अधिकारी बुंडू, एडीएम लॉ एंड ऑर्डर, ग्रामीण क्षेत्रों के सभी पुलिस उपाधीक्षकगण, पुलिस निरीक्षक, थाना प्रभारी, 18 प्रखंडों के प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचल अधिकारी, रांची महानगर श्री दुर्गा पूजा समिति, सभी आयोजक संगठनों के पदाधिकारीगण तथा स्थानीय अखबार व प्रेस मीडिया बंधुओं के सकारात्मक सहयोग के प्रति आभार व्यक्त किया।

# आदिवासी सेंगेल अभियान ने किया पुतला दहन, कुर्मी समाज की आदिवासी दर्जे की मांग का किया विरोध

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**बोकारो :** आदिवासी सेंगेल अभियान के बैनर तले शुक्रवार को तुपकाडीह चौक पर कुर्मी समर्थक आदिवासी नेताओं के खिलाफ जोरदार विरोध प्रदर्शन किया गया। इस दौरान पुतला दहन कार्यक्रम आयोजित कर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन सहित कई आदिवासी विधायक और सांसदों को निशाने पर लिया गया।विरोध कार्यक्रम का नेतृत्व संगठन के बोकारो जिला संयोजक भीम मुर्मू ने किया, जबकि संगठन के बोकारो अध्यक्ष सह जोनल हेड सुखदेव मुर्मू ने कहा कि 20 सितंबर को कुर्मी/महतो समाज द्वारा किए गए ₹रेल टेका डहर छेका आंदोलन₹ का उद्देश्य आदिवासी दर्जा हासिल करना है, लेकिन कुर्मी महतो किसी भी दृष्टिकोण से आदिवासी नहीं हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि यह समाज केवल आरक्षण एवं संवैधानिक अवसरों का लाभ उठाने के लिए आदिवासी बनना चाहता है।उन्होंने कहा कि संविधान के अनुच्छेद 342 के तहत ही आदिवासी सूची में किसी भी जाति को शामिल करने की प्रक्रिया है। संताल, मुंडा, उरांव, खड़िया, पहाड़िया, भूमिज, बिरहोड़ जैसी जातियां ऐतिहासिक और सांस्कृतिक रूप से हमेशा आदिवासी रही हैं। आरक्षण और कानून विरोधी राजनीति के चलते कुर्मी समाज के नेताओं को आदिवासी बनाना आदिवासियों की भाषाई और सांस्कृतिक पहचान के लिए खतरा है।

**झामुमो और मुख्यमंत्री पर तीखे आरोप**

कार्यक्रम में झारखंड प्रदेश संयोजक करमचंद हांसदा ने आरोप लगाया कि वोटबैंक के लालच में झामुमो ने कुर्मी समाज को समर्थन देकर आदिवासी समाज को गुमराह किया। उन्होंने कहा कि 8 फरवरी 2018 को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व में 42 विधायक और 2 सांसदों ने कुर्मी महतो को आदिवासी सूची में शामिल करने की अनुशंसा केंद्र सरकार को भेजी थी। इसी के विरोध में आज बड़े स्तर पर पुतला दहन किया गया। इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने नारेबाजी करते हुए कहा - हेमंत सोरेन होश में आओ, हेमंत सोरेन मुदार्बाद, कुर्मी महतो को आदिवासी बनाना बंद करो।। उन्होंने चुनौती दी कि यदि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और आदिवासी विधायक-सांसद इस मुद्दे पर आदिवासी समाज का साथ नहीं देते तो जनता उनके आवास का घेराव करेगी।

**कई विधायक और सांसदों के पुतले जलाए**

प्रदर्शनकारियों ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन सहित लगभग 70 से अधिक विधायक और सांसदों का नाम लेकर पुतला दहन किया। इनमें आदिवासी आरक्षित सीटों से चुने गए तथा सामान्य सीटों से आने वाले सांसद और विधायक शामिल थे। प्रदर्शनकारियों ने सभी नेताओं पर आदिवासी समाज से विश्वासघात का आरोप लगाया।

## बोकारो को-ऑपरेटिव कॉलोनी में देह व्यापार का भंडाफोड़, दो गिरफ्तार

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बोकारो :** पुलिस ने शहर के को-ऑपरेटिव कॉलोनी में चल रहे एक अवैध देह व्यापार गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए दो लोगों को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक हरविंदर सिंह के निर्देश पर की गई, जिन्हें गुप्त सूचना मिली थी कि प्लॉट संख्या-155 में देह व्यापार का धंधा संचालित हो रहा है। इस सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए नगर पुलिस उपाधीक्षक आलोक रंजन के नेतृत्व में एक विशेष छापामारी दल गठित किया गया। टीम ने संध्या समय उक्त प्लॉट पर छापा मारा, जहां से शनि कुमार (उम्र 26 वर्ष, निवासी प्लॉट संख्या-155, को-ऑपरेटिव कॉलोनी, बोकारो) एवं निखत प्रवीण को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में शनि कुमार ने स्वीकार किया कि वह



कोलकाता से महिलाओं को बुलाकर अपने किराए के मकान में देह व्यापार करवाता था। निखत प्रवीण स्वयं इस कार्य में संलिप्त थी और अन्य महिलाओं को भी उपलब्ध करवाने में भूमिका निभाती थी। पुलिस ने घटनास्थल से आपत्तिजनक सामग्री भी जब्त की है, जिसमें विभिन्न ब्रांड के कुल 10 कंडोम, एक सैमसंग मोबाइल फोन शामिल हैं। मामले में बीएस सिटी थाना में अनैतिक व्यापार अधिनियम 1956 की धारा 3/4/5/6/7 के तहत प्राथमिकी संख्या 212/25 दर्ज की गई है।

## केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी को वॉकथॉन कार्यक्रम का निमंत्रण, टी-शर्ट का हुआ विमोचन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**झुमरी तिलैया :** आगामी 5 अक्टूबर को होने वाले वॉकथॉन कार्यक्रम के लिए केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी को मारवाड़ी युवा मंच झुमरी तिलैया एवं प्रेरणा शाखा की ओर से निमंत्रण दिया गया। इस अवसर पर उनके कर-कमलों से वॉकथॉन के लिए विशेष टी-शर्ट का विमोचन भी कराया गया। कार्यक्रम में उन्होंने अपनी उपस्थिति दर्ज कराने का आश्वासन दिया। इस दौरान विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा हुई। स्वच्छता पर विशेष जोर देते हुए मारवाड़ी युवा मंच के अध्यक्ष ने मंत्री से आग्रह किया कि नगर में वास्तविक स्वच्छता तभी संभव है जब कचरा एवं नालियों के पानी का वैज्ञानिक तरीके से प्रोसेस किया




जाए। इस संदर्भ में उन्होंने और सुझाव दिया गया कि नगर परिषद के अधिकारियों की एक टीम को इंदौर भेजकर वहां की आधुनिक सफाई पद्धति का प्रशिक्षण दिलवाया जाए। चर्चा के क्रम में एक सुझाव और भी दिया कि सरकारी योजनाओं के तहत होने वाले सभी निर्माण कार्यों की शिलापट पर दफकोड अनिवार्य किया जाए। इस दफ कोड को स्कैन कर आमजन को उस परियोजना से जुड़े विस्तृत विवरण जैसे - निर्माण की प्रक्रिया, एसओपी, निर्माण एजेंसी, लागत एवं अन्य संबंधित जानकारियां मिल सकें। अध्यक्ष ने यह भी बताया कि झुमरी तिलैया नगर का मास्टर प्लान तैयार करने वाली कंपनी को काफी पहले ही उसकी सॉफ्ट कॉपी उपलब्ध कराने हेतु नगरपालिका द्वारा अनुरोध किया गया था, लेकिन अब तक यह उपलब्ध नहीं हो पाया है।

## पुलिस की बड़ी कार्रवाई, ड्राई-डे पर भारी मात्रा में बियर और शराब बरामद




प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बोकारो :** पुलिस को शुक्रवार को उस समय बड़ी सफलता हाथ लगी जब हरला थाना क्षेत्र के सेक्टर-9 स्थित राजेंद्र मोड़ पर एक झोपड़ी से भारी मात्रा में बियर और शराब की खेप बरामद हुई। पुलिस अधीक्षक हरविंदर सिंह ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि दशहरा और गांधी जयंती को लेकर जिले में ड्राइ डे घोषित रहने के बावजूद अवैध रूप से शराब की बिक्री की जा रही है। जानकारी के बाद गठित टीम ने जब छापेमारी की तो मौके से मनोज वर्णवाल को गिरफ्तार कर लिया गया, जबकि उसका सहयोगी जीतेन्द्र कुमार मौके का फायदा उठाकर अंधेरे में फरार हो गया। पुलिस ने झोपड़ी से कई नामी ब्रांड की बियर और शराब जब्त की है, जिनकी कीमत हजारों रुपये बताई जा रही है। पुलिस का कहना है कि फरार आरोपी जितेंद्र कुमार की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी अभियान चलाया जा रहा है। वहीं जिले में ड्राई डे के दौरान शराब की तस्करी और बिक्री करने वालों पर कड़ी नजर रखी जा रही है।


**बरामद एवं जब्त सामान :-**

180 मिली आइकॉनिक व्हाइट की कुल 45 बोतल, 180 मिली रॉयल स्टैग प्राइम व्हिस्की कुल 09 बोतल, 500 मिलीलीटर किंगफिशर का कुल 20 कैन, 375 मिली स्टर्लिंग रिजर्व बी7 कुल 02 बोतल, 375 मि.ली. का ब्लेंडर प्राइड कुल 02 बोतल, 180 एमएल का एमसी डोनाल्ड नं 1 की कुल 04 बोतल, 180 एमएल स्टर्लिंग बी7 कुल 04 बोतल, 750एमएल आइकोनिक की कुल 02 बोतल, 750 एमएल ब्लेंडर प्राइड की कुल 02 बोतल,500 मि.ली. किंगफिशर का 04 पेटी कुल 96 कैन, 750 मिली किंगफिशर की बोतल कुल 42 बोतल, 300 मील का गैबलिन शराब कुल 07 बोतल छापामारी दल में सिटी डीएसपी आलोक रंजन, धन्नजय कुमार सहित कई पुलिसकर्मी मौजूद रहे ।

## तिलैया थानान्तर्गत रेलवे का लोहा चोरी करते हुए एक आरोपी गिरफ्तार

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**कोडरमा :** पुलिस अधीक्षक कोडरमा द्वारा जिले में चोरी की घटना पर रोकथाम लगाने तथा घटित चोरी की घटना का उद्भेदन हेतु सभी थाना प्रभारी, गस्ती, पी0सी0आर0, पैंथर आदि को सजग होकर ड्यूटी करने एवं संदिग्ध व्यक्तियों से पुछताछ करने हेतु आवश्यक निर्देश दिया गया है। इसी क्रम में तिलैया थाना के गस्ती दल द्वारा रेवले ओवर ब्रिज के सामने हनुमान मंदिर के पास एक व्यक्ति को उजला रंग का प्लास्टिक के बोरा में कुछ ले जाते हुए पाया गया। गस्ती पदाधिकारी को संदेह होने पर उसे पुछताछ करने हेतु रोकना चाहा तो वह व्यक्ति पुलिस को देखकर भागने लगा, परन्तु सशस्त्र बल द्वारा उसे पकड़ लिया गया। पकड़कर उनका जांच किया गया तो प्लास्टिक के बोरे में 05 लोहे का एंगल पाया गया। इनसे पुछताछ करने पर इनके द्वारा बताया



गया ये कोडरमा रेलवे स्टेशन पर रहते है तथा लोहा का एंगल बराबर चोरी करते है। कोडरमा रेलवे स्टेशन पर सेंटरिंग का काम चल रहा है, सेंटरिंग में लगे पुराना लोहा को चोरी करते है। इस संबंध में तिलैया थाना काण्ड संख्या-301/25 दर्ज कर अग्रतर कार्रवाई की जा रही है।

गिरफ्तार अभियुक्तः-
मथुरा मांझी , पिता-गंदोरी मांझी, ग्राम-गोल बिगहा, थाना-टनकुप्पा, जिला-गया।

## राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर माल्यार्पण कार्यक्रम का हुआ आयोजन



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बोकारो :** 02 अक्टूबर को पूरे देश में राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर




शास्त्री की जयंती के तौर पर मनाया जाता है। इस अवसर पर सेक्टर-4 तथा सेक्टर-6 में आयोजित अलग अलग कार्यक्रमों के दौरान बीएसएल की अधिशासी निदेशक सुश्री राजश्री बनर्जी, अधिशासी निदेशक विकास मनवटी, अधिशासी निदेशक सी आर मिश्रा, अधिशासी निदेशक प्रिय रंजन, बी जी एच के प्रभारी डॉ बी बी करुणामय ने राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इस मौके पर बीएसएल के वरीय अधिकारी तथा शहर के गणमान्य ब्यक्ति उपस्थित थे। अधिशासी निदेशक सुश्री राजश्री बनर्जी तथा अधिशासी निदेशक प्रिय रंजन ने अपने सम्बोधन में कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी को सत्य, अहिंसा और सामाजिक न्याय के प्रति उनके समर्पण के लिए याद किया जाता है तथा गांधी जी सेवा और करुणा की शक्ति में विश्वास रखते थे और लोगों को सशक्त बनाने के लिए इसे जरूरी मानते थे।

## एक नजर

### बारिश ने बिगाड़ा मेले का रौनक, दुकानदारों का भारी नुकसान



**सतगावां :** प्रखंड में हो रहे रुक-रुक के बारिश ने दशहरे मेले के रौनक को फीका कर दिया है। एक ओर लोग मेला घूमने की तैयारी में थे वहीं अचानक हुई तेज बारिश ने आयोजकों एवं दुकानदारों और मेल प्रेमियों की उम्मीद पर पानी फेर दिया ।बे मौसम बारिश के चलते मेले में जगह-जगह कीचड़ और जल जमाव की स्थिति बन गई हैं जिसे आने जाने वाले लोगों में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है । खिलौने खाने पीने के सामान बेचने वाले अस्थाई दुकानदार परेशान नजर आए झूले दुकानों और खाने पीने वाले स्टॉल पर भीड़ पहले जैसी नहीं दिख रही है ।कई लोग परिवार के साथ मेला घूमने तो आए लेकिन बारिश और कीचड़ के कारण ज्यादा देर रुक नहीं पाए छोटे व्यापारी और अस्थाई दुकानदार भी ग्राहक कम आने से मायूस दिख रहे हैं । बच्चे के लिए झूले और खिलौने का आनंद भी बारिश ने बिगाड़ दिया। मौसम ने दशहरा मेला का रौनक फीका कर दिया। कई दुकानदारों ने बताया कि वे भारी लागत लगाकर दुकान सजाकर बैठे थे लेकिन बारिश ने बिक्री पर बुरा असर डाला है ।इधर मिले को देखनेआए लोग भी मायूस नजर आए मेला घूमने आए श्रद्धालुओं ने बताया कि अपने पूरे परिवार के साथ मेला घूमने आए थे लेकिन अचानक बारिश होने लगी लोगों का कहना है कि थोड़ी देर इंतजार करेंगे और अगर बारिश नहीं रुकी तो वापस घर चले जाएंगे। मौसम का यह रुख पूरी तैयारी पर भारी पड़ गया और इधर बारिश के बावजूद स्थानीय प्रशासन सुरक्षा को लेकर नजर आ रहे हैं।

### संतोष मेहता को अपराधियों द्वारा गोली मारने के मामले में दो हिरासत में




**कोडरमा:** नवलशाही थाना क्षेत्र के फुलवरिया गांव में गुरुवार की शाम अपराधियों ने फायरिंग कर दहशत फैला दी। अपराधियों ने फुलवरिया निवासी संतोष मेहता को निशाना बनाते हुए गर्दन में गोली मार दी और मौके से फरार हो गए। गोली लगने से संतोष गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें रांची रेफर किया गया, जहां उनका इलाज जारी है। घटना की सूचना पर नवलशाही पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दो संदिग्धों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है।

### शौडिंक समाज ने बड़े धूमधाम से मनाया डांडिया महोत्सव



**बोकारो:** सेक्टर-2 स्थित मां अंबे गार्डन में शौडिंक समाज की ओर से भव्य डांडिया महोत्सव का आयोजन किया गया। इस अवसर पर समाज के करीब 200 परिवारों ने शामिल होकर डांडिया नृत्य का भरपूर आनंद उठाया।कार्यक्रम में चास के रफ डांस ग्रुप ने रंगारंग प्रस्तुति दी, वहीं शौडिंक समाज की महिलाओं ने भी ग्रुप के साथ जमकर डांडिया नृत्य कर माहौल को उत्सवमय बना दिया। संगीत और ताल की लय पर बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक सभी ने इस गरबा-डांडिया की रात का आनंद लिया। महोत्सव के सफल आयोजन में विश्वजीत, सुमन जी, सुधीर कुमार, मुकुल कुमार, देवराज, सुनील चौधरी, मुकेश कुमार, विश्वनाथ गुप्ता और नीरज कुमार की अहम भूमिका रही।

## संक्षिप्त खबरें

### गांधी जयंती के अवसर पर मंडल कारा में जेल अदालत का हुआ आयोजन



**कोडरमा :** झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार रांची के निर्देश के आलोक में जिला विधिक सेवा प्राधिकार कोडरमा के तत्वावधान में गांधी जयंती के अवसर पर मंडल कारा कोडरमा में जेल अदालत सह विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इसके अलावा जिला स्वास्थ्य विभाग की ओर से मंडल कारा कोडरमा में स्वास्थ्य जांच शिविर का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत में महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री की तस्वीर पर माल्यार्पण किया गया। शिविर को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी ज्योत्सना पाण्डेय ने कहा कि जेल में आने वाला हर बंदी अपराधी नहीं होता। बंदियों को अपराध की दुनिया से निकलकर समाज की मुख्य धारा में शामिल होना चाहिए, ताकि आने वाले दिनों में वह स्वच्छ समाज के निर्माण में अपनी अहम भागीदारी सुनिश्चित कर सकें। शिविर को संबोधित करते हुए सुश्री ज्योत्सना पाण्डेय ने कहा कि हमें अपराध से नफरत करना चाहिए अपराधियों से नहीं ।उन्होंने प्ली बारगेनिंग की जानकारी देते हुए कहा कि कोई भी बंदी प्ली बारगेनिंग के तहत दोष स्वीकार कर अपनी सजा कम करा सकते हैं । उन्होंने कहा कि महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री के जीवनादर्शों को अपने जीवन में अपनाने की कोशिश करनी चाहिए, यही आज के दिवस की यही सार्थकता होगी। अपने संबोधन में एलएडीसीएस के अधिवक्ता नवल किशोर, किरण कुमारी, राजेन्द्र मंडल व अरूण कुमार ओझा ने बंदियों के अधिकारों से संबंधित कई महत्वपूर्ण कानूनी प्रावधानों की जानकारी दी। इस अवसर पर जेल अदालत का भी आयोजन किया गया ,परंतु किसी भी बंदी द्वारा कोई आवेदन नहीं दिए जाने के कारण किसी भी अपराधी को रिहा नहीं किया जा सका। मौके पर न्यायालय कर्मी रणजीत कुमार सिंह,सहायक जेलर अभिषेक कुमार, उपेन्द्र कुमार जेलकर्मी मोहम्मद मोइनुद्दीन पी एल वी पाण्डेय शेखर प्रसाद, निक्की कुमार सहित अन्य कई लोग मौजूद थे।

### जिला नया सदन में अवस्थित महात्मा गांधी जी के प्रतिमा पर किया गया माल्यार्पण



**कोडरमा :** गांधी जयंती के अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकार के तत्वावधान में कोडरमा न्यायमंडल में अवस्थित जिला न्याय सदन कोडरमा में स्थापित गांधी जी के प्रतिमा पर माल्यार्पण का कार्यक्रम किया गया। इस अवसर पर न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी ज्योत्सना पाण्डेय ने गांधी जी की तस्वीर पर माल्यार्पण किया। इस अवसर पर ज्योत्सना पांडेय ने कहा कि महात्मा गांधी हमारे देश के एक ऐसे महान विभूति थे जिनके सत्य और अहिंसा की बदौलत आज हम स्वतंत्र भारत के नागरिक कहलाने का गौरव प्राप्त कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि हमें महात्मा गांधी के जीवन आदर्शो को अपने जीवन में अपनाने की आवश्यकता है और यही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। जिला विधिक सेवा प्राधिकार के कर्मी रणजीत कुमार सिंह ने भी महात्मा गांधी जी की तस्वीर पर माल्यार्पण किया। मौके पर फ्रंट ऑफिस के पी एल वी पाण्डेय शेखर प्रसाद व निक्की कुमार सहित अन्य लोग मौजूद थे।

### रूपायडीह में गांधी जयंती के शुभ अवसर पर मुखिया गणपत यादव ने पंचायत वासियों को सौंपा एम्बुलेंस



**जयनगर:** प्रखंड के रूपायडीह में गांधी जयंती के अवसर पर गांधी के प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष की गांधी जयंती मनाया गया। मौके पर जिला परिषद सदस्य केदारनाथ यादव स्थानीय पंचायत के मुखिया गणपत यादव तथा अन्य गणमान्यों के द्वारा गांधी जी के तस्वीर पर फूल माला अर्पित किया गया। इस अवसर पर स्थानीय पंचायत के मुखिया गणपत यादव ने पंचायत वासियों के लिए एंबुलेंस सेवा का शुरूआत हरि झंडी दिखाकर किया। उन्होंने पंचायत वासियों को एंबुलेंस समर्पित किया। मौके पर उन्होंने कहा कि पंचायत चुनाव में इन्होंने वायदा किया था कि यदि इनकी जीत होती है तो पंचायत वासियों के लिए एंबुलेंस सेवा प्रारंभ करेंगे और एंबुलेंस सौंपेंगे और आज उन्होंने अपने वचन का पालन करते हुए पंचायत वासियों के लिए एंबुलेंस लाकर दिया।उन्होंने कहा कि यह सेवा अन्य पंचायत के लोगों के लिए भी जरूरत पड़ने पर उपलब्ध किया जाएगा। सेवा शुल्क बिल्कुल सरकारी सेवा की तरह लिया जाएगा ताकि एंबुलेंस का खर्च और ड्राइवर का खर्च निकल सके। मौके पर जिला परिषद सदस्य केदारनाथ यादव ने गणपत यादव को बधाई देते कहा कि उन्होंने अपने वचन को निभाया है और पंचायत वासियो के लिए नेक कार्य किया है। इससे लोगों को भी प्रेरणा मिलेगा अन्य जनप्रतिनिधि लोग भी आगे बढ़कर जन सेवा में अपनी भागीदारी निभाएंगे।

### एसडीपीओ सहित पुलिस के अन्य अधिकारियों व जवानों ने उनके पार्थिव शरीर पर पुष्प अर्पित कर दी श्रद्धांजलि



**कोडरमा:** जिले के चंदवारा पुलिस लाइन में दो दिन पूर्व निलंबित पुलिस जवान द्वारा सल्फास खा कर आत्महत्या कर लेने का मामला अब तूल पकड़ने लगा है। मृतक पुलिस जवान मंसूर आलम का शव बुधवार की देर रात कोडरमा पहुंचा और सुबह उसके पार्थिव शरीर को श्रद्धांजलि देने हेतु चंदवारा के पुलिस लाइन ले जाया गया। जहां उसकी आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन धारण किया गया। वहीं जिले के पुलिस कप्तान अनुदीप सिंह, मुख्यालय डीएसपी रतिभान सिंह, एसडीपीओ अनिल कुमार सिंह सहित पुलिस के अन्य अधिकारियों व जवानों ने उनके पार्थिव शरीर पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। बताते चलें कि मृतक पुलिसकर्मी जो कि पुलिस विभाग में चालक के पद पर कार्यरत था, वो पिछले 3 माह से निलंबित भी था। कार्य में लापरवाही और शराब के नशे में ड्यूटी करने के आरोपों को लेकर उसपर निलंबन किए जाने की बात मुख्यालय डीएसपी ने कही थी। इधर आत्महत्या से पूर्व मंसूर आलम ने एक वीडियो जारी किया था। जिसमें उनके द्वारा जयनगर थाना प्रभारी बबलू सिंह, एइसआई अरविंद हांसदा व डोमचांच थाना प्रभारी ओम प्रकाश यादव तथा सपही पिकेट प्रभारी पर उनके खिलाफ झूठा आरोप लगाकर निलंबन का आरोप लगाया गया था।

# शांति एवं सौहार्द वातावरण में संपन्न हुआ नवरात्र एवं दशहरा त्यौहार, सुरक्षा का पुख्ता इंतजाम

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बरही :** बरही में शारदीय नवरात्र एवं विजय दशमी का पर्व श्रद्धा एवं सद्भाव के साथ मनाया गया। पिछले नौ दिनों से चला आ रहा नवरात्र बुधवार को सम्पन्न हो गया। वही दशहरा सह विजय दशमी का पर्व गुरुवार को भक्ति भाव के साथ सम्पन्न हो गया। विभिन्न पूजा पंडालों में श्रद्धालुओं की काफी भीड़ देखी गई। बरही का गया रोड में बना पंडाल सहित पटना रोड, धनबाद रोड का पूजा पंडाल आकर्षण का केंद्र बना रहा। कही से कोई अप्रिय घटना नहीं घटी। हालांकि सुरक्षा के मद्देनजर बरही प्रशासन मुस्तैद दिखा। एसडीओ जोहान टुड्डू, एसडीपीओ अजीत कुमार बिमल, थाना प्रभारी इंस्पेक्टर विनोद कुमार, सर्किल इंस्पेक्टर चंद्रशेखर कुमार लगातार गस्त लगाते दिखे। प्रशासन के गाइड लाइन का पालन करते हरेक पूजा कमेटी के लोग दिखे। भीड़ को नियंत्रित करने के लिए पर्याप्त संख्या में पुलिस बल की तैनाती की गई थी। इधर विजय दशमी सह दशहरा के अवसर पर धनबाद रोड पूजा कमेटी की ओर से गुरुवार को रावण दहन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। बतौर मुख्य अतिथि विधायक मनोज कुमार यादव शामिल हुए। वहीं रावण दहन के कार्यक्रम की देखने के लिए प्रखंड मैदान में करीब पांच हजार से भी अधिक लोग पहुंचे। वहीं विधायक ने विधिवत रूप से रावण, कुंभकर्ण और मेघनाथ के पुतला को दहन किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि असत्य केवल कुछ समय के लिए हावी हो सकता है, लेकिन अंत में सत्य की ही जीत होती है। रावण दहन के साथ उन्होंने लोगों के बीच यह संदेश दिया कि हमे अपने जीवन में सत्य और धर्म का पालन करना चाहिए, क्योंकि यही भगवान श्रीराम का सिखाया हुआ मार्ग है। इधर बिजैया में भी रावण दहन का कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। कांग्रेस एसी सेल के प्रदेश अध्यक्ष केदार पासवान, पूर्व जिप प्रतिनिधि मो क्यूम सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने फीता काटकर रावण दहन कार्यक्रम का उद्घाटन किया। नवरात्र एवं विजय दशमी के अवसर पर विधायक मनोज कुमार यादव, कांग्रेस नेता अरुण साहू, समाजसेवी अविनाश आर्या चंद्रवंशी,जिप उपाध्यक्ष किशुन यादव, रमेश ठाकुर, भाजपा गणेश यादव, एनसीपी नेता महेश ठाकुर, केदार पासवान, जे एल के एम नेता कृष्णा यादव, झामुमो नेता बिनोद विश्वकर्मा, भाजपा नेता सुनील साहू, पूनम यादव आदि ने शुभकामनाएं दी है।

## एक नजर

### श्री दुर्गा पूजा समिति के द्वारा डांडिया का किया गया आयोजन



**कोलेबिरा :** प्रखंड में डांडिया नाईट का आयोजन प्रखंड मुख्यलय स्थित श्री दुर्गा पूजा समिति के द्वारा श्री दुर्गा पूजा पंडाल परिसर में गुरुवार रात डांडिया का आयोजन किया गया। इस आयोजन में सैकड़ों की संख्या में महिलाएं एवं बालिकाएं शामिल हुई। डांडिया के इस मौके पर पूजा समिति के अध्यक्ष अशोक इंदवार, उपाध्यक्ष चंदन कुमार के द्वारा बेहतरीन डांडिया प्रदर्शन करने वाले नैन्सी ग्रुप को पुरस्कृत कर सम्मानित किया गया। मौके पर मुख्य रूप से अध्यक्ष अशोक इंदवार, उपाध्यक्ष चंदन कुमार, उपाध्यक्ष विक्रांत गोस्वामी, सचिव पारसनाथ सिंह, कोषाध्यक्ष सुनील द्विवेदी, आशीष कुमार, चंदन सिंह, मनीष दास, आयुष कुमार, सहित सैकड़ों लोग शामिल रहे।

### जलडेगा में धुमधाम एवं हर्षोल्लास के साथ विसर्जन जुलूस निकाला गया



**जलडेगा :** प्रखंड में श्री दुर्गा मंदिर से श्री दुर्गा पूजा के समापन पश्चात शुक्रवार को धुमधाम एवं हर्षोल्लास के साथ विसर्जन जुलूस निकाला गया, सर्वप्रथम मां के विभिन्न जयकारों के साथ मां दुर्गा के प्रतिमाओं के साथ भगवान गणेश, कार्तिकेय, मां लक्ष्मी, मां सरस्वती के प्रतिमाओं को वाहनों में विराजमान कर गाजे बाजे एवं नाचते गाते हुए विसर्जन जुलूस निकाला गया, जो श्री दुर्गा मंदिर से होते हुए थाना चौक, मुख्य पथ होते हुए विभिन्न मार्गों से ब्लॉक चौक होते हुए सिंह तालाब पहुंचे, जहां पुरोहित पंडित अरूण कुमार मिश्रा, चंदन मिश्रा के पुजा अर्चना, क्षमा प्रार्थना एवं अंतिम आरती के बाद प्रतिमाओं को जल में विसर्जित कर दिया गया तथा प्रसाद का वितरण किया गया तत्पश्चात रात्रि 9 बजे के करीब रावण कुंभकर्ण पुतला दहन का कार्यक्रम आयोजित हुए, जहां हजारों की संख्या में दर्शकगण मौजूद रहे। इस दौरान सुरक्षा के दृष्टिकोण से थाना प्रभारी जितेंद्र कुमार सहित पुलिस के जवान मौजूद रहे, इस दौरान रामावतार अग्रवाल, महेश साहु, हेमशरण सिंह, सुबास साहु, महाप्रसाद सिंह, अघना खड़िया, विश्वनाथ साहु, पन्ना लाल साहु, जसवंत साहु, नंदकिशोर सिंह, संतोष सिंह, हेमशरण सिंह, ढोलो सिंह, अमित गोयल, नरेश गोयल, संजय अग्रवाल, मदन सरकार, मोतीलाल ओहदार,जोगेशवर बिंझींया सहित स्थानीय ग्रामीणों का सहारणीय योगदान रहा।

### सिंदूर खेला के साथ मां दुर्गा को दी गई विदाई



**सिल्ली/मुरी :** विजयादशमी के शुभ अवसर पर सिल्ली मुरी आसपास के क्षेत्रों में महिलाओं ने सिंदूर खेला के साथ पारंपरिक रस्म निभाते हुए नम आंखों के साथ मां दुर्गा को विदाई देते हुए उनसे अखंड सौभाग्य का वर मांगा साथ ही सुख,शांति और सौभाग्य की कामना के साथ मां दुर्गा से निवेदन किया कि आप अगले साल ऐसे ही फिर आए और सभी पृथ्वी वासी को खुशहाली लाए। सिंदूर खेला के पश्चात महिलाओं ने बताया कि एक दूसरे को सिंदूर लगाकर मां दुर्गा से अपने सुहाग की लंबी उम्र की कामना करती है।वहीं दूसरी ओर कई स्थानों पर श्रद्धालुओं ने माता की प्रतिमा का विसर्जन भी किया। विसर्जन के दौरान काफी संख्या में महिलाएं,बच्चे एवं युवा शामिल रहे। इसी क्रम में लगाम पूजा समिति की ओर से रावण दहन का कार्यक्रम भी आयोजित किया गया।

## सरिया में धूमधाम से नया सिनेमा हॉल उद्घाटन केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने किया फीता कटाई

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**सरिया :** सरिया बाजार में गुरुवार को एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जहां नया 'छोटू महाराज सिनेमा हॉल' के साथ-साथ रेस्टोरेंट और मैरिज हॉल का उद्घाटन हुआ। सर्वप्रथम आए हुए सभी अतिथियों का स्वागत तीनों प्रतिष्ठानों के मालिक राजेश जैन ने किया। इस एक ही परिसर में बने इन सुविधाओं का शुभारंभ केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने फीता काटकर किया, जिससे स्थानीय लोगों में उत्साह की लहर दौड़ गई। कार्यक्रम में पूर्व सांसद डॉ. रविंद्र राय, वर्तमान बगोदर विधायक नागेंद्र महतो तथा पूर्व विधायक विनोद कुमार सिंह भी विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।उद्घाटन समारोह में सरिया के सभी गणमान्य व्यक्ति शामिल हुए। स्थानीय बीडीओ ललित नारायण तिवारी, अंचल अधिकारी संतोष कुमार, जिला परिषद उपाध्यक्ष छोटे लाल यादव, सरिया प्रमुख प्रीति कुमारी, अनूप पांडे, आशीष कुमार बॉर्डर, शत्रुघ्न मंडल, विकाश जैन, प्रमोद अग्रवाल, मनोहर लाल बग्गा, नंदलाल मंडल, नीरज अग्रवाल सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि और सामाजिक कार्यकर्ता मौजूद रहे। इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने स्थानीय विकास पर जोर देते हुए कहा कि ऐसे आधुनिक सुविधाएं सरिया जैसे क्षेत्रों को नई ऊंचाइयों पर ले जाएंगी। कार्यक्रम के बाद केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी सरिया बाजार स्थित प्रसिद्ध भगला काली मंडा पहुंचीं, जहां उन्होंने मां दुर्गा के दर्शन किए। मंदिर पहुंचते ही काली मंडा ट्रस्ट के सदस्यों ने उनका पारंपरिक स्वागत किया।

## सफाई कर्मी का सम्मान: भाजपा नेता छोटू मंडल के आवास पर कार्यक्रम का हुआ आयोजन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**सरिया :** शुक्रवार को सरिया के केसवारी रोड स्थित भाजपा नेता हेमलाल मंडल उर्फ छोटू मंडल के नवनिर्मित आवास में एक भावपूर्ण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सरिया नगर पंचायत में कार्यरत सभी सफाई कर्मी को स्थानीय पत्रकारों द्वारा माला पहनाकर और मिठाई का डिब्बा भेंटकर सम्मानित किया गया। यह कार्यक्रम सफाई कर्मियों के अथक परिश्रम और समाज सेवा की सराहना करने का एक छोटा सा प्रयास था, जो स्वच्छ भारत अभियान के संकल्प को मजबूत करने में सहायक सिद्ध हुआ।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भाजपा नेता छोटू मंडल ने कहा कि सफाई कर्मी समाज के असली नायक हैं, जो बिना किसी शोर-शराबे के शहर को स्वच्छ और स्वस्थ बनाए रखते हैं। उन्होंने सभी सफाई कर्मियों से अपील की कि वे अपने कार्य में और अधिक उत्साह के साथ योगदान दें, ताकि सरिया एक आदर्श स्वच्छ शहर के रूप में जाना जाए। मंडल ने यह भी जोर दिया कि ऐसे सम्मान कार्यक्रमों से न केवल कर्मियों का मनोबल बढ़ता है, बल्कि समुदाय में सफाई के प्रति जागरूकता भी फैलती है। कार्यक्रम की समाप्ति पर सभी सफाई कर्मियों को छोटू मंडल की ओर से स्वादिष्ट भोजन कराया गया, जिससे माहौल और भी हर्षोल्लासपूर्ण हो गया। इस कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ पत्रकार संदीप सर्वे ने कुशलतापूर्वक किया, जो अपनी सहज शैली से सभी को जोड़े रखा।मौके पर उपस्थित व्यक्तिःगोपाल वर्मा, कंचन देवी, मनोज मंडल, अरुण यादव, कृष्ण कुमार, विजय पासवान समेत बड़ी संख्या में स्थानीय निवासी और सामाजिक कार्यकर्ता मौजूद थे।

## विजयदशमी के पावन अवसर पर बोलबा के रेंगारबहार में हुआ रंगारंग कार्यक्रम



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बोलबा :** विजयदशमी के पावन अवसर पर बोलबा प्रखंड अंतर्गत अवगाह में भव्य एवं रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि भारत आदिवासी पार्टी के जिला अध्यक्ष अमृत चिराग तिर्की एवं विशिष्ट अतिथि जिला महासचिव एलेक्स जॉनसन केरकेट्टा ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। अपने संबोधन में मुख्य अतिथि अमृत चिराग तिर्की ने विजयदशमी के धार्मिक, सांस्कृतिक और सामाजिक महत्व पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा कि यह पर्व अच्छाई की बुराई पर विजय का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि जैसे भगवान श्रीराम ने रावण का वध कर अन्याय, अधर्म और अहंकार का अंत किया, वैसे ही आज समाज में फैली बुराइयों को समाप्त करना ही सच्चे दशहरा का अर्थ है। उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार, नशाखोरी, महिला उत्पीड़न और सामाजिक असमानता जैसे आधुनिक रावण आज समाज को खोखला कर रहे हैं। इन बुराइयों को दूर करने के लिए हम सभी को एकजुट होकर संघर्ष करना होगा। तिर्की ने खासतौर पर महिलाओं की सुरक्षा और सम्मान पर जोर देते हुए कहा कि माता दुर्गा की तरह हर महिला शक्ति और प्रेरणा की प्रतीक है। उन्हें सुरक्षा और सम्मान देना समाज का प्रथम कर्तव्य होना चाहिए। जिला अध्यक्ष ने आगे कहा कि दशहरा केवल धार्मिक उत्सव नहीं बल्कि आत्ममंथन का अवसर है। हमें अपने भीतर छिपे अहंकार, ईर्ष्या और नफरत जैसे अंतर्राष्ट्रीय रावण को भी हराना होगा। अमृत चिराग तिर्की ने अपने भाषण में लोगों को आगामी 2 अक्टूबर गांधी जयंती एवं लाल बहादुर शास्त्री जी की जयंती की शुभकामनाएं भी दीं। उन्होंने कहा कि महात्मा गांधी का सत्य और अहिंसा का मार्ग तथा शास्त्री जी का जय जवान, जय किसान का नारा आज भी समाज के लिए दिशा दिखाने वाला है। इस दिन हमें उनके आदर्शों को आत्मसात करने का संकल्प लेना चाहिए। विशिष्ट अतिथि एलेक्स जॉनसन केरकेट्टा ने भी सभा को संबोधित करते हुए कहा कि विजयदशमी सामाजिक समरसता, एकता और सद्भाव का प्रतीक है। उन्होंने युवाओं से अपील की कि वे समाज निर्माण में सकारात्मक भूमिका निभाएं।

## डीसी एवं एसपी ने किए विसर्जन तालाब का निरीक्षण

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**सिमडेगा :** शुक्रवार को दुर्गा पूजा प्रतिमा विसर्जन को लेकर उपायुक्त सिमडेगा कंचन सिंह एवं पुलिस अधीक्षक एम. अर्शी ने नगर परिषद स्थित डिप्टी टोली विसर्जन तालाब का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने सुरक्षा और सुविधा संबंधी तैयारियों का जायजा लिया तथा पूजा पंडाल समिति के सदस्यों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उपायुक्त ने स्पष्ट कहा कि प्रतिमा विसर्जन केवल रैम्प के माध्यम से किया जाए। श्रद्धालु पानी में न उतरें और न ही गहराई में जाएं, ताकि किसी प्रकार की अप्रिय घटना से बचा जा सके। उन्होंने नगर परिषद प्रशासक पदाधिकारी को तालाब परिसर में पर्याप्त रोशनी, गोताखोरों की व्यवस्था और पानी की गहराई तक किसी के न जाने के लिए रस्सी से बैरिकेडिंग सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। साथ ही पंडाल समितियों से कहा गया कि विसर्जन स्थल पर भीड़ नियंत्रण के लिए दो से तीन सदस्यों की प्रतिनियुक्ति की जाए। ये सदस्य विसर्जन प्रक्रिया पर नजर रखेंगे और यह सुनिश्चित करेंगे कि एक बार में कितने लोग मूर्ति विसर्जन कर रहे हैं। अधिकारियों ने समय-पालन पर भी जोर दिया और कहा कि जुलूस को समय पर निकालकर निर्धारित समय पर तालाब तक पहुंचाना आवश्यक है, जिससे विसर्जन शांतिपूर्ण और सुरक्षित ढंग से संपन्न हो सके। विदित हो कि आज सिमडेगा के सभी पूजा पंडालों में स्थापित मां दुर्गा की प्रतिमाओं का विसर्जन किया जाएगा। शाम से भव्य शोभायात्रा निकालकर प्रतिमाओं को विसर्जन तालाब तक पहुंचाया जाएगा। निरीक्षण के दौरान अनुमंडल पदाधिकारी, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, नगर परिषद प्रशासक पदाधिकारी, सिटी मैनेजर, दुर्गा पूजा समिति के सदस्यगण एवं अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# मास्टर कप टूर्नामेंट ने साबित कर दिया कि रिटायरमेंट फाइलों में होती है, मैदान में नहीं : विधायक

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**सिमडेगा :** जिले के एस्टोटर्फ.हॉकी स्टेडियम में 40 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के खिलाड़ियों के लिए आयोजित १२३ पुरुष हॉकी सिमडेगा मास्टर्स कप 2025 का समापन किया गया। पाँच दिवसीय इस ऐतिहासिक प्रतियोगिता के फाइनल में रेंगारी की टीम ने मरियमपुर को 3-1 से हराकर चैंपियन बनने का गौरव प्राप्त किया। तीसरे स्थान के लिए हुए मुकाबले में बांसपहार कोचेडेगा ने सिमडेगा पूर्वी को पराजित किया। मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में विधायक भूषण बाड़ा एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में डीसी कंचन सिंह, एसपी एम अर्शी मौजूद थे। अतिथियों ने विजेता टीम को नगद 10,000 रू, ट्रॉफी और टी-शर्ट, उपविजेता को 5,000 रू, ट्रॉफी और टी-शर्ट तथा तृतीय स्थान प्राप्त टीम को 2,500 रू और ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। प्रतियोगिता की खासियत यह रही कि इसमें 45 से 70 वर्ष आयु वर्ग तक के खिलाड़ियों ने भाग लिया। 1971 भारत-पाक युद्ध के योद्धा थेवोदर मिंज (75 वर्ष) सहित कई दिग्गजों और अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ियों की उपस्थिति ने टूनामेंट को ऐतिहासिक बना दिया।मौके पर जिला विधायक प्रतिनिधि एजाज अहमद, विधायक प्रतिनिधि शकील अहमद, अख्तर खान हॉकी सिमडेगा के मनोज कोंनबेगी सहित कई लोग मौजूद थे।

**उम्र बढ़ने पर बाल सफेद होने पर भी खेल के मैदान में बनाये रखें जोशः भूषण बाड़ा**

मौके पर विधायक भूषण बाड़ा ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा यह टूनामेंट साबित करता है कि खेल उम्र से परे है। 40 से 70 वर्ष तक के खिलाड़ियों को मैदान में पूरे जोश के साथ खेलते देखना गर्व की बात है। यह आयोजन सिमडेगा की खेल संस्कृति को नई दिशा देगा। इस टूनामेंट ने साबित कर दिया कि रिटायरमेंट फाइलों में होती है। मैदान में नहीं। उन्होंने कहा कि सिमडेगा की मिट्टी सच में खेलों की नर्सरी है। यहां खिलाड़ी ऐसे पैदा होते हैं जैसे खेत में धान की फसल। इस प्रतियोगिता ने फिर साबित कर दिया है कि हमारा हॉकी का खून कभी पतला नहीं हो सकता, चाहे उम्र कितनी भी हो जाए। विधायक ने कहा कि उम्र बढ़ने पर बाल सफेद हो सकते हैं, लेकिन खेल के मैदान में दिल हमेशा हरा रहना रखें। उन्होंने कहा कि हॉकी सिमडेगा लगातार यह संदेश दे रही है कि खेल केवल स्वास्थ्य और अनुशासन नहीं सिखाता, बल्कि समाज को जोड़ने और सकारात्मक ऊर्जा देने का सबसे बड़ा माध्यम है।

**हॉकी हमें टीम भावना सिखाती है : डीसी**

वहीं डीसी कंचन सिंह ने खिलाड़ियों को बधाई देते हुए कहा कि 40 वर्ष से अधिक आयु वर्ग का यह पहला आयोजन ऐतिहासिक है। खिलाड़ियों का जोश और ऊर्जा देखकर यह स्पष्ट है कि खेल की भावना उम्र बढ़ने के साथ भी जीवित रहती है। उन्होंने कहा कि हॉकी हमें टीम भावना सिखाती है। हमें समाज में भी एक-दूसरे के साथ मिलकर आगे बढ़ना चाहिए। डीसी ने गांधी जयंती, लाल बहादुर शास्त्री जयंती और दशहरा पर्व का उल्लेख करते हुए कहा कि इन अवसरों से सद्भाव, समता और अच्छाई की विजय का संदेश मिलता है।

## संक्षिप्त खबरें

### पटमदा और बोड़ाम में नम आंखों ने दी माता दुर्गा को विदाई, महिलाओं ने खेला सिंदूर



**पटमदा :** शारदीय नवरात्र में श्रद्धालुओं के द्वारा माता दुर्गा की मूर्ति स्थापना पर कई पंडालों में धूमधाम से पूजा अर्चना की गई।आरती उतारकर माता के नौ रूपो की श्रद्धा भक्ति के साथ पूजन किया गया। श्री श्री सार्वजनिक दुर्गा पूजा कमिटी कुलटांड और बनवासी कल्याण केंद्र जमशेदपुर के द्वारा कुलटांड़ में कन्यापूजन का आयोजन किया गया। कन्यापूजन में पूर्व मंत्री रामचंद्र सहिस ने कुंवारी कन्याओं का श्रृंगार कर पूजा अर्चना की। वही सभी कन्याओं को खिचड़ी महाप्रसाद परोसकर खिलाया।इधर बनवासी कल्याण केंद्र के रामनाथ सिंह ने बताया कि हजारों कन्याओं का कमिटी के द्वारा पूजन कर वस्त्र भी वितरण किया गया। वही दशमी के अवसर पर महिलाओं ने माता को विदाई से पहले सिंदूर खेला किया।वही दस दिनों की पूजा सफलता से संपन्न हुआ।जानकारी देते हुए कमिटी के शरत सिंह सरदार ने बताया कि माता दुर्गा की असीम कृपा से काफी शांति और भक्ति पूर्ण माहौल में माता दुर्गा पूजा का अनुष्ठान संपन्न हुआ।इस दौरान पोखरिया,भुनी, मुकरूडीह,भुला, बेल्टांड,कुलटांड,पटमदा बाजार,लक्षीपुर,गोबरघूसी, हलुदबनी, काश्मार,गोपालपुर, बांगुडदा,बनकुचिया आदि स्थानों में पूजा अर्चना,सांस्कृतिक कार्यक्रम सार्वजनिक कमिटी द्वारा प्रस्तुत किया गया।

### भगला काली मंदिर में महिलाओं ने की सिंदूर खेला, प्रतिमा विसर्जन के साथ दशहरा संपन्न



**सरिया :** दुर्गा पूजा सह नवरात्र का त्योहार शुक्रवार को प्रतिमा विसर्जन के साथ संपन्न हुआ। लोगों ने नम आंखों से मां दुर्गा को दी विदाई। बताते चलें कि हिंदू धर्मावलंबियों के लिए महत्वपूर्ण त्यौहार शारदीय नवरात्र सह दुर्गा पूजा बीते 22 सितंबर को कलश स्थापना के साथ प्रारंभ हुआ था। जगह-जगह पंडालों के बीच मां दुर्गा की प्रतिमा स्थापित कर विधिवत पूजा की गई। 10 दिनों तक चलने वाला यह त्यौहार गुरुवार को संपन्न हुआ। हालांकि बृहस्पतिवार होने के कारण श्रद्धालुओं ने प्रतिमा विसर्जन शुक्रवार की देर शाम को किया। इस दौरान जगह-जगह भव्य मेले का आयोजन किया गया था। परंतु अत्यधिक वर्षा के कारण लोग मेले का आनंद नहीं उठा सके। पंडाल परिसर के इर्द गिर्द रहने वाले लोगों ने मेले का आनंद लिया। वर्षा के कारण खिलौने वाले मिठाई वाले व अन्य दुकानदारों के लिए यह त्यौहार काफी फीका रहा। झंडा चौक सरिया स्थित भगला काली मंदिर में शुक्रवार की शाम महिलाओं ने सिंदूर का खेल की। ज्योति जलाकर नृत्य किया गया। मां दुर्गा से धन,वैभव,सुख- समृद्धि का आशीर्वाद मांगी। इस दौरान काफी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे।

### हेसल रिंग रोड समीप इलेक्ट्रॉनिक्स एंड फर्नीचर दुकान का ओपनिंग




**अनगड़ा :** अनगडा प्रखंड अंतर्गत हेसल रिंग रोड समीप इलेक्ट्रॉनिक्स एंड फर्नीचर दुकान का हाजी कारी इस्माईल अंसारी के द्वारा फिता काटकर उद्घघाटन किया गया` और साथ ही दुआ भी किया गया` आगे कारी साहब ने बताया कि इस दुकान के खुलने से अगल बगल के लोगो को समान लेने के लिए दो किलो मीटर दूर जाना नहीं पड़ेगो गांव में इेक्ट्रॉनिकस ,फर्नीचर फाइबर प्लास्टिक का आइटम मिल जाएगो दुकान के प्रोप्राइटर अशरफुल अंसारी ने कहा कि इस तरह के दुकान रिंग रोड के समीप नहीं था लोगो को छोटा छोटा जैसे बल्ब मोबाइल एसेसरीज को लेने गोंदली पोखर जाना पड़ता था अब गांव में ही ग्रामीणों को किफाईती और उचित मूल्य समान मिलेगा` मौके पर साबिर अंसारी एनुल अंसारी अमीरूल अंसारी मिन्हाज अंसारी महमूद अंसारी फिरोज अंसारी असफाक अंसारी समाउल अंसारी अमरुल अंसारी जबारूल अंसारी मोबीन जाहिद अंसारी अंसारी नौशाद अंसारी अल्फाज अंसारी जमील अख्तर कलीम अंसारी वसीम अंसारी आदि शामिल थे।


**पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, सिमडेगा**

**(सर्वसाधारण के लिए सूचना)**

लापता लड़की रंथी कुमारी उम्र–करीब 21 वर्ष, पे0– स्व0 फगुआ चीक बड़ाईक, सा0–खिजुर बहार, थाना– गिरदा ओ0पी0, जिला–सिमडेगा, राज्य–झारखण्ड, दिनांक–29.08.2025 को **बिना किसी को सूचित किये घर से चली गयी है, जो** अभी तक अपने घर वापस नहीं लौटी है। गुमशुदा लड़की की बरामदगी अभी तक नहीं हो पायी है, जिसकी विवरणी निम्नवत् हैः–

**हुलिया की विवरणी :–**



लिंग :– स्त्रीलिंग।
उम्र :– 21 वर्ष।
रंग :– साँवला।
बाल :– काला।
उँचाई :– 04 फीट 03 ईंच।
भाषा :– सादरी एवं हिन्दी।
पहनावा :– हरा रंग का स्कर्ट तथा ब्लाउज एवं पैर में चप्पल।

अतः सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि उक्त गुमशुदा लड़की के बारे में पता चलता है तो नीचे अंकित दूरभाष नं0 पर अविलंब सूचित करेंगे।

पुलिस अधीक्षक, सिमडेगा – मोबाइल नं0–9431116444
पुलिस उपाधीक्षक, (मु0) सिमडेगा – मोबाइल नं0–9431706227
थाना प्रभारी, गिरदा ओ0पी0 – मोबाइल नं0–9608015593
पुलिस नियंत्रण कक्ष, सिमडेगा – मोबाइल नं0–9262998531
मानव तस्करी संबंधी टोल फ्री नं0–मोबाइलनं0–1800–3456–256

पुलिस अधीक्षक, सिमडेगा।

PR.NO.363172 Simdega(25-26):D

# एक-दूसरे के पूरक हैं मनुष्य और पशु

पशुओं के कल्याण मानकों में सुधार को लेकर लोगों में जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से 4 अक्तूबर को 'विश्व पशु कल्याण दिवस' मनाया जाता है। विश्व पशु दिवस पहली बार बर्लिन में 24 मार्च 1925 को पशु कल्याण के बारे में जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से मनाया गया था। पशुओं की लुप्तप्राय प्रजातियों की दुर्दशा को उजागर करने के लिए इटली के फ्लोरेंस में 1931 में आयोजित पारिस्थितिकीविदों के एक सम्मेलन में विश्व पशु दिवस की शुरूआत की गई और तब असीसी के सेंट फ्रांसिस के पर्व के कारण यह दिवस मनाने के लिए प्रतिवर्ष 4 अक्तूबर को ही चुना गया। 2003 में पहली विश्व पशु दिवस वेबसाइट यूके स्थित पशु कल्याण चैरिटी 'नेचर वॉच फाउंडेशन' द्वारा लांच की गई थी। इस दिन पशु अधिकारों को बढ़ावा देने वाले व्यक्तियों एवं संगठनों का समर्थन करके जानवरों के प्रति प्यार, देखभाल, स्नेह और सुरक्षा को प्रोत्साहित करता है। पशुओं के अधिकारों के लिए यह एक ऐसी वैश्विक पहल है, जिसका प्रमुख उद्देश्य पशु कल्याण के लिए बेहतर मानक सुनिश्चित करना है। पशु प्रेम के बारे में महात्मा गांधी कहते थे कि किसी राष्ट्र की महानता और उसकी नैतिक प्रगति का अनुमान इस बात से लगाया जा सकता है कि वहां जानवरों के साथ कैसा व्यवहार किया जाता है। पशु मानव जीवन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं, जो न केवल हमारे जीवन को समृद्ध बनाते हैं बल्कि हमें बेहतर इंसान भी बनाते हैं। पारिस्थितिकी तंत्र में सभी जानवर प्रकृति की पारिस्थितिकी को संतुलित रखते हुए हमारे पर्यावरण की रक्षा करने और मानव स्वास्थ्य को बढ़ावा देने में भी समान रूप से महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। मनुष्य और पशु न केवल एक-दूसरे पर निर्भर हैं बल्कि एक-दूसरे के पूरक भी हैं। सही मायनों में दोनों का अस्तित्व ही खुशहाली का प्रतीक है और यदि जंगल से किसी एक जीव की प्रजाति भी लुप्त होती है तो उसका असर सम्पूर्ण पर्यावरण पर पड़ता है। विश्व पशु दिवस विश्वभर में कल्याण मानकों के मिशन के साथ जानवरों के जीवन को बेहतर बनाने के लिए एक ऐसा सामाजिक आन्दोलन है, जो प्रतिवर्ष एक निर्धारित थीम के साथ मनाया जाता है। इस वर्ष 'विश्व पशु कल्याण दिवस' की थीम है 'जानवरों को बचाओ, ग्रह को बचाओ!'। भारत में करीब 70 फीसद आबादी कृषि तथा कृषि संबंधी व्यवसायों पर निर्भर है। प्राचीन काल से ही पशुपालन और कृषि व्यवसायों का आपस में गहरा संबंध रहा है। गरीबी से त्रस्त परिवारों के लिए तो पशुधन ग्रामीण मुद्राएं हैं, जो खासकर गरीब परिवारों के लिए बीमा विकल्प के रूप में भी कार्य करता है क्योंकि यह उनके लिए ऐसी सम्पत्ति है, जिसे संकट के समय बेचा जा सकता है। यही कारण है पालतू पशुओं को 'पशुधन' कहा जाता है। भारत के सकल घरेलू उत्पाद में भी पशुधन की बड़ी भागीदारी रही है। मानव और पशुओं के आपसी संबंध मानव जीवन के लिए बेहद महत्वपूर्ण हैं क्योंकि पशुओं का मानवीय समाज में विभिन्न रूपों में योगदान होता है। पशुओं के साथ रहने से हमें स्वभाविक संवेदनशीलता, प्यार, सहयोग और उन्नति का अनुभव होता है। बहुत से पशु-पक्षी तो ऐसे हैं, जो यदि धरती पर नहीं हों तो पृथ्वी पर मनुष्य का जीना ही मुश्किल हो जाएगा। अनेक मामलों में देखा जाता है कि मानवीय स्वार्थ के लिए कई जानवरों की निर्मम हत्या कर दी जाती है। दरअसल इन पशुओं के विभिन्न अंग तथा उनके मल-मूत्र इत्यादि दवाईयां बनाने से लेकर खेतीबाड़ी तक में काम आते हैं और इनके कंकाल उर्वरक का काम करते हैं। हाथियों को हाथी दांत और गैंडे को उसके सींगों के लिए बेदर्दी से मौत के घाट उतार दिया जाता है जबकि उनकी प्राकृतिक मौत होने पर ये चीजें वैसे ही मिल जानी होती हैं। हाथी और गैंडे कीचड़ में रहकर दूसरे जानवरों के पीने के लिए किनारे पर पानी का इंतजाम करते हैं और सूखा नहीं पड़ने देते। हाथी जमीन को उपजाऊ बना सकता है जबकि गैंडा कीचड़ में रहकर मिट्टी की अदला-बदली का काम करता है और प्रतिदिन करीब पचास किलो वनस्पति की खुराक होने से जंगल में कूड़ा-कर्कट नहीं होने देता। उसके शरीर पर फसल के लिए हानिकारक कीड़े जमा हो जाते हैं, जो पक्षियों का भोजन बनते हैं। इस प्रकार गैंडे प्राकृतिक संतुलन बनाए रखते हैं।

# पाकिस्तान और संयुक्त राष्ट्र की आतंकवाद-रोधी समितियां : भारत के समक्ष उपजी चुनौतियां

**डॉ. सत्यवान सौरभ**

संयुक्त राष्ट्र को विश्व शांति और सुरक्षा का सबसे बड़ा मंच माना जाता है। विशेषकर आतंकवाद-रोधी समितियाँ अंतरराष्ट्रीय सहयोग का केंद्र बिंदु हैं। किंतु हाल ही में पाकिस्तान का इन प्रमुख समितियों में शामिल होना न केवल विसंगति है, बल्कि यह पूरे वैश्विक आतंकवाद-रोधी ढाँचे की विश्वसनीयता पर गहरे प्रश्नचिन्ह खड़ा करता है। जिस देश को वर्षों तक आतंकवाद के संरक्षक, पोषक और निर्यातक के रूप में पहचाना गया, वही आज नीति-निर्माण की मेज पर बैठा दिखाई दे रहा है। यह परिघटना न केवल भारत जैसे आतंकवाद से पीड़ित देशों के लिए चिंता का विषय है, बल्कि पूरी वैश्विक सुरक्षा प्रणाली के लिए एक गंभीर चुनौती है।

पाकिस्तान को दशकों से आतंकवाद का प्रायोजक राष्ट्र माना जाता रहा है। संयुक्त राष्ट्र, फाइनेंशियल एक्शन टास्क फोर्स तथा अनेक अंतरराष्ट्रीय एजेंसियाँ बार-बार यह तथ्य उजागर कर चुकी हैं कि पाकिस्तान की भूमि का प्रयोग जैश-ए-मोहम्मद, लश्कर-ए-तैयबा और हक्कानी नेटवर्क जैसे संगठनों द्वारा किया जाता है। इसके बावजूद संयुक्त राष्ट्र में पाकिस्तान को आतंकवाद-रोधी समितियों का हिस्सा बनाना विरोधाभासी कदम प्रतीत होता है। यह उस व्यवस्था का मजाक है जिसमें अपराधी ही न्यायाधीश की कुर्सी पर बैठ जाए। संयुक्त राष्ट्र की प्रतिबंध सूची में कई पाकिस्तानी आतंकवादी संगठनों और व्यक्तियों के नाम दर्ज हैं। फिर भी वे खुलेआम राजनीतिक और सामाजिक गतिविधियाँ चलाते हैं। हाफिज सईद और मसूद अजहर जैसी हस्तियाँ बार-बार प्रतिबंधों को चकमा देती रही हैं और सरकार की संरक्षण में अपने नेटवर्क का विस्तार करती रही हैं। यह असमान प्रवर्तन वैश्विक ढाँचे की कमजोरी को उजागर करता है। जब तक आतंकवाद के खिलाफ प्रतिबंधों और दंडों का एकसमान और कठोर प्रवर्तन नहीं होगा, तब तक यह पूरी प्रणाली खोखली ही मानी जाएगी।

यह भी स्पष्ट है कि संयुक्त राष्ट्र की समितियों में सदस्यता या नियुक्ति केवल आतंकवाद-रोधी योग्यता के आधार पर नहीं, बल्कि भू-राजनीतिक समीकरणों के आधार पर होती है। चीन द्वारा पाकिस्तान का बार-बार समर्थन, अमेरिका द्वारा सामरिक कारणों से चुप्पी और इस्लामी देशों की एकजुटता- ये सभी कारक पाकिस्तान को वह वैधता प्रदान करते हैं, जिसकी उसे वैश्विक स्तर पर आवश्यकता होती है। इस प्रकार राजनीति, सुरक्षा और कूटनीति के दबाव में आतंकवाद विरोधी तंत्र अपनी मूल आत्मा से भटक जाता है।

संयुक्त राष्ट्र की समितियाँ निर्णय तो लेती हैं, लेकिन उनका पालन करवाने के लिए कोई कठोर तंत्र नहीं है। इस कारण सदस्य देश प्रतिबंधों का उल्लंघन करते हुए भी बच निकलते हैं। पाकिस्तान का मामला इसका सबसे प्रत्यक्ष उदाहरण है। कई बार भारत ने ठोस सबूत प्रस्तुत किए, कई बार अंतरराष्ट्रीय एजेंसियों ने रिपोर्ट जारी कीं, परंतु किसी ठोस और स्थायी कार्रवाई का अभाव ही दिखा।

भारत के लिए यह स्थिति कई स्तरों पर खतरा और चुनौती लेकर आती है। सीमा पार आतंकवाद का खतरा तो स्थायी रूप से बना ही रहता है। कश्मीर, पंजाब और पूर्वोत्तर में लंबे समय से पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद ने शांति को प्रभावित किया है। अब यदि पाकिस्तान संयुक्त राष्ट्र की समितियों में बैठकर अपने अपराधों को वैधता दिलाने का प्रयास करेगा तो भारत की सुरक्षा और कूटनीति दोनों के लिए समस्या उत्पन्न होगी।

यह भी संभव है कि पाकिस्तान की अंतरराष्ट्रीय उपस्थिति से भारत की शिकायतों को अपेक्षित समर्थन न मिले। कूटनीतिक हाशियाकरण की स्थिति बन सकती है, जहाँ भारत की आतंकवाद संबंधी आवाज को पर्याप्त महत्व न दिया जाए। अंतरराष्ट्रीय सहयोग की दिशा भी प्रभावित हो सकती है, क्योंकि अब पाकिस्तान उन समितियों का हिस्सा है जहाँ पर आतंकवाद से संबंधित निर्णय लिए जाते हैं। यह भारत द्वारा साझा की गई खुफिया जानकारी या अभियानों को लेकर विश्वास और सहयोग को कमजोर कर सकता है।

घरेलू सुरक्षा पर भी इसका सीधा दबाव पड़ेगा। पाकिस्तान के आतंकवादी नेटवर्क केवल सीमा पार से ही नहीं, बल्कि साइबर माध्यमों, वित्तीय चैनलों और ड्रग्स-तस्करी के जरिये भी भारत की आंतरिक सुरक्षा को प्रभावित कर रहे हैं। यदि उसे अंतरराष्ट्रीय मंच पर वैधता मिलती है तो उसके लिए इन गतिविधियों को और अधिक गुप्त रूप से चलाना आसान हो जाएगा।

इन चुनौतियों का सामना करने के लिए भारत को बहुस्तरीय रणनीति अपनानी होगी। सबसे पहले कूटनीतिक आक्रामकता जरूरी है। भारत को हर अंतरराष्ट्रीय मंच पर पाकिस्तान के आतंकवाद-प्रायोजन की पोल खोलनी होगी। एफएटीएफ में सक्रिय भूमिका, यूएन महासभा में भाषणों के माध्यम से और जी20 जैसे मंचों पर पाकिस्तान की विश्वसनीयता पर प्रश्न उठाना जरूरी होगा।

भारत को लंबे समय से संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में स्थायी सदस्यता की मांग करते हुए यह भी सुनिश्चित करना चाहिए कि आतंकवाद-रोधी समितियों में सुधार हो। सदस्यता योग्यता और जवाबदेही आधारित होनी चाहिए, न कि केवल राजनीतिक सौदों पर। खुफिया सहयोग और तकनीकी साझेदारी भारत की एक और प्राथमिकता होनी चाहिए। अमेरिका, फ्रांस, इजराइल और खाड़ी देशों जैसे सहयोगियों के साथ आधुनिक निगरानी तकनीक, साइबर सुरक्षा उपकरण और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आधारित आतंकवाद-रोधी उपायों को साझा करना भारत को मजबूती देगा। सीमापार अभियानों और सुरक्षा बलों की मजबूती भी आवश्यक है। 2016 की सर्जिकल स्ट्राइक और 2019 की एयर-स्ट्राइक ने यह स्पष्ट कर दिया कि भारत अपनी सुरक्षा से कोई समझौता नहीं करेगा। सीमा पर हाई-टेक निगरानी तंत्र, ड्रोन और स्मार्ट फेंसिंग को और मजबूत करना समय की आवश्यकता है। घरेलू स्तर पर आतंकवाद को वित्तपोषण से रोकना सबसे प्रभावी उपाय होगा। यूएपीए और मनी लॉन्ड्रिंग कानूनों को और कठोर बनाते हुए एनजीओ और हवाला चैनलों की निगरानी मजबूत करनी होगी। इसके साथ ही रणनीतिक गठबंधन भी जरूरी हैं। भारत को क्वाड, ब्रिक्स, शंघाई सहयोग संगठन और द्विपक्षीय समझौतों में आतंकवाद विरोधी मुद्दों को प्राथमिकता देकर पाकिस्तान की दोगली नीति को वैश्विक मंच पर उजागर करना चाहिए।

भारत को वैश्विक दक्षिण यानी अफ्रीका, लैटिन अमेरिका और एशिया के विकासशील देशों को भी साधना होगा। उन्हें यह समझाना जरूरी है कि आतंकवाद केवल किसी एक क्षेत्र का संकट नहीं है, बल्कि यह विकास, शिक्षा, स्वास्थ्य और स्थिरता की सबसे बड़ी बाधा है। साथ ही, संयुक्त राष्ट्र आज तक आतंकवाद की सर्वमान्य परिभाषा तय नहीं कर सका है। भारत को इस दिशा में नेतृत्व करना चाहिए ताकि "अच्छा आतंकवाद" और "बुरा आतंकवाद" जैसे दोहरे मानदंड समाप्त हों।

पाकिस्तान की आंतरिक स्थिति भी भारत के लिए अवसर है। पाकिस्तान आर्थिक संकट, राजनीतिक अस्थिरता और सैन्य-नागरिक टकराव से जूझ रहा है। भारत को इन परिस्थितियों का कूटनीतिक और रणनीतिक रूप से लाभ उठाना चाहिए ताकि पाकिस्तान की दोहरी छवि उजागर होती रहे।

संयुक्त राष्ट्र में पाकिस्तान का आतंकवाद-रोधी समितियों में शामिल होना निश्चित ही वैश्विक ढाँचे की विश्वसनीयता पर गहरा प्रश्नचिह्न है। यह केवल भारत ही नहीं, बल्कि उन सभी देशों के लिए चिंता का विषय होना चाहिए जो आतंकवाद के शिकार हैं। भारत के सामने चुनौती यह है कि वह अपने राष्ट्रीय हितों की रक्षा करते हुए वैश्विक मंचों पर आतंकवाद विरोधी अभियान की नैतिक और वैचारिक अगुवाई करे। भारत को कूटनीति, खुफिया सहयोग, कानूनी सुधार, सैन्य तैयारी और रणनीतिक गठबंधनों के माध्यम से बहुस्तरीय रणनीति अपनानी होगी। तभी पाकिस्तान की दोहरी नीति और वैश्विक ढाँचे की कमजोरी दोनों को एक साथ उजागर कर भारत अपनी सुरक्षा और प्रतिष्ठा की रक्षा कर सकेगा।

**(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)**

# प्रदूषण : भारत में हमारी असंवेदनशीलता का खतरनाक सच

**डॉ. निवेदिता शर्मा**

भारत में प्रदूषण की समस्या कोई नई नहीं है। यह हर साल की कहानी बन चुकी है। विशेषकर सर्दियों में जब दिल्ली और उत्तर भारत के कई राज्य जहरीली धुंध और स्मॉग से ढक जाते हैं, तब यह विषय चर्चा का केंद्र बनता है। परंतु सच्चाई यह है कि प्रदूषण अब केवल मौसम विशेष की परेशानी नहीं रहा, अब ये एक स्थायी संकट बन चुका है और इस संकट की जड़ हमारी असंवेदनशीलता है।

आम लोगों की धारणा रही है कि प्रदूषण का असर केवल फेफड़ों पर पड़ता है, लेकिन विज्ञान ने इसे गलत करार दिया है। नई चिकित्सीय खोजें बताती हैं कि प्रदूषण का सीधा असर हमारे दिल पर होता है। न्यू इग्लेंड जर्नल ऑफ मेडिसिन और अमेरिका हेल्स एसोसिएशन के अनुसार प्रदूषण में मौजूद कण जैसे पीएम2.5, पीएम10, और जहरीली गैसें (कार्बन मोनोऑक्साइड, नाइट्रोजन ऑक्साइड, ओजोन) रक्त प्रवाह तक पहुंचकर हृदय को प्रभावित करती हैं। ये सूक्ष्म कण शरीर में सूजन और ऑक्सीडेटिव तनाव बढ़ाते हैं। धमनियों की आंतरिक परत कमजोर पड़ने लगती है, जिससे ब्लॉकेज, हाई ब्लड प्रेशर और रक्त के थक्के बनने का खतरा कई गुना बढ़ जाता है। इसका सीधा परिणाम हार्ट अटैक, स्ट्रोक और हार्ट फेल्योर जैसे गंभीर रोगों के रूप में सामने आता है। वर्तमान में प्रदूषण और दिल की बीमारियों का यह रिश्ता अब वैश्विक स्तर पर प्रमाणित तथ्य बन चुका है। द लांसेट कमीशन की रिपोर्ट कहती है कि वर्ष 2019 में पूरी दुनिया में लगभग 90 लाख मौतें केवल वायु प्रदूषण के कारण हुईं। इनमें से 62 प्रतिशत मौतें हार्ट अटैक और स्ट्रोक जैसी हृदय रोगों से जुड़ी थीं। भारत की स्थिति इस मामले में बेहद चिंताजनक है। विश्व स्वास्थ्य संगठन की रिपोर्ट बताती है कि दिल्ली, कानपुर, लुधियाना, पटना और झारखंड जैसे कई हिस्सों में वायु गुणवत्ता सूचकांक लगातार खतरनाक श्रेणी में रहता है। सर्दियों में जब मौसम ठंडा और स्थिर होता है तो प्रदूषित कण हवा में ज्यादा देर तक टिके रहते हैं और लोगों को जहरीली धुंध का सामना करना पड़ता है। इसके लिए कई कारण जिम्मेदार हैं। औद्योगीकरण के साथ बड़ी संख्या में बढ़ते वाहन, बिजली घरों और फैक्ट्रियों से निकलता धुआं, जीवाश्म ईंधन पर बढ़ती निर्भरता, सर्दियों में किसानों द्वारा पराली जलाना, शहरों में कचरा खुलेआम जलाना, निर्माण कार्यों से निकलती धूल और प्रदूषण नियंत्रण नियमों की अनदेखी, ये सब मिलकर इस समस्या को भयावह बनाते हैं।

सबसे खतरनाक बात यह है कि लोग इस समस्या को अब सामान्य मान चुके हैं। हमारी असंवेदनशीलता इस संकट की सबसे बड़ी वजह बन चुकी है। सड़कों पर कचरा जलाना, निजी वाहनों की अंधाधुंध बढ़ोतरी, औद्योगिक इकाइयों का नियमों का उल्लंघन करना, और खेतों में पराली जलाने की परंपरा जारी रखना, ये सब हमारी ही लापरवाही और असंवेदनशीलता के उदाहरण हैं। हमें लगता है कि प्रदूषण का असर कहीं बाहर होता है, हमारी निजी जिंदगी पर इसका सीधा असर नहीं पड़ता। परंतु सच्चाई यह है कि यह जहर हमारी सांसों और हमारे दिल की धड़कनों तक पहुंच चुका है।

स्वास्थ्य पर इसके प्रभाव बेहद गहरे हैं। दिल की बीमारियाँ बढ़ने का अर्थ है कार्य क्षमता में कमी, अस्पतालों का बढ़ता बोझ, इलाज पर बढ़ता खर्च और जीवन की गुणवत्ता में गिरावट। यह केवल व्यक्ति की नहीं पूरे देश की अर्थव्यवस्था की समस्या बनता जा रहा है। जब बड़ी संख्या में लोग बीमारी के कारण अपनी उत्पादकता खो देते हैं तो यह राष्ट्रीय विकास को धीमा कर देता है। प्रदूषण इसलिए केवल स्वास्थ्य का ही नहीं बल्कि आर्थिक विकास का भी गंभीर मुद्दा है।

अब सवाल है कि समाधान क्या है। क्या इस अंधकार में कोई रोशनी है। इसका उत्तर हाँ में है, बशर्ते कि हम सब मिलकर प्रयास करें। सरकार को कड़े नियम लागू करने होंगे। प्रदूषण फैलाने वाले उद्योगों पर निगरानी और दंडात्मक कार्रवाई होनी चाहिए। वाहनों की संख्या नियंत्रित करने के लिए सार्वजनिक परिवहन को सस्ता, सुविधाजनक और सुरक्षित बनाना होगा। किसानों को पराली जलाने के विकल्प उपलब्ध कराने होंगे ताकि वे मजबूरी में खेतों को जलाने के बजाय नई तकनीकों का उपयोग कर सकें।

निर्माण कार्यों के लिए भी सख्त नियम बनाकर उनकी निगरानी करनी होगी। किंतु इसके साथ यह भी समझना होगा कि यह जिम्मेदारी केवल सरकार की नहीं है। आम नागरिकों को भी आगे आना होगा। हमें निजी वाहनों पर निर्भरता कम करनी होगी और सार्वजनिक परिवहन, साइकिल तथा पैदल चलने को प्राथमिकता देनी होगी। घरों और मोहल्लों में अधिक से अधिक पेड़ लगाने होंगे और उनकी देखभाल करनी होगी। बिजली और पानी की बचत करनी होगी और नवीकरणीय ऊर्जा स्त्रोतों जैसे सौर और पवन ऊर्जा को अपनाना होगा। कचरा जलाने से बचना होगा और उसका वैज्ञानिक ढंग से प्रबंधन करना होगा। सबसे महत्वपूर्ण है कि हम प्रदूषण के खतरों और उसके स्वास्थ्य पर असर को लेकर लोगों में जागरूकता फैलाएं।

असल में प्रदूषण का असली समाधान हमारी संवेदनशीलता में छिपा है। जब तक हम यह नहीं समझेंगे कि प्रदूषण से लड़ना हमारी निजी जिम्मेदारी है, तब तक यह संकट कम नहीं होगा। यह केवल अदालतों या प्रशासन का विषय नहीं है, यह हमारे जीवन और मृत्यु का प्रश्न है। हमें यह स्वीकार करना होगा कि प्रदूषण को कम करना कोई अतिरिक्त जिम्मेदारी नहीं, बल्कि जीवन बचाने की अनिवार्यता है।

आज भारत का पर्यावरण और हमारे दिल दोनों एक ही संकट से गुजर रहे हैं। अगर हम आज नहीं चेते तो आने वाली पीढ़ियां जहरीली हवा और बीमार शरीर की विरासत पाएंगी। क्या हम उन्हें ऐसा भविष्य देना चाहते हैं। अगर नहीं, तो आज ही हमें प्रण लेना होगा कि हम पर्यावरण के प्रति संवेदनशील होंगे, प्रदूषण रोकने के प्रयासों में सक्रिय रूप से भाग लेंगे और अपनी जीवनशैली में ऐसे बदलाव करेंगे जो प्रकृति और स्वास्थ्य दोनों के लिए अनुकूल हों।

स्वच्छ हवा और स्वस्थ दिल केवल सरकारी आदेशों या वैज्ञानिक उपायों से नहीं मिल सकते। यह तभी संभव है जब नागरिक और शासन मिलकर आगे बढ़ें और एक नई सोच विकसित करें। भारत के भविष्य की कुंजी इसी सामूहिक जिम्मेदारी में छिपी है। हमारी असंवेदनशीलता ही प्रदूषण का सबसे बड़ा सच है और यदि हमने समय रहते इसे संवेदनशीलता में नहीं बदला तो यह संकट हमारे अस्तित्व पर ही प्रश्नचिह्न लगा देगा।

**(लेखिका, बच्चों एवं पर्यावरण विषय पर कार्य करती है, समाजिक कार्यकर्ता हैं।)**

## सूडोकु नवताल- 7572

✶✫✫✫✫ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | | 8 | 5 | 1 | 9 | 6 | | 7 |
| | | | | | 8 | | | 1 |
| | | 7 | 4 | 6 | | 8 | | 9 |
| 3 | 2 | | | | 7 | | | 8 |
| 1 | | 9 | | 4 | | 7 | | 5 |
| 4 | | | 2 | | | | 9 | 3 |
| 6 | | 3 | | 5 | 1 | 9 | | |
| 8 | | | 3 | | | | | |
| 7 | | 1 | 9 | 2 | 6 | 3 | | 4 |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल -7571 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 1 | 9 | 8 | 5 | 3 | 2 | 6 | 4 |
| 4 | 5 | 3 | 6 | 2 | 9 | 7 | 1 | 8 |
| 6 | 2 | 8 | 4 | 7 | 1 | 9 | 5 | 3 |
| 9 | 8 | 2 | 7 | 3 | 5 | 1 | 4 | 6 |
| 1 | 3 | 6 | 9 | 4 | 8 | 5 | 7 | 2 |
| 5 | 7 | 4 | 1 | 6 | 2 | 8 | 3 | 9 |
| 8 | 4 | 7 | 5 | 9 | 6 | 3 | 2 | 1 |
| 3 | 6 | 1 | 2 | 8 | 7 | 4 | 9 | 5 |
| 2 | 9 | 5 | 3 | 1 | 4 | 6 | 8 | 7 |

# विदेशी धरती पर भारतीय लोकतंत्र को फिर बदनाम करते राहुल गांधी

**डॉ. मयंक चतुर्वेदी**

सवा सौ करोड़ से अधिक लोगों का यह देश भारत आज विश्व का सबसे बड़ा लोकतंत्र है, जोकि विविधताओं में एकता का प्रतीक है। यहाँ चुनाव केवल सत्ता परिवर्तन का साधन नहीं है, यह तो जनता की आकांक्षाओं का उत्सव है। इसलिए ही दुनिया जब-जब लोकतंत्र की मिसाल देती है, भारत उसका सर्वोत्तम उदाहरण बनकर सामने आता है। किंतु यही भारत जब विदेशी धरती पर अपने ही नेताओं द्वारा बदनाम किया जाता है, तब सवाल उठना स्वाभाविक है कि क्या यह आचरण लोकतांत्रिक परंपराओं की रक्षा है या राष्ट्र की संप्रभुता पर प्रहार।

कांग्रेस नेता और नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी बार-बार इस स्थिति के केंद्र में आ खड़े होते हैं। हाल ही में कोलंबिया विश्वविद्यालय में उन्होंने यह बयान देकर फिर विवाद खड़ा कर दिया कि भारत का लोकतंत्र खतरे में है, लोकतांत्रिक संरचना पर हमला हो रहा है। उन्होंने भाजपा और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर लोकतांत्रिक ताने-बाने को नष्ट करने का आरोप लगाया। यह कथन सुनने में विपक्ष की आलोचना जैसा प्रतीत होता है, किंतु इसकी समय, स्थान और संदर्भ से यह स्पष्ट हो जाता है कि यह केवल सरकार की आलोचना नहीं, यह तो अंतरराष्ट्रीय मंच से भारत को ही कटघरे में खड़ा करना है।

कोलंबिया का चयन ही अपने आप में विडंबना है। जिस देश ने दशकों तक आंतरिक गृहयुद्ध, मादक पदार्थों की तस्करी और राजनीतिक अस्थिरता को झेला हो, वहाँ से भारत जैसे स्थिर लोकतंत्र पर सवाल उठाना हास्यास्पद लगता है। कोलंबिया में लोकतंत्र की जड़ें कभी गहरी नहीं रहीं, फिर भी राहुल गांधी वहाँ यह कहने से नहीं चूके कि भारत की लोकतांत्रिक प्रणाली पर व्यापक हमला हो रहा है। यह न केवल वास्तविकता से परे है, बल्कि भारत की छवि को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कमजोर करने का प्रयास भी है।

आप देखेंगे कि पिछले एक दशक में राहुल गांधी की राजनीतिक यात्रा विदेशी धरती पर भारतीय लोकतंत्र के खिलाफ दिए गए बयानों से भरी पड़ी है। कैलिफोर्निया विश्वविद्यालय में उन्होंने कहा कि भारत में अहिंसा की विचारधारा पर हमला हो रहा है। मलेशिया और सिंगापुर में उन्होंने नोटबंदी का मजाक उड़ाते हुए मोदी सरकार पर विभाजनकारी राजनीति का आरोप लगाया। बहरीन में एनआरआई समुदाय के बीच सरकार को भय और घृणा फैलाने वाली व्यवस्था करार दिया। लंदन में उन्होंने दावा किया कि भारत की आत्मा पर हमला हो रहा है और सीबीआई-ईडी जैसी संस्थाओं का दुरुपयोग हो रहा है। कैम्ब्रिज विश्वविद्यालय में भी उन्होंने वही स्वर दोहराया, लोकतंत्र खतरे में है। अब कोलंबिया जाकर उन्होंने वही बयान फिर से दोहराया है और चीन के साथ तुलना करते हुए मोदी सरकार को तानाशाह तक करार दिया। इन बयानों का पैटर्न साफ है। जब भी राहुल गांधी विदेशी यात्रा पर जाते हैं, वे भारत की संस्थाओं, सरकार और लोकतंत्र को कटघरे में खड़ा करते हैं। अब सवाल यह उठता है कि क्या देश का नेता विपक्ष अपने ही देश को अंतरराष्ट्रीय मंच पर इस तरह नीचा दिखाने का अधिकार रखता है?


राहुल गांधी बार-बार कहते हैं कि भारत में लोकतंत्र खतरे में है, किंतु क्या सचमुच ऐसा है? क्या भारत में विपक्ष को आवाज उठाने का अवसर नहीं मिलता? क्या राहुल गांधी स्वयं संसद में बहस नहीं करते? क्या उन्हें नेता प्रतिपक्ष का संवैधानिक दर्जा और उससे जुड़ी सुविधाएँ नहीं मिलीं? क्या वे बिना किसी भय के प्रधानमंत्री और सरकार पर तीखे हमले नहीं करते? यदि लोकतंत्र वास्तव में खतरे में होता तो क्या यह सब संभव होता? यह सब स्वयं सिद्ध करता है कि भारत का लोकतंत्र किसी भी दृष्टि से खतरे में नहीं है।

आज का भारत वैश्विक राजनीति में नई ऊँचाइयाँ छू रहा है। अंतरराष्ट्रीय निवेशकों का भरोसा, तकनीकी और स्वास्थ्य सेवाओं में तेजी से प्रगति ये सब भारत की ताकत हैं। मोदी सरकार ने कूटनीतिक मोर्चे पर भारत की स्थिति को मजबूत किया है। ऐसे समय में राहुल गांधी द्वारा दिए इस तरह के बयान भारत की इस बढ़ती प्रतिष्ठा को धूमिल करने का कार्य करते हैं। जब प्रधानमंत्री भारत की शक्ति और सामर्थ्य का संदेश दुनिया को देते हैं, तो विपक्ष का यह स्वर एक विरोधाभासी और कमजोर तस्वीर पेश करता है। इनका अंतरराष्ट्रीय असर भी होता है। पाकिस्तान जैसे देश और भारत विरोधी मीडिया संस्थान इन्हें तुरंत उठाते हैं और भारत को कमजोर लोकतंत्र बताने लगते हैं। यही कारण है कि पाकिस्तान की मीडिया राहुल गांधी को पसंद करती है और उनके बयानों को भारत विरोधी एजेंडा चलाने के लिए इस्तेमाल करती है। क्या यह भारत के हित में है कि विपक्ष का शीर्ष नेता अपने ही देश को शत्रुओं के लिए हथियार उपलब्ध कराए?

लोकतंत्र का सही अर्थ संवाद और मतभेदों को भीतर ही भीतर सुलझाने में है। राहुल गांधी संसद और लोकतांत्रिक मंचों को दरकिनार कर विदेशों में जाकर बयानबाजी करते हैं। यदि वास्तव में उन्हें लोकतंत्र की चिंता होती, तो वे संसद में ठोस बहस करते, जनता के बीच जाकर जनसमर्थन जुटाते और लोकतांत्रिक प्रक्रिया को मजबूत बनाते। किंतु बार-बार यह दिखता है कि उन्हें संसद से अधिक विदेशी विश्वविद्यालयों और सभागारों में अपनी राजनीति चमकाने की चिंता है। यही कारण है कि राहुल गांधी का आचरण आलोचना का नहीं बल्कि भर्त्सना का पात्र है। लोकतंत्र की आड़ लेकर वे लोकतंत्र को ही चोट पहुँचा रहे हैं। जब विदेशी धरती पर वे कहते हैं कि भारत में लोकतंत्र खतरे में है, तब वे मोदी सरकार पर हमला नहीं कर रहे होते, बल्कि पूरे देश की छवि पर कीचड़ उछालते हुए नजर आते हैं।

## दैनिक पंचांग

**4 अक्टूबर 2025 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**




| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | कन्या में | तुला | 06.54 बजे से |
| चंद्र | कुंभ में | वृश्चिक | 09.09 ब.से |
| मंगल | तुला में | धनु | 11.25 बजे से |
| बुध | तुला में | मकर | 13.30 बजे से |
| गुरु | मिथुन में | कुंभ | 15.16 बजे से |
| शुक्र | सिंह में | मीन | 16.49 बजे से |
| शनि | मीन में | मेष | 18.20 बजे से |
| राहु | कुंभ में | वृष | 20.00 बजे से |
| केतु | सिंह में | मिथुन | 21.58 बजे से |
| राहुकाल 9.00 से 10.30 बजे तक | | कर्क | 00.11 बजे से |
| | | सिंह | 02.27 बजे से |
| | | कन्या | 04.39 बजे से |

**शनिवार** 2025 वर्ष का 277 वा दिन
**दिशाशूल** पूर्व **ऋतु** शरद।
**विक्रम संवत्** 2082 **शक संवत्** 1947
**मास** आश्विन **पक्ष** शुक्ल
**तिथि** द्वादशी 17.10 बजे को समाप्त।
**नक्षत्र** धनिष्ठा 09.10 बजे को समाप्त।
**योग** शूल 19.27 बजे को समाप्त।
**करण** बव 05.57 बजे, बालव 17.10 बजे तदनन्तर कौलव 04.12 बजे रात्र को समाप्त।
**चन्द्रायु** 12.2 घण्टे
**रवि क्रान्ति** दक्षिण $04^{\circ} 22'$
**सूर्य** दक्षिणायन
**कलि अहर्गण** 1872487
**जूलियन दिन** 2460952.5
**कलियुग संवत्** 5126
**कल्पारंभ संवत्** 1972949123
**सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123
**वीरनिर्वाण संवत्** 2551
**हिजरी सन्** 1446
**महीना** रबी उस्सानी **तारीख** 11
**विशेष** प्रदोष व्रत, शनि त्रयोदशी।

| दिन का चौघड़िया | | रात का चौघड़िया | |
|---|---|---|---|
| काल | 05.55 से 07.23 बजे तक | लाभ | 05.37 से 07.10 बजे तक |
| शुभ | 07.23 से 08.51 बजे तक | उद्वेग | 07.10 से 08.42 बजे तक |
| रोग | 08.51 से 10.19 बजे तक | शुभ | 08.42 से 10.14 बजे तक |
| उद्वेग | 10.19 से 11.46 बजे तक | अमृत | 10.14 से 11.47 बजे तक |
| चर | 11.46 से 01.14 बजे तक | चर | 11.47 से 01.19 बजे तक |
| लाभ | 01.14 से 02.42 बजे तक | रोग | 01.19 से 02.51 बजे तक |
| अमृत | 02.42 से 04.10 बजे तक | काल | 02.51 से 04.23 बजे तक |
| काल | 04.10 से 05.37 बजे तक | लाभ | 04.23 से 05.56 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ**- **शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अतः आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। Jagrutidaur.com, Bangalore

## एक नजर

### मन्नत पूरी होने पर भंडारा का आयोजन कराया



**बड़कागांव :** बड़कागांव अश्वनी दुर्गा पूजा बड़कागांव दैनिक बाजार प्रांगण में मां दुर्गे से मांगी गई मन्नत पूरी होने पर मुख्य चौक स्थित मोबाइल श्वेता सेल्स के संचालक आलोक रंजन,आजाद रंजन, विकास रंजन सहित परिवार के द्वारा भंडारा का आयोजन कराया गया। जिसमें सैकड़ो श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद स्वरूप खीर का वितरण किया गया। भंडारा प्रसाद वितरण में सहयोग करने में अश्विनी दुर्गा पूजा समिति अध्यक्ष दीपक महतो सहित सभी पदाधिकारी व सदस्यों का सराहनीय योगदान रहा।

### गांधी जयंती पर विशेष ग्राम सभा का हुआ आयोजन



चलकुशा : प्रखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत अलगडीहा में दो अक्टूबर महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर मुखिया अंजना देवी की अध्यक्षता एवं बीडीओ अमृता सिंह की उपस्थिति में विशेष ग्राम सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ गांधी एवं शास्त्री की चित्र पर पुष्प माला अर्पित कर किया गया। जिसके बाद कइ बिंदुओं पर चर्चा की गई। मौके पर रामजीत रजक, मनोज कुमार,सरफराज आलम, सुदामा प्रसाद, अशोक यादव, राजेश यादव, गुड्डू राणा, बालेश्वर साव एवं काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

### विजयादशमी पर मां दुर्गा प्रतिमा विसर्जन में उमड़ी आस्था की भीड़



**चौपारण :** प्रखंड क्षेत्र में विजयादशमी का पर्व धूमधाम और उत्साह के साथ मनाया गया। शुक्रवार को माँ दुर्गा की प्रतिमाओं के विसर्जन के दौरान श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। पूरे क्षेत्र में भक्तिमय माहौल रहा। ढोल-नगाड़ों और जयकारों की गूंज से वातावरण गूंजायमान हो उठा। सुबह से ही प्रतिमा विसर्जन की तैयारियां शुरू हो गई थीं। विभिन्न पूजा पंडालों से जुलूस के रूप में प्रतिमाओं को विसर्जन स्थल तक ले जाया गया। इस दौरान भक्त नाचते-गाते और जय माँ दुर्गा, जय माँ शेरावाली के जयकारे लगाते नजर आए। विसर्जन यात्रा में बच्चों और महिलाओं की सहभागिता उल्लेखनीय रही। बड़ी संख्या में लोग अपने पूरे परिवार के साथ माँ की प्रतिमा को विदाई देने पहुंचे।

### नवरात्र में स्वर्वेद पाठ एवं हवन कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**बरही :** ब्रह्म विद्या विहंगम योग के तत्वाधान में नवरात्रि के पावन अवसर पर अनुमंडल प्रभारी कृष्णा गुप्ता के आवास पर अखंड स्वर्वेद पाठ एवं हवन कार्यक्रम का आयोजन किया गया । नवरात्रि पर्व के अवसर पर प्रतिपदा से लेकर नवमी तक अखंड स्वर्वेद पाठ तथा दसवीं को पाठ के उपरांत आश्रम के विद्यार्थी दया शंकर जी के संरक्षण में ब्रह्म विद्या विहंगम योग वैदिक हवन कार्यक्रम तथा सत्संग का भव्य आयोजन किया गया। इसमें स्वर्वेद महामंदिर निर्माण तथा सतगुरु की भव्य मूर्ति की प्रतिष्ठा हेतु हवन का कार्यक्रम संपन्न किया गया।

# भक्तों ने मां दुर्गा को नम आंखों से दी विदाई

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**साहिबगंज :** शहर में भक्तों व श्रद्धालुओं ने नम आंखों से मां दुर्गा को दी गई विदाई। शहर में स्थापित सभी दुर्गा प्रतिमाओं का विसर्जन जुलूस शुक्रवार को निकाला गया। शहर के रॉबर्टसन क्लब बंगाली टोला दुर्गा समिति, दहला दुर्गा पूजा समिति, चौक बाजार दुर्गा पूजा समिति, नॉर्थ कॉलोनी दुर्गा पूजा समिति, कृष्णा नगर बड़ी दुर्गा पूजा समिति, पुरानी साहिबगंज दुर्गा पूजा समिति, कमल टोला दुर्गा पूजा समिति, गोराबाड़ी हटिया दुर्गा पूजा समिति, साउथ कॉलोनी दुर्गा पूजा समिति, झरना कॉलोनी दुर्गा पूजा समिति, नेताजी सुभाष कॉलोनी दुर्गा पूजा समिति, पुलिस लाइन दुर्गा पूजा समिति, नाचघर दुर्गा पूजा समिति, नॉर्थ कॉलोनी दुर्गा पूजा समिति, पूर्वांचल दुर्गा पूजा समिति साक्षरता चौक सहित स्थापित दुर्गा प्रतिमा सहित अन्य प्रतिमा को विभिन्न वाहनों पर रखकर विशाल जुलूस निकाला गया। विसर्जन जुलूस में पारंपरिक अस्त्र-शस्त्र युक्त अखाड़ा भी था, तो डीजे आदि भी शामिल रहा। सभी दुर्गा पूजा के जुलूस में काफी संख्या में महिलाएं मां दुर्गा के भक्ति गानों में नाचती झूमती जयकारा लगाते हुए जा रही थी। जहां दुर्गा पूजा अखाड़ा जुलूस में अस्त्र शस्त्रों का खूब कलाबाजी का प्रदर्शन किया गया जिसको देखकर श्रद्धालुओं का मन मुग्ध हो गया। दुर्गा पूजा समिति का प्रतिमा विसर्जन शहर भ्रमण करते हुए देर रात्रि स्थानीय गंगा तट पर पहुंची। जिला प्रशासन व पुलिस प्रशासन सुरक्षा व्यवस्था चाक चौबंद रखे हुए है।



## गोराबाड़ी हटिया दुर्गा पूजा समिति ने किया सिदो-कान्हू स्टेडियम में रावण दहन



**साहिबगंज :** दशहरा के अवसर पर गोराबाड़ी हटिया दुर्गा पूजा समिति ने सिदो-कान्हू स्टेडियम में रावण दहन किया। बारिश के बीच समिति की ओर से शानदार आतिशबाजी के बाद रावण दहन किया गया। बारिश के बीच रावण दहन में हजारों श्रद्धालु ने शामिल होकर बुराई पर अच्छाई की जीत की खुशी मनाई। इस दौरान अपर समाहर्ता गौतम भगत, सदर एसडीओ अमर जॉन आइन्द, डीटीओ मिथिलेश चौधरी, डीएसपी रूपक सिंह, एसडीपीओ किशोर तिर्की, डीएसई कुमार हर्ष, सदर सीओ बसकीनाथ टूडू, नगर प्रशासक अभिषेक सिंह, चंदेश्वर प्रसाद सिन्हा सहित अन्य मौजूद थे।

## दुर्गा पूजा विसर्जन को लेकर फ्लैग मार्च निकाला जिला के सभी स्थानों में मजिस्ट्रेड पुलिस फोर्स तैनात



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**साहिबगंज :** जिला के डीसी हेमंत सती व एसपी अमित कुमार सिंह के निदेर्शानुसार दुर्गा पूजा विसर्जन पर्व को लेकर क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने, लॉ इन ऑर्डर कायम रखने के लिए एसडीओ सदर अमर जॉन आइंद व एसडीपीओ सदर किशोर तिर्की एवं सदर सीओ बासुकीनाथ टुडू के संयुक्त नेतृत्व में फ्लैग मार्च निकाला गया। फ्लैग मार्च नगर थाना से निकलकर चौक बाजार, दहला बनिया पट्टी, गुल्ली भट्टा, रसूलपुर दहला, एलसी रोड, सब्जी मंडी, स्टेशन रोड, पटेल चौक, कुलीपाड़ा, हबीबपुर, कॉलेज रोड बिचला टोला, सकरूगढ़, मजहर टोला, अंजुमन नगर, पोखरिया, जिरवाबाड़ी क्षेत्र सहित मुख्य मार्गो, विसर्जन जुलूस मार्गो का भ्रमण किया। एसडीओ ने कहा कि जिला के 192 जगहों पर जिला प्रशासन ने दर्जनों मजिस्ट्रेड के साथ सैकड़ों पुलिस अधिकारी व पर्याप्त मात्रा में पुलिस फोर्स की तैनाती की है। पूरे रूट में फ्लैग मार्च करके बारीकी से ड्रोन कैमरा से विसर्जन रूट से लगते गली-मोहल्ले के 100 मीटर दायरे का जांच किया गया। विसर्जन को लेकर जिला प्रशासन व पुलिस प्रशासन पूरी तरह से मुस्तैद है। वही नियंत्रण कक्ष में भी 24 घंटे अधिकारी व रिजर्व बल तैनात किया गया है। पेट्रोलिंग पार्टी भी तैनात किया गया है। प्रत्येक जुलूस के साथ मजिस्ट्रेड, पुलिस अधिकारी व फोर्स रहेगा। विसर्जन जुलूस में सीसीटीवी कैमरा, ड्रोन कैमरा व वीडियोग्राफी और गुप्त सीसीटीवी कैमरा से नजर रखी जाएगी। मौके पर नगर परिषद पदाधिकारी अभिषेक कुमार सिंह, नगर थाना प्रभारी अमित गुप्ता, प्रभाकर कुमार, मुरली मनोहर सहित अन्य सशस्त्र बल शामिल थे।

# सिंदूर की लाली में बसी विदाई की वेदना बंगाली महिलाओं ने निभाई परंपरा

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**साहिबगंज :** शहर में विसर्जन पर शुक्रवार को बंगाली परंपरा में महिलाएं भावनाओं से सराबोर हो उठी। रिफ्यूजी कॉलोनी दुर्गा पूजा समिति द्वारा आयोजित दुर्गा पूजा महोत्सव के समापन अवसर पर बंगाली समाज की महिलाओं ने पारंपरिक ह्यसिंदूर खेलाह्न की रस्म निभाई। लाल सिंदूर से सजी हथेलियां, आंखों में नमी और होठों पर माता के जयकारे-इस रस्म ने पूरे माहौल को भक्ति और भावनाओं से भर दिया। महिलाओं ने एक-दूसरे को सिंदूर लगाकर देवी दुर्गा को बेटी मानते हुए भावभीनी विदाई दी।

**देवी को बेटी मानकर दी विदाई**

बंगाली परंपरा के अनुसार देवी दुर्गा को घर की बेटी माना जाता है। दशमी के दिन यह प्रतीकात्मक रूप से माना जाता है कि बेटी अपने मायके से ससुराल लौट रही है। इसी विदाई को महिलाएं खुशी और गम दोनों भावनाओं के साथ मनाती हैं। इस दौरान महिलाएं ढाक की थाप पर थिरकती रहीं, भजन गाती रहीं और देवी दुर्गा से आशीर्वाद मांगती रहीं।

**भक्ति और उल्लास का संगम**

इस अवसर पर महिलाओं ने पारंपरिक लाल-सफेद साड़ियों में सजधजकर सिंदूर खेला किया। देवी के चरणों में मिठाई चढ़ाने और एक-दूसरे को खिलाने के साथ ही सिंदूर लगाने की रस्म पूरी की। वातावरण जयकारों से गूंज उठा, वहीं देवी की विदाई के समय महिलाओं की आंखें भी नम हो गईं। खुशी और गम दोनों का दिन सिंदूर खेला में शामिल महिलाओं ने कहा, जैसे बेटी अपने घर आती है, वैसे ही हम देवी दुर्गा को अपनी बेटी मानते हैं। नौ दिनों तक उनकी पूजा करते हैं और दशमी को विदा करते हैं। यह दिन हमारे लिए खुशी और गम दोनों का होता है।ह्व विसर्जन की तैयारी के साथ दुर्गा पूजा समिति परिसर में उमड़ी भीड़ भावुक हो उठी और माता दुर्गा की प्रतिमा को विदा करते हुए श्रद्धालु आंखों में आंसू लिए भावविभोर दिखाई दिए।

# महात्मा गांधी व लाल बहादुर शास्त्री की जयंती मनाई गई

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**साहिबगंज :** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर दोनों महापुरुषों को जिला भर में याद किया गया। कई संगठनों व राजनीतिक दलों के नेताओं व कार्यकताओं ने महात्मा गांधी चौक पर राष्ट्रपिता को श्रद्धासुमन अर्पित किया। वहीं नगर परिषद ने स्वच्छ भारत अभियान के तहत कार्यक्रम का आयोजन किया। जिसमें अपर समाहर्ता गौतम भगत, एसडीओ अमर जॉन आइन्द, सीओ बास्कीनाथ टूडू, नगर परिषद प्रशासक अभिषेक सिंह, मॉडल कॉलेज प्राचार्य डॉ रणजीत कुमार सिंह ने लोगों को स्वच्छता की शपथ दिलाई। वहीं स्वस्थ विभाग ने पुराना सदर अस्पताल से कुष्ठ जागरूकता अभियान के तहत रैली निकाली। गांधी चौक पर नुक्कड़ सभा कर लोगों को कुष्ठ रोग के प्रति जागरूक किया। इस दौरान पूर्व विधायक अनंत ओझा, अनवर अली, रामानंद साह सहित दर्जनों लोग मौजूद थे।



**कांग्रेस ने मनाई महापुरुषों की जयंती**

बंगाली टोला स्थित जिला कांग्रेस कार्यालय में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय लाल बहादुर शास्त्री को याद किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष बरकतुल्लाह खान ने किया। कांग्रेसियों ने पदयात्रा करते हुए गांधी चौक स्थित महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर सत्य और अहिंसा के रास्ते चलने की शपथ ली। वहीं कार्यालय में गोष्ठी में कांग्रेसजनों ने दोनों महान नेताओं के जीवन पर प्रकाश डाला। पूर्व ज़िला अध्यक्ष अनुकूल मिश्रा, मो कलीमुद्दीन, बासुकीनाथ यादव, सरफराज आलम, इखलाक नदीम, राम श्रृंगार ओझा, मो सलाहउद्दीन, मो रिजवान, अली कुरैशी, सुनील पासवान, सतीश पासवान, राम प्रवेश राय, गणेश मंडल, दीपक कुमार राय, सागर मंडल, लोकनाथ घोष सहित दर्जनों कांग्रेसजन उपस्थित थे।

## मालदा मंडल में विशेष अभियान 5.0 एवं स्वच्छता पखवाड़ा का हुआ आयोजन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**साहिबगंज :** देशव्यापी विशेष अभियान 5.0 और स्वच्छता पखवाड़ा के तहत पूर्वी रेलवे के मालदा मंडल ने साहिबगंज, बरहरवा और मंडल के अन्य प्रमुख स्टेशनों सहित प्रमुख स्टेशनों पर गहन स्वच्छता अभियान चलाया। यात्रियों के लिए स्वच्छ और स्वस्थ वातावरण सुनिश्चित करने के उद्देश्य से, इस स्वच्छता अभियान में स्टेशन परिसर, प्लेटफार्म, प्रतीक्षालय, भ्रमण क्षेत्र, शौचालय और नालियाँ शामिल थीं। अभियान के सुचारू संचालन के लिए सफाई मशीनों, उपकरणों, संयंत्रों और हाउसकीपिंग कर्मचारियों के लिए सुरक्षात्मक उपकरणों की उपलब्धता और उचित कार्यप्रणाली की पूरी तरह से जाँच की गई और यह सुनिश्चित किया गया। सभी स्टेशनों पर पर्याप्त कूड़ेदानों की व्यवस्था पर विशेष जोर दिया गया। टिकाऊ कचरा प्रबंधन प्रथाओं को बढ़ावा देने के लिए, प्रमुख यात्री क्षेत्रों में कचरे के पृथक्करण के लिए अलग-अलग कूड़ेदान उपलब्ध कराए गए। इसके अतिरिक्त, सुरक्षा और परिचालन दक्षता के हित में उनके उचित रखरखाव, स्टैकिंग और उपयोग के लिए तत्परता सुनिश्चित करने के लिए हाइड्रेंट पाइपों का निरीक्षण किया गया। मालदा मंडल विशेष अभियान 5.0 और स्वच्छता पखवाड़ा के तहत अपने समर्पित प्रयासों के माध्यम से यात्रियों के लिए सफाई, स्वच्छता और सुरक्षा सुनिश्चित करके स्वच्छ भारत अभियान के दृष्टिकोण को बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध है।

# दुर्गा पूजा सियानी टांड़ में दसमीं के रात में नाकपुरी प्रोग्राम रंगा रंग रात भर चला

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

केरेडारी : प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत सलगा में पिछले वर्ष कि भांति इस वर्ष भी शारदीय नवरात्र के दुर्गा महागौरी की पूजा बड़े ही भक्ति भाव से की गई ! इस दुर्गा पूजा सलगा के सियानी टांड़ में पिछले साल कि भांति इस वर्ष भी दुर्गा पूजा धूम धाम से मनाया गया इस दुर्गा पूजा के अध्यक्ष कुंवर प्रसाद साहू, सचिव राजेंद्र महतो, कोषाध्यक्ष बलराम साव, संचालन कर्ता जयराम मीडिया प्रभारी पवन कुमार दास, संदीप कुमार,साव,संरक्षक मुखिया पार्वती देवी,पंचायत समिति सदस्य मीना देवी, सुनीता देवी,ने सुपर स्टार सरिता देवी एक से एक नाकपुरी गाना के साथ डांस भी किया गया के इस दुर्गा पूजा के शुभ अवसर पर सियानी टांड़ में बीते रात्रि सलगा पंचायत के पूजा कमेटी के सभी सदस्य गण मिल कर फीता काट कर शुभांरभ किया गया। इस दुर्गा पूजा के अध्यक्ष कुंवर प्रसाद साहू सचिव राजेंद्र महतो कोषाध्यक्ष बलराम साव उपाध्यक्ष विनोद कुमार प्रमोद कुमार साव संचालन कर्ता जयराम साव यह व्यक्ति के अच्छा कार्य करने पर निर्विरोध चुनाव कर दिया गया था पांचवा साल लगातार यह व्यक्ति ने दुर्गा पूजा के सुचारू रूप से चलाया। यह दुर्गा पूजा सलगा पंचायत सियानी टांड़ वाला दुर्गा पूजा हजारी बाग जिला में पहला स्थान ने आता है। मौके पर उपस्थित उप मुखिया जागेश्वर कुमार जगनारायण राम, पत्रकार पवन कुमार दास, भोला महतो, मनोज महतो, सूरज कुमार राम, सूरज साव, विजय साव ,द्वारिका साव, मनोज साव, संदीप साव, चिंतामन साव, संजय दास, आदित्य राम, विजय राम, भोला महतो, रवींद्र कुमार महतो, कृष्ण कुमार महतो,मंजू देवी रीना देवी, रूबी देवी, रूक्मणी देवी मुखलाल महतो, अध्यक्ष कुंवर प्रसाद साहू ने बोले की मैं जो इस दुर्गा पूजा में पंचवी साल अध्यक्ष पद के लिए पूजा कमेटी के द्वारा मुझे चयनित किया गया है मैं सभी दुर्गा पूजा समिति एवं जनप्रतिनिधि बुद्धिजीवी का सदा आभारी बना रहूंगा या दुर्गा पूजा से आए तन में भव्य तरीके से मनाया जाता है जो की मैं देखूं वहां देखा हूं कि पांचवा साल में कभी भी हमारे क्षेत्र में अधिक से अधिक मेले में लोग आते हैं और दूर-दूर से आते हैं मेला का आनंद लेते हैं ग्राम सलगा के ग्राम वासियों से काफी मुझे सहयोग इस दुर्गा पूजा में मिलता है और आगे मिलता रहेगा मुझे विश्वास। है इस दुर्गा पूजा में हजारों माता बहनों एवं दुर्गा पूजा कमेटी के लोग उपस्थित रहे।



## संक्षिप्त खबरें

### मृत डॉल्फिन का हुआ पोस्टमार्टम, रिपोर्ट का इंतजार



**साहिबगंज :** जिला के तालझारी प्रखंड के सीओ एवं वन रक्षी पप्पू कुमार यादव की उपस्थिति में शुक्रवार को उधवा के पशु डॉक्टर शिवेंद्र कुमार सिंह, बरहरवा के डॉक्टर एहते सामुल एवं तालझारी के डॉक्टर उमेश कुमार ने डॉल्फिन का पोस्टमार्टम किया। पोस्टमार्टम के बाद वन विभाग के समीप शव का अंतिम संस्कार किया गया। वन रक्षी पप्पू कुमार यादव ने बताया कि राजमहल प्रखंड के मोकीमपुर पंचायत के शोभापुर गंगा नदी तट पर गुरुवार को मृत डॉल्फिन बहकर आया। ग्रामीणों से सूचना मिलते ही वाचर सुमित कुमार ने टीम के साथ घटनास्थल पर पहुंच कर डॉल्फिन को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए वन कार्यालय लाया। पोस्टमार्टम के बाद शुक्रवार को अंतिम संस्कार किया गया। डॉल्फिन की मौत कैसे हुई यह पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही खुलासा हो सकता है।

### ऑपरेशन सतर्क के तहत मालदा मंडल की आरपीएफ द्वारा लावारिस बंदूक एवं कारतूस बरामद



**साहिबगंज :** त्योहारों को देखते हुए, मालदा मंडल की रेलवे सुरक्षा बल द्वारा ऑपरेशन सतर्क के तहत मंडल क्षेत्र में अवैध गतिविधियों को रोकने और रेल यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से सघन जांच एवं निगरानी अभियान चलाए जा रहे हैं। ये अभियान मनीष कुमार गुप्ता, मंडल रेल प्रबंधक, मालदा के मार्गदर्शन एवं ए. के. कुल्लू, मंडल सुरक्षा आयुक्त, मालदा के पर्यवेक्षण में संचालित किए गए इस अभियान के तहत, दिनांक 02 अक्टूबर 2025 को ट्रेन संख्या 13409 मालदा टाउन-किउल इंटरसिटी एक्सप्रेस की नियमित जांच के दौरान, जब ट्रेन साहिबगंज जिला के मिजाचौकी रेलवे स्टेशन पर पहुंची, तो आरपीएफ स्टाफ द्वारा साधारण डिब्बे में एक संदिग्ध धूसर रंग का लावारिस बैग पाया गया। पूछताछ के बावजूद किसी यात्री ने बैग का दावा नहीं किया बैग को सावधानीपूर्वक उतारकर आगे की जांच के लिए मिजाचौकी आरपीएफ कैंप लाया गया। वहां गहन तलाशी में बैग के अंदर से एक दो नली वाली बंदूक (तीन हिस्सों में मोड़ी हुई एवं ऊनी कपड़े में लिपटी) तथा पाँच जिंदा कारतूस बरामद हुए। इस संबंध में आरपीएफ पोस्ट साहिबगंज को तत्काल सूचना दी गई। टीम मौके पर पहुंची और सभी आवश्यक कानूनी औपचारिकताएं पूरी की गई। बरामद हथियार और कारतूस को जब्त कर आगे की कानूनी कार्रवाई के लिए जीआरपी/साहिबगंज को सौंप दिया गया। पूर्व रेलवे, मालदा मंडल रेलवे परिसरों एवं ट्रेनों में एक सुरक्षित, संरक्षित एवं कानून-संगत वातावरण बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध है, विशेषकर त्योहारों के दौरान।

### आरएसएस का पथ संचलन सह शस्त्र पूजन कार्यक्रम का हुआ आयोजन



**साहिबगंज :** जिला के उधवा प्रखंड के राधानगर गांव में गुरुवार को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सुभाष चंद्र बोस तरुण विद्यार्थी शाखा राधानगर ने संघ के शताब्दी वर्ष समारोह के उपलक्ष में पथ संचलन सह विजयदशमी उत्सव कार्यक्रम आयोजित किया। सर्वप्रथम स्वयंसेवकों ने भगवा ध्वज को प्रणाम किया एवं मुख्य अतिथि ने दीप प्रज्वलित कर भारत माता, डॉ केशव राव बलिराम हेडगेवार, माधव सदाशिव गोलवलकर व दुर्गा माता की तस्वीर पर पुष्प अर्पित किया। इस दौरान संघ के स्वयंसेवकों ने पूर्ण गणवेश में राधानगर पंचायत के मीरनगर व महेशबथान सहित सभी गांव में पथ संचलन किया। ग्रामीणों ने जगह-जगह स्वयंसेवकों का पुष्पवर्षा कर अभिनंदन किया। दुर्गा मंदिर प्रांगण पहुंचने पर पथ संचलन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ एवं शस्त्र पूजन हुआ। संपूर्ण पथ संचलन से लेकर अंतिम समय बौद्धिक कार्यक्रम तक झमाझम बारिश हुई, परंतु संघ के स्वयंसेवकों ने अनुशासन व धैर्य का परिचय दिया। इस दौरान जिला सह कार्यवाह वेदप्रकाश ने संघ के सौ वर्षों के इतिहास पर प्रकाश डाला।

### आदि सेवा के अंतर्गत ग्राम सभा का आयोजन कर कई महत्वपूर्ण योजनाओं का किया गया चयन



**चौपारण :** प्रखंड के पंचायत चौपारण के ग्राम बिगहा टोला स्थित मुंडा टोला में आदि सेवा केंद्र के तहत एक ग्राम सभा का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता पंचायत के मुखिया पिंकी देवी ने किया एवं ग्राम सभा का संचालन पंचायत सचिव राजेश कुमार ने विधिवत तरीके से प्रारम्भ किया। ग्राम सभा के मुख्य अतिथि में शामिल एलआरडीसी अजय भगत एवं प्रखंड विकास पदाधिकारी नीतेश भास्कर उपस्थित हो कर ग्रामीणों को किस तरह से योजना को चयन करना है एवं हर तरीके से ग्रामीणों को योजना के बारे में रूबरू कराए साथ ही साथ प्रत्येक टोला में बसे आदिवासी भाई बहन को एक-एक कर प्रत्येक विंदु पर जानकारी दिए ताकि समुचित आदिवासी भाई बहन का कल्याण हो। इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने पूर्व मुखिया सह मुखिया प्रतिनिधि बिनोद कुमार सिंह, उपमुखिया प्रतिनिधि सुमन सिंह, जीआरएस रामशीष कुमार, पंचायत सहायक अनुज कु.सिंह, सनी कुमार, आंगनबाड़ी सेविका मीरा गुप्ता, जेएसएलपीएस चाइना सिंह, सरिता देवी, स्वास्थ्य सहिया बिजली देवी, शकुन देवी, वार्ड सदस्य राजेंद्र सिंह, सूमा कुमारी, अरुण रजक, आदि सेवा केंद्र अध्यक्ष घसिया मुंडा, सीएससी अजित कुमार, पीडीएस बिनोद प्रसाद केशरी एवं ग्रामीणों में धीरेन्द्र सिंह, पंकज सिंह, दास मुंडा, दुगुना मुंडा, दशरथ मुंडा, मिथुन शर्मा, मादी मुंडा, बिरसा मुंडा, फागू मुंडा, पांडु मुंडा, छतरी मुंडा, सुखराम मुंडा, बबलू मुंडा, प्रवीण मुंडा, शैलेन्द्र मुंडा, हरि मुंडा, एतवा मुंडा, बिंदराय मुंडा, सुकर बिरहोर, बुचन मुंडा, चंबूराय मुंडा, जादू मुंडा, महादेव मुंडा, सहित कई आदिवासी भाई बहन ग्राम सभा में शामिल हुए।

# केंद्र ने फार्मा-मेडटेक क्षेत्र में पीआरआईपी योजना के तहत उद्योग और स्टार्टअप परियोजनाओं के लिए प्रस्ताव किए आमंत्रित

**नई दिल्ली**

केंद्र सरकार ने फार्मा-मेडटेक क्षेत्र में अनुसंधान एवं नवाचार संवर्धन (पीआरआईपी) योजना के तहत उद्योग और स्टार्टअप परियोजनाओं के लिए लगभग 11,000 करोड़ रुपए के प्रस्ताव आमंत्रित किए हैं।

औषधि विभाग ने अपनी पीआरआईपी योजना के तहत अनुसंधान एवं नवाचार परियोजनाओं के लिए आवेदन आमंत्रित किए हैं। यह योजना इस क्षेत्र को वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी और इनोवेशन-संचालित क्षेत्र में बदलने की एक ऐतिहासिक पहल है।

5,000 करोड़ रुपए के स्वीकृत परिव्यय के साथ, इस योजना से नई दवाओं, जटिल जेनेरिक दवाओं, बायोसिमिलर और नए चिकित्सा उपकरणों में लगभग 11,000 करोड़ रुपए के कुल अनुसंधान एवं विकास निवेश वाली लगभग 300 परियोजनाओं को समर्थन देकर फार्मा-मेडटेक इनोवेशन पाइपलाइन को गति मिलने की उम्मीद है।

विभाग ने पहले अधिसूचित योजना में संशोधनों को अधिसूचित किया है और संशोधित दिशानिर्देश जारी किए हैं। संशोधित योजना के तहत, प्रारंभिक चरण की परियोजनाओं के लिए, एमएसएमई और स्टार्टअप 5 करोड़ रुपए तक की सहायता के लिए 9 करोड़ रुपए तक की लागत वाली परियोजनाओं के लिए आवेदन कर सकते हैं।

बाद के चरण की परियोजनाओं के लिए, उद्योग, एमएसएमई और स्टार्टअप्स की 285 करोड़ रुपए तक की लागत वाली परियोजनाएं 100 करोड़ रुपए तक की सहायता के लिए आवेदन कर सकती हैं।

प्रारंभिक चरण की परियोजनाओं के लिए वित्तीय सहायता का पैमाना 1 करोड़ रुपए तक की लागत के लिए 100 प्रतिशत और 1 करोड़ रुपए से अधिक की अतिरिक्त लागत का 50 प्रतिशत है, जो अधिकतम 5 करोड़ रुपए तक सीमित है।

बाद के चरण की परियोजनाओं के लिए वित्तीय सहायता का पैमाना परियोजना लागत का 35 प्रतिशत है, जो अधिकतम 100 करोड़ रुपए तक सीमित है।

इसके अलावा, उच्च सार्वजनिक स्वास्थ्य महत्व वाले लेकिन अपेक्षाकृत कम बाजार क्षमता वाले क्षेत्रों में भारत के स्वास्थ्य सुरक्षा ढांचे को मजबूत करने के उद्देश्य से, संशोधित योजना में प्रावधान है कि बाद के चरण की परियोजनाओं के लिए सहायता 50 प्रतिशत तक हो सकती है, जो अधिकतम 100 करोड़ रुपए तक सीमित है।

# ग्राहकों के लिए सुलभ है भारत की 5 सबसे सस्ती कारें

**नई दिल्ली**

पहले डुअल क्लच ट्रांसमिशन (डीसीटी) सुविधा महंगी कारों तक ही सीमित थी, लेकिन अब आम लोगों के लिए भी यह सुलभ हो गई है। इसकी शुरुआत टाटा अल्ट्रोज डीसीटी करता है।

इसका एक्स-शोरूम प्राइस लगभग रुपए 9.42 लाख है। 1.2 लीटर पेट्रोल इंजन और 6-स्पीड डीसीटी गियरबॉक्स के साथ यह कार 18 केएमपीएल तक का माइलेज देती है। मजबूत बिल्ड और स्मूद राइड के कारण यह सबसे सस्ती डीसीटी कार मानी जाती है।

किआ सोनेट डीसीटी में 1.0 लीटर टर्बो पेट्रोल इंजन और 7-स्पीड डीसीटी गियरबॉक्स मिलता है। इसकी कीमत रुपए 11.60 लाख से रुपए 13.65 लाख तक है और यह 18.31 केएमपीएल का माइलेज देती है।

स्टाइलिश डिजाइन और बेहतर टॉर्क इसे एसयूवी प्रेमियों में लोकप्रिय बनाता है। टाटा नेक्सन डीसीटी का एक्स-शोरूम प्राइस रुपए 11.16 लाख है। 1.2 लीटर टर्बो पेट्रोल इंजन के साथ यह कार 17.18 केएमपीएल का माइलेज देती है।

नेक्सन 5-स्टार एनकैप सेफ्टी रेटिंग प्राप्त करने वाली पहली भारतीय एसयूवी है, जो दमदार रोड प्रेजेंस और फीचर्स के साथ आती है। हुंडई वेन्यू डीसीटी 1.0 लीटर टर्बो इंजन और 7-स्पीड डीसीटी से लैस है। इसकी कीमत रुपए 10.93 लाख से शुरू होती है और यह 18.31केएमपीएल तक का माइलेज देती है। प्रीमियम इंटीरियर और आरामदायक राइड इसे कॉम्पैक्ट एसयूवी सेगमेंट में पसंदीदा बनाते हैं। हुंडई आई20 एनलाइन डीसीटी में भी 1.0 लीटर टर्बो पेट्रोल इंजन और 7-स्पीड डीसीटी गियरबॉक्स है। इसकी कीमत रुपए 10.23 लाख से रुपए 11.60 लाख तक है। कंपनी दावा करती है कि यह 20.2 केएमपीएल तक का माइलेज देती है।

स्पोर्टी लुक, डुअल एग्जॉस्ट और ऑल-ब्लैक इंटीरियर इसे युवाओं में खास बनाते हैं।

# मेक इन इंडिया खतरे में 0% GST ने भारतीय नोटबुक उद्योग को किया बर्बाद

**शिक्षा को सस्ता करने का फैसला बना अभिशाप, कच्चे माल पर 18% टैक्स और आसियान आयात पर शून्य ड्यूटी से लाखों रोजगार संकट में**

**मुंबई/इंदौर**

एक तरफ भारत सरकार जीएसटी 2.0 सुधारों के तहत आर्थिक विकास का दावा कर रही है, वहीं दूसरी तरफ ऑल इंडिया नोटबुक मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन ने 0% जीएसटी और आसियान (ASEAN) मुक्त व्यापार समझौते के घातक संयोजन पर कड़ी चिंता जताई है। एसोसिएशन का कहना है कि यह नीति भारतीय नोटबुक उद्योग के लिए विनाशकारी साबित हो रही है और प्रधानमंत्री के मेक इन इंडिया संकल्प के विपरीत है। कर प्रणाली का घातक असंतुलनएसोसिएशन ने सरकार को भेजे पत्र में स्पष्ट किया है कि नोटबुक पर 0त्न जीएसटी और आसियान एफटीए के तहत इंडोनेशिया, थाईलैंड और मलेशिया जैसे देशों से आयातित नोटबुक पर 0% कस्टम ड्यूटी के कारण यह उद्योग अस्तित्व के संकट से जूझ रहा है। ड्यूटी-मुक्त आयात 0% जीएसटी के कारण, इन आयातित उत्पादों पर आईजीएसटी (IGST) भी नहीं लग रहा है, जिससे ये पूरी तरह से ड्यूटी मुक्त होकर भारतीय उत्पादों की तुलना में अत्यधिक सस्ते हो जाते हैं। घरेलू निर्माताओं पर दोहरी मार भारतीय नोटबुक निर्माताओं को अपने कच्चे माल जैसे पेपरबोर्ड, गोंद, तार, पैकेजिंग सामग्री आदि पर 18त्न जीएसटी वहन करना पड़ता है, लेकिन उत्पाद पर 0% जीएसटी होने के कारण उन्हें इसका इनपुट टैक्स केडिट (ITC) नहीं मिलता। लागत में वृद्धि नोटबुक निर्माण में उपयोग होने वाला कोटेड पेपरबोर्ड जिस पर पहले 12% जीएसटी था, अब बढ़कर 18% हो गया है, जिससे घरेलू उत्पादन की लागत और बढ़ गई है। रोजगार और MSME पर सीधा हमला यह उद्योग मुख्यतः श्रम-प्रधान और लघु-स्तरीय (MSME) है, जो ग्रामीण और अर्ध-शहरी क्षेत्रों में लाखों लोगों को रोजगार देता है। इंडोनेशिया जैसे दुनिया के सबसे बड़े पेपर उत्पादक देशों से सस्ते आयात की बाढ़ ने भारतीय उद्योगों के लिए अस्तित्व का संकट पैदा कर दिया है। एसोसिएशन ने चेतावनी दी है कि यदि स्थिति नहीं सुधरी तो बड़े पैमाने पर बेरोजगारी, निवेश का नुकसान, और विदेशी मुद्रा पर प्रतिकूल असर पड़ना निश्चित है।

# ओएसएम ने दुनिया का पहला बिना ड्राइवर वाला इलेक्ट्रिक थ्री-व्हीलर किया लॉन्च

**चेयरमैन बोले-अब ऑटोनॉमस व्हीकल कोई सपना नहीं, बल्कि आज की जरूरत**

**नई दिल्ली**

भारतीय इलेक्ट्रिक मोबिलिटी सेक्टर में आज इतिहास रच दिया। ओमेगा सीकी मोबिलिटी (ओएसएम) ने दुनिया का पहला ऑटोनॉमस यानी बिना ड्राइवर वाला इलेक्ट्रिक थ्री-व्हीलर लॉन्च किया है। इसकी कीमत सिर्फ 4 लाख रुपए से शुरू है। ये व्हीकल अब कमर्शियल इस्तेमाल के लिए तैयार है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक ओएमएस ने इस थ्री-व्हीलर का नाम 'स्वयंगति' रखा है। इसे ओएसएम के इलेक्ट्रिक प्लेटफॉर्म और एआई-आधारित ऑटोनॉमी सिस्टम पर तैयार किया गया है।

यह शॉर्ट-डिस्टेंस ट्रांसपोर्ट जैसे एयरपोर्ट, स्मार्ट कैंपस, इंडस्ट्रियल पार्क, गेटेड कम्युनिटी और भीड़भाड़ वाले शहरी इलाकों में बिना ड्राइवर के चल सकेगा। वाहन को पहले से मैपिंग करके सेट किया जाता है, ताकि वह तय किए गए रास्ते पर सुरक्षित और सुचारू रूप से चल सके। एक रिपोर्ट के मुताबिक वैश्विक ऑटोनॉमस वाहन बाजार 2030 तक 620 बिलियन डॉलर से ज्यादा का हो जाएगा। ऐसे में 'स्वयंगति' भारत का पहला ऐसा प्रोडक्ट है, जो इस तेजी से बढ़ते ट्रेंड को मैच नहीं, बल्कि लीड करेगा। भारत जैसे देश में जहां ट्रैफिक और लास्ट-माइल कनेक्टिविटी सबसे बड़ी चुनौती है, वहां यह तकनीक सुरक्षित और किफायती समाधान लेकर आई है।

ओएसएम के फाउंडर और चेयरमैन ने कहा कि स्वयंगति का लॉन्च सिर्फ एक प्रोडक्ट नहीं, बल्कि भारत के ट्रांसपोर्टेशन भविष्य की दिशा तय करने वाला कदम है।

अब ऑटोनॉमस व्हीकल कोई सपना नहीं, बल्कि आज की जरूरत है। यह साबित करता है कि एआई और लिडार जैसी तकनीकें भारत में देश के लिए और सस्ती कीमत पर बनाई जा सकती हैं। ओएसएम के चीफ स्ट्रेटेजी ऑफिसर ने कहा कि हमारा मकसद ऑटोनॉमी को डेमोक्रेटाइज करना है। स्वयंगति ने दिखाया है कि ईवी इंडस्ट्री में इंटेलिजेंट सिस्टम्स को अब रोजमर्रा की मोबिलिटी में लाया जा सकता है। स्वयंगति ने हाल ही में 3 किमी की ऑटोनॉमस रूट टेस्टिंग पूरी की, जिसमें 7 स्टॉप, रीयल-टाइम ऑब्स्टेकल डिटेक्शन और पैसेंजर सेफ्टी शामिल थी।

# जीएसटी 2.0 से उत्तर प्रदेश में विकास को मिली रफ्तार, पीतल से लेकर चमड़ा उद्योग को हो रहा फायदा

**नई दिल्ली**

जीएसटी सुधार ने उत्तर प्रदेश की विविध अर्थव्यवस्था को लक्षित राहत प्रदान की है, जिसमें जीआई-पंजीकृत कालीन, पीतल के बर्तन, जरदोजी, जूते, चीनी मिट्टी के उत्पादन, खेल के सामान और सीमेंट शामिल हैं।

गुरुवार को जारी एक आधिकारिक बयान में कहा गया कि कम कर दरों से परिवारों की सामर्थ्य में सुधार होगा, कारीगरों पर कार्यशील पूंजी का दबाव कम होगा और घरेलू तथा वैश्विक दोनों बाजारों में एमएसएमई की प्रतिस्पर्धात्मकता मजबूत होगी। जीएसटी में टैक्स की दरें कम होने से भदोही के कालीन, मुरादाबाद के पीतल के बर्तन और सहारनपुर के लकड़ी के सामान के 6-7 प्रतिशत सस्ते होने की उम्मीद है, जिससे निर्यात को बढ़ावा मिलेगा और लाखों कारीगरों के रोजगार को बढ़ावा मिलेगा।

भदोही-मिर्जापुर-जौनपुर क्षेत्र भारत के सबसे बड़े हाथ से बुने और बुने हुए कालीन क्लस्टर में से एक है। जीएसटी दर 12 प्रतिशत से घटाकर 5 प्रतिशत करने के बाद, हाथ बने कालीन सस्ते हो गए हैं। कानपुर-आगरा क्षेत्र में 15 लाख श्रमिकों को रोजगार देने वाले चमड़ा और फुटवियर क्लस्टरों को भी जीएसटी दर में कटौती से लाभ मिलेगा, जिससे एमएसएमई की प्रतिस्पर्धात्मकता में सुधार होगा और निर्यात में वृद्धि होगी। जीएसटी सुधारों से उत्तर प्रदेश में लकड़ी के खिलौने और शिल्प क्षेत्र को बढ़ावा मिलेगा, जो पारिवारिक कारीगरों द्वारा संचालित है, जिनमें से कई अपने घरों से काम करते हैं। केवल वाराणसी और चित्रकूट के क्लस्टर लगभग 15,000-25,000 कारीगरों को रोजगार देते हैं, जबकि सहारनपुर में लकड़ी के काम और नक्काशी में लगे हजारों कारीगर रहते हैं। रामपुर भी इस पारंपरिक शिल्प नेटवर्क का हिस्सा है। ये क्लस्टर मेलों, धार्मिक खिलौनों और सजावट के माध्यम से मजबूत घरेलू मांग को पूरा करते हैं, और इनसे यूरोप और खाड़ी देशों तक मामूली निर्यात भी होता है। जीएसटी को 12 प्रतिशत से घटाकर 5 प्रतिशत करने से खिलौने और छोटे शिल्प सस्ते होने की उम्मीद है।

## इलेक्ट्रॉनिक्स कंपोनेंट मैन्युफैक्चरिंग स्कीम से 1.41 लाख लोगों को रोजगार मिलने की उम्मीदः केंद्र

**नई दिल्ली** इलेक्ट्रॉनिक्स कंपोनेंट मैन्युफैक्चरिंग स्कीम (ईसीएमएस) से 1.41 लाख लोगों को रोजगार मिलने की उम्मीद है। यह योजना बनाते समय की गई परिकल्पना 91,600 से करीब 1.5 गुना है। यह जानकारी केंद्र सरकार की ओर से गुरुवार को दी गई। केंद्र सरकार ने एक आधिकारिक दस्तावेज में कहा कि ईसीएमएस के तहत सरकार को 1.15 लाख करोड़ रुपए के निवेश प्रस्ताव मिले हैं, जो तय लक्ष्य 59,350 करोड़ रुपए से करीब दो गुना है। ईसीएमएस के लिए एप्लीकेशन विंडो 30 सितंबर को बंद हो गई है। इस योजना का उद्देश्य इलेक्ट्रॉनिक्स कंपोनेंट मैन्युफैक्चरिंग इकोसिस्टम में बड़े निवेश आकर्षित करना, क्षमता विकसित करके घरेलू मूल्य संवर्धन (डीएवी) और भारतीय कंपनियों को ग्लोबल वैल्यू चेन (जीवीसी) के साथ इंटीग्रेट करके एक मजबूत कंपोनेंट इकोसिस्टम विकसित करना है। इस स्कीम में सरकार द्वारा भारतीय मैन्युफैक्चरर्स को विभिन्न श्रेणियों के कंपोनेंट्स और सब-असेंबली के लिए अलग-अलग तरह के प्रोत्साहन प्रदान किए जाएंगे, जिससे वे टेक्नोलॉजिकल क्षमताएं और स्केल को हासिल कर पाएं।

## इस साल यूपीआई लेनदेन की संख्या 31 फीसदी बढ़कर 19.63 अरब पहुंची

**नई दिल्ली** इस साल सितंबर में यूनिफाइड पेमेंट इंटरफेस (यूपीआई) लेनदेन की संख्या 31 फीसदी बढ़कर 19.63 अरब हो गई है। साथ ही इन लेनदेन की वैल्यू सालाना आधार पर 21 फीसदी बढ़कर 24.90 लाख करोड़ पर पहुंच गई। यह जानकारी नेशनल पेमेंट कॉरपोरेशन (एनपीसीआई) ने दी। एनपीसीआई के मुताबिक औसत प्रति दिन लेनदेन की वैल्यू सितंबर में बढ़कर 82,991 करोड़ पर पहुंच गई, जो कि अगस्त में 80,177 करोड़ रुपए थी। सितंबर में प्रति दिन औसत 65.4 करोड़ लेनदेन हुए, जो कि अगस्त में औसत 64.5 करोड़ थे। इससे पहले अगस्त में यूपीआई ने पहली बार 20 अरब मासिक लेनदेन का आंकड़ा पार किया था। 2 अगस्त को रिकॉर्ड 70 करोड़ से ज्यादा लेनदेन हुए थे। इसके अलावा एनपीसीआई ने पर्सन-टू-मर्चेंट (पी2एम) लेनदेन की कुछ श्रेणियों के लिए लिमिट को बढ़ाकर 10 लाख रुपए 24 घंटों के लिए कर दिया है। हालांकि एनपीसीआई ने पर्सन-टू-पर्सन के लिए लिमिट को एक लाख रुपए प्रति दिन पर बरकरार रखा था। अब एक लेनदेन में 5 लाख रुपए तक के क्रेडिट कार्ड बिल का भुगतान यूपीआई के जरिए करने की अनुमति है, हालांकि 24 घंटे की सीमा 6 लाख रुपए तय की गई है। नए फ्रेमवर्क के तहत कैपिटल मार्केट और इंश्योरेंस पेमेंट के लिए प्रति लेनदेन सीमा 2 लाख रुपए से बढ़ाकर 5 लाख रुपए कर दी गई है, जबकि दैनिक सीमा 10 लाख रुपए है। सरकारी ई-मार्केट प्लेस लेनदेन की सीमा 1 लाख रुपए से बढ़ाकर 5 लाख रुपए प्रति लेनदेन कर दी गई है। यात्रा बुकिंग, ऋण चुकौती और ईएमआई संग्रह के लिए प्रति लेनदेन सीमा भी एक लाख रुपए से बढ़ाकर 5 लाख रुपए कर दी गई है।

## स्पेयर टायर हटाना शुरू कर दिया टाटा मोटर्स

**नईदिल्ली** केंद्रीय मोटर व्हीकल नियमों में बदलाव करके साल 2020 में सरकार ने यह प्रावधान किया था कि पैसेंजर व्हीकल को स्पेयर टायर के साथ बेचने की आवश्यकता नहीं होगी, यदि उसमें ट्यूबलेस टायर, टायर प्रेशर मॉनिटरिंग सिस्टम (टीपीएमएस) और पंचर रिपेयर किट मौजूद हो। उस समय यह बदलाव थोड़ा असामान्य लगा, लेकिन पांच साल बाद यह प्रथा धीरे-धीरे न सिर्फ प्रीमियम कारों में बल्कि मुख्यधारा की कारों में भी आम हो गई है। यूरोपीय बाजारों में यह वर्षों से चलन में है। टाटा मोटर्स ने अपनी छोटी इलेक्ट्रिक कारों जैसे पंच ईवी और टियागो ईवी के साथ-साथ हैरियर और सफारी पर भी स्पेयर टायर हटाना शुरू कर दिया है। वहीं, मारुति सुजुकी ने फ्रोंक्स और ग्रैंड विटारा के कुछ वैरिएंट से स्पेयर हटाया है। उल्लेखनीय है कि सभी वैरिएंट से स्पेयर टायर हटाने का पहला काम मारुति सुजुकी विक्टोरिस ने किया। कार से स्पेयर टायर हटाने के पीछे कई कारण हैं। सड़कों की स्थिति में सुधार, बेहतर टायर गुणवत्ता, टीपीएमएस और पंचर रिपेयर किट जैसी तकनीक, और टायर रिपेयर की दुकानों की उपलब्धता इसे संभव बना रही हैं। इसके अलावा, स्पेयर टायर हटाने से वाहन का वजन कम होता है, जिससे ईंधन दक्षता बढ़ती है और स्पेस का उपयोग सीएनजी सिलेंडर जैसे विकल्पों के लिए किया जा सकता है। हालांकि, कुछ कार मालिकों को यह बदलाव पसंद नहीं है, क्योंकि स्पेयर टायर लंबे समय से मोटरिंग सुरक्षा का अहम हिस्सा रहा है। फिर भी, बेहतर क्वालिटी के टायर और टीपीएमएस जैसी तकनीकें अब पहले ही प्रेशर में कमी आने की सूचना दे देती हैं।

## चालू वित्त वर्ष में आरबीआई से नीतिगत दर में एक और कटौती की उम्मीदः रिपोर्ट

**नई दिल्ली** क्रिसिल की एक लेटेस्ट रिपोर्ट के अनुसार, जीएसटी दरों में कटौती और कच्चे तेल की कम कीमतों के कारण इस वित्त वर्ष में मुद्रास्फीति चिंता का मुख्य विषय नहीं है । रिपोर्ट में कहा गया है कि अमेरिकी फेडरल रिजर्व (फेड) द्वारा दरों में कटौती की शुरुआत ने आरबीआई के लिए दरों में कटौती की गुंजाइश बढ़ा दी है। रिपोर्ट में कहा गया है कि फेड ने सितंबर में नीतिगत दरों में 25 आधार अंकों की कटौती की थी। एसएंडपी ग्लोबल को उम्मीद है कि कैलेंडर वर्ष 2025 के बाकी बचे समय में 25 आधार अंकों की दो और कटौती की जाएगी और हमें चालू वित्त वर्ष में आरबीआई द्वारा एक और दर कटौती की उम्मीद है। जीएसटी सुधार से मुद्रास्फीति में राहत मिलने की संभावना है, जो इस बात पर निर्भर करेगा कि उत्पादक इस कटौती का लाभ उपभोक्ता कीमतों पर कब डालते हैं। खाद्य और गैर-खाद्य वस्तुओं की एक विस्तृत श्रृंखला पर जीएसटी में कटौती की गई है, जिससे मुद्रास्फीति में महत्वपूर्ण कमी आने की संभावना है।प्रमुख खरीफ फसल उत्पादक राज्यों में अत्यधिक बारिश के कारण खाद्य मुद्रास्फीति को जोखिम का सामना करना पड़ सकता है। इसके बावजूद, पर्याप्त जलाशय स्तर रबी उत्पादन के लिए अच्छा संकेत हैं।

## रियलमी ने दिए संकेत, प्रशंसक की चाहत बढ़ी अब आगे क्या होगा

**नई दिल्ली** रियलमी ने एक बार फिर प्रशंसकों और तकनीक प्रेमियों का ध्यान अपनी ओर खींचा है। इसने आगामी सहयोग के बारे में बातचीत और अटकलों को जन्म दे दिया है, जिससे प्रशंसक यह जानना चाहते हैं कि आगे क्या होगा। पिछले कुछ सालों में रियलमी ने इनोवेशन को पॉप संस्कृति के साथ मिलाकर, युवा दर्शकों के साथ प्रतिध्वनित होने वाले यादगार अनुभवों का निर्माण करने वाले ब्रांड के रूप में अपनी छवि बनाई है। यह नया संकेत उसी दिशा में आगे बढ़ता है, जो अपनी कहानियों, पौराणिक पात्रों और शक्ति के प्रतिष्ठित प्रतीकों के लिए प्रसिद्ध एक ऐसे यूनिवर्स के साथ साझेदारी का सुझाव देता है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक वोंग द्वारा साझा किया गया यह वाक्यांश महाकाव्य युद्धों, शक्तिशाली राजवंशों और ऐसी दुनिया की कल्पना को उजागर करता है जहां रणनीति, डिजाइन और नियति एक साथ आते हैं, यह संकेत देता है कि यह सहयोग जितना कल्पनाशील है, उतना ही मनोरंजक भी हो सकता है। रियलमी ने अभी तक इस बारे में कोई जानकारी नहीं दी है, लेकिन समय और शब्दों के चयन ने प्रशंसकों और मीडिया को अटकलें लगाने पर मजबूर कर दिया है कि यह ब्रांड के अब तक के सबसे महत्वाकांक्षी सहयोगों में से एक हो सकता है। ब्रांड का दृष्टिकोण न केवल तकनीक के प्रति, बल्कि ऐसे अनुभव बनाने की प्रतिबद्धता को दर्शाता है जो कल्पना को पकड़ें और दुनिया भर के दर्शकों से गहराई से जुड़ें। प्रशंसकों को रियलमी के सोशल चैनलों को बारीकी से फॉलो करने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है, क्योंकि आने वाले हफ्तों में और भी नए आश्चर्य और संकेत सामने आने की उम्मीद है। यह संभावित सहयोग रियलमी के उस दृष्टिकोण को रेखांकित करता है जिसमें तकनीक को संस्कृति के साथ मिलाकर ऐसे अनुभव प्रदान किए जाते हैं जो अभिनव और अविस्मरणीय दोनों हों।

# ईएसआईसी ने अदालती मामलों के निपटारे के लिए नई एमनेस्टी योजना के दिशानिर्देश जारी किए

**नई दिल्ली**

कर्मचारी राज्य बीमा निगम (ईएसआईसी) ने अदालती मामलों के निपटारे और अभियोजन मामलों की वापसी के लिए नई एमनेस्टी योजना 2025 के लिए विस्तृत दिशानिर्देश जारी किए हैं। एक आधिकारिक बयान के अनुसार, इस उपाय का उद्देश्य अनुपालन को सरल बनाना और मुकदमेबाजी के बोझ को कम करना है, जिससे व्यापार को आसान बनाया जा सके। एमनेस्टी स्कीम 2025 एक वन-टाइम विवाद समाधान पहल है जिसका उद्देश्य अदालती मामलों के लंबित मामलों को कम करना, ईएसआई अधिनियम के तहत अनुपालन को बढ़ावा देना और व्यापार करने में आसानी को बढ़ाना है।

यह योजना नियोक्ताओं और बीमित व्यक्तियों को अदालतों के बाहर व्यवस्थित और पारदर्शी तरीके से विवादों का निपटारा करने का अवसर प्रदान करती है। यह योजना 1 अक्टूबर से 30 सितंबर, 2026 तक लागू रहेगी। यह योजना बंद और चालू दोनों इकाइयों दोनों के विवादों पर लागू होती है। पांच वर्षों से अधिक समय से बंद इकाइयों के मामले वापस ले लिए जाएंगे, इसमें वे इकाइयां शामिल हैं, जिनके मुकदमे पांच वर्षों से लंबित हैं और जिनका कोई मूल्यांकन नहीं हुआ है। वहीं, पांच वर्षों के अंदर बंद इकाइयों को रिकॉर्ड प्रस्तुत करने होंगे, स्वीकृत बकाया राशि ब्याज सहित चुकानी होगी और वे किसी भी नुकसान के लिए उत्तरदायी नहीं होंगी। चल रही इकाइयां अपने दावों के समर्थन में रिकॉर्ड प्रस्तुत करके भी विवादों का निपटारा कर सकती हैं और उन पर कोई हर्जाना नहीं लगाया जाएगा। हालांकि, ऐसे मामले जिनमें नियोक्ताओं ने ईएसआईसी पोर्टल पर फॉर्म-01 के माध्यम से स्वेच्छा से पंजीकरण




कराया है, उन्हें इससे बाहर रखा गया है।

विवाद समाधान के लिए एक व्यावहारिक, पारदर्शी और नियोक्ता-अनुकूल तंत्र प्रदान करके, यह योजना प्रक्रियागत बाधाओं को दूर करती है, लंबे समय से लंबित मामलों को तेजी से निपटाने में मदद करती है और हितधारकों के बीच विश्वास पैदा करती है। बयान में कहा गया है कि इससे नियोक्ताओं के लिए परिचालन संबंधी चुनौतियां कम होंगी, अदालतों पर कानूनी बोझ कम होगा और एक प्रगतिशील एवं उत्तरदायी सामाजिक सुरक्षा संस्थान के रूप में ईएसआईसी की भूमिका और मजबूत होगी।

# सरकार ने एंटी-मनी लॉन्ड्रिंग नियमों को तोड़ने के लिए 25 ऑफशोर क्रिप्टो एक्सचेंज को जारी किए नोटिस

**नई दिल्ली**

फाइनेंशियल इंटेलिजेंस यूनिट ऑफ इंडिया (एफआईयू - आईएनडी) ने 25 ऑफशोर क्रिप्टो एक्सचेंज को एंटी-मनी लॉन्ड्रिंग नियमों का पालन न करने के लिए नोटिस भेजा है। यह जानकारी वित्त मंत्रालय की ओर से बयान में दी गई। ये नोटिस प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट (पीएमएलए) की धारा 13 के तहत जारी किए गए थे। यह धारा अधिकारियों को जांच शुरू करने, कंपनी के रिकॉर्ड की जांच करने, ग्राहक विवरणों का सत्यापन करने और संदिग्ध लेनदेन पर रिपोर्ट मांगने का अधिकार देती है। नियमों का उल्लंघन करने वाली कंपनियों पर प्रत्येक उल्लंघन के लिए 1 लाख रुपए तक का जुर्माना लगाया जा सकता है। जिन 25 विदेशी कंपनियों को नोटिस जारी किए गए हैं, उनमें सिंगापुर की कॉइनडब्ल्यू, यूके की बीटीसीसी, हांगकांग की चांगेली और अमेरिका की पैक्सफुल शामिल हैं। अन्य कंपनियों में कंबोडिया की हुइओन, अमेरिका और यूके की सीईएक्सडॉटआईओ, ब्रिटिश वर्जिन आइलैंड्स की एलबैंक, सेंट लूसिया की प्राइमएक्सबीटी, हांगकांग की कॉइनएक्स, सिंगापुर की रेमीटानो, बोस्टन की पोनोनिएक्स, सेशेल्स की बिटमैक्स और लिकटेंस्टीन की एलसीएक्स शामिल हैं। फाइनेंशियल इंटेलिजेंस यूनिट ऑफ इंडिया ने सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम, 2000 के तहत अलग-अलग नोटिस भी जारी किए हैं, जिनमें पीएमएलए के तहत उचित पंजीकरण के बिना भारत में चल रहे ऐप्स और वेबसाइटों को हटाने का अनुरोध किया गया है। फाइनेंशियल इंटेलिजेंस यूनिट ऑफ इंडिया की स्थापना 2004 में की गई थी। यह संदिग्ध वित्तीय लेनदेन के बारे में जानकारी एकत्र करने और उसका विश्लेषण करने के लिए जिम्मेदार मुख्य एजेंसी है। मौजूदा समय में 50 क्रिप्टो वॉलेट फाइनेंशियल इंटेलिजेंस यूनिट ऑफ इंडिया के पास पंजीकृत हैं। हालांकि, कई विदेशी कंपनियां बिना पंजीकरण के भारत में काम कर रही हैं, जिससे वे एंटी-मनी लॉन्ड्रिंग और काउंटर-फाइनेंशिंग ऑफ टेररिज्म (एएमएल-सीएफटी) ढांचे से बाहर हैं। सरकार ने स्पष्ट किया है कि भारतीय यूजर्स को सेवा प्रदान करने वाले सभी क्रिप्टो वॉलेट सर्विस प्रोवाइडर्स (चाहे वे भारत में स्थित हों या विदेश में) को एफआईयू-आईएनडी के साथ पंजीकरण करना होगा।

CoinW

## एनआईटीईएस का आरोप, टीसीएस ने पुणे में 2,500 कर्मचारियों को इस्तीफा देने के लिए मजबूर किया

**नई दिल्ली** नैसेंट आईटी एम्प्लॉइज सीनेट (एनआईटीईएस) ने टाटा ग्रुप की आईटी कंपनी टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) पर आरोप लगाया है कि कंपनी पुणे में करीब 2,500 कर्मचारियों को इस्तीफा देने के लिए मजबूर कर रही है। एनआईटीईएस एक फोरम है, जो कि आईटी सेक्टर के कर्मचारियों का प्रतिनिधित्व करती है। यह आरोप एनआईटीईएस के अध्यक्ष हरप्रीत सिंह सलूजा द्वारा महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस को लिखे गए पत्र में लगाया गया है, जिसमें प्रभावित कर्मचारियों की सुरक्षा के लिए तत्काल कार्रवाई की मांग की गई है। एनआईटीईएस के अनुसार, केंद्रीय श्रम मंत्रालय ने महाराष्ट्र के श्रम सचिव से इस मामले की जांच करने को कहा है। हालांकि, सलूजा ने कहा कि जमीनी स्तर पर स्थिति और भी खराब हो गई है, हाल के हफ्तों में पुणे में हजारों कर्मचारियों को कथित तौर पर अपनी नौकरी से हाथ धोना पड़ा है। एनआईटीईएस ने दावा किया कि इनमें से कई कर्मचारी मध्यम से वरिष्ठ स्तर के पेशेवर हैं, जिन्होंने टीसीएस में 10 से 20 साल बिताए हैं, और ज्यादातर की उम्र 40 साल से अधिक है। एनआईटीईएस ने कहा कि मौजूदा बाजार में नई नौकरियां ढूंढ़ना उनके लिए बेहद मुश्किल है, क्योंकि उनके पास होम लोन, स्कूल की फीस और बुजुर्ग माता-पिता की देखभाल जैसी वित्तीय जिम्मेदारियां हैं।

# जी.डी.ए. में जोश चाहिए तो निशांत कुमार को लाना होगा

## CM हाउस पहुंचे कार्यकर्ता बोले-हिलसा से चुनाव लड़ें; मुख्यमंत्री ने कहा- इस पर सोचेंगे



# 25 लाख महिलाओं के खाते में सीएम ने भेजे 10 हजार



इससे पहले मुख्यमंत्री ने बिहार की 25 लाख महिलाओं के खाते में 10-10 हजार रुपए भेजे। महिलाओं को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने के लिए मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना के तहत राशि ट्रांसफर हुई।पटना में मुख्यमंत्री आवास में इसे लेकर विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर (DBT) के जरिएपैसे ट्रांसफर किए।

**पटना।** बिहार की पॉलिटिकल पार्टियां चुनावी मोड में आ चुकी हैं। इसी कड़ी में आज शुक्रवार को नीतीश कुमार ने पार्टी कार्यकताओं से बात की। पटना में सीएम हाउस में करीब 400 कार्यकर्ता पहुंचे। जिनसे सीएम नीतीश ने सरकारी योजनाओं को लेकर फीडबैक लिया। मीटिंग में आए कुछ नेताओं ने नीतीश कुमार के बेटे निशांत कुमार को राजनीति में लाने की मांग की। नालंदा से आए जिलाध्यक्ष अजीत चंद्रवंशी ने कहा, 'हमने मुख्यमंत्री से कहा, अगर पार्टी में जोश लाना है तो निशांत कुमार को पार्टी में लाना होगा। हम लोग चाहते हैं कि निशांत भी नीतीश कुमार की तरह जज्बे के साथ राजनीति में उतरें। मुख्यमंत्री ने कहा है, वो इस पर विचार करेंगे।' वहीं हिलसा से जिला उपाध्यक्ष आए भरत शर्मा ने कहा, 'पूरे जिले के कार्यकर्ताओं ने एक साथ नालंदा में बैठकर इस पर विचार किया है और निशांत के चुनाव लड़ने की बात हमने मुख्यमंत्री के सामने रखी है।''सीएम ने आश्वासन दिया है कि उस पर विचार किया जाएगा। सीएम ने कहा कि, आप लोग अपने क्षेत्र में मेहनत करिए, हम लोग देखते हैं।'सभी नेता आज सीएम हाउस पहुंचे थे। अंदर एक मीटिंग हॉल में सब को बैठाया गया था। इसके बाद एक एक कर के सभी से सीएम ने मुलाकात की। करीब 3 घंटे चली मीटिंग में सभी क्षेत्र को लेकर नीतीश कुमार ने फीडबैक लिया है। NDA की ओर से जितनी भी योजना चलाई जा रही है। उसको जनता तक पहुंचाने के लिए सीएम ने कहा है। मीटिंग में सीएम नीतीश के साथ, राज्यसभा सांसद संजय झा, केंद्रीय मंत्री ललन सिंह, जेडीयू प्रदेश अध्यक्ष उमेश कुशवाहा, MLC संजय गांधी मौजूद थे। कार्यक्रम में दोनों डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा सहित कई मंत्री भी मौजूद रहे। डिप्टी सीएम विजय कुमार सिन्हा कार्यक्रम में थोड़ा लेट पहुंचे तो सीएम ने टोका। सीएम नीतीश ने उनके आने पर कहा, 'आ गए...थोड़ा सा आप लेट से आते हैं।'इसके पहले 26 सितंबर को पीएम मोदी ने 75 लाख महिलाओं के खाते में राशि ट्रांसफर की थी। आज 25 लाख महिलाओं के खाते में 10 हजार भेजे गए।आज 25 लाख महिलाओं के राशि मिली। इसके साथ ही 10 हजार पाने वाली महिलाओं की संख्या 1 करोड़ हो गई। लाभार्थियों में 1 करोड़ नंबर पर समस्तीपुर की रहने वाली अंजू रहीं। उन्होंने सीएम नीतीश से कहा, 'इस पैसे को मिलने से हम काफी आगे बढ़ेंगे। हम अपने गांव में किराना दुकान खोलेंगे।''इससे पहले जब आपने महिला संवाद किया था, उससे काफी फायदा मिला। आपने 400 से पेंशन राशि को 1100 किया, 125 यूनिट बिजली फ्री कर दी है।'वहीं मंत्री विजय सिन्हा ने अंजू देवी की तारीफ करते हुए कहा, 'आपने जो सफलता की कहानी बताई है, इससे कई और महिलाओं को प्रेरणा मिलेगी। आपने समस्तीपुर को खेती के लिए फेमस कर दिया है।'हले की सरकार ने कोई काम नहीं किया: सीएममौके पर सीएम नीतीश ने कहा, 'आज 25 लाख महिलाओं को 10 हजार रुपए दिए गए। 26 सितंबर को पीएम मोदी ने इस योजना की शुरूआत की थी। 75 लाख महिलाओं को राशि दी गई थी। अब कुल 1 करोड़ महिलाओं को इस योजना का लाभ मिल जाएगा।''इस योजना का फायदा राज्य की हर एक परिवार को दिया जाएगा। जो महिलाएं रह गई हैं, अगली डेट 6.10.2025 को उन्हें पैसे दिए जाएंगे। उसके बाद हर हफ्ते राशि दी जाएगी।''पहले की सरकार ने कोई काम नहीं किया। जब बीजेपी और जेडीयू की सरकार बनी, तब से बिहार के विकास में लगे हुए है। अब कानून का राज्य है।''पहली की सरकार ने महिला के लिए कुछ काम नहीं किया था। वो लोग बस इधर-उधर करते रहते हैं। हमने महिलाओं के लिए कितना काम किया है।'PM मोदी ने की थी शुरूआत, अब नीतीश ने दूसरे फेज की राशि भेजी इस योजना की शुरूआत 26 सितंबर 2025 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वर्चुअल माध्यम से की थी। उस दौरान प्रधानमंत्री ने 75 लाख महिलाओं के खातों में 10-10 हजार की राशि ट्रांसफर की थी। कार्यक्रम में कई जीविका दीदियों ने अपनी कहानियां साझा कीं। भोजपुर की रीता देवी की तेज रफ्तार में बातें सुनकर मुस्कुरा दिए और बोले थेआप कितनी तेजी से बोलती हैं, इतनी सारी योजनाएं गिना दीं!। वहीं, गया की नूरजहां खातून से प्रभावित होकर उन्होंने कहा आप हफ्ते में 50 महिलाओं को इकट्ठा कर अपनी बातें बताइए, इससे और लोग प्रेरित होंगे। महिलाएं नीतीश की कोर वोटर 2005 में सत्ता में आने के बाद से नीतीश कुमार महिलाओं के लिए योजना शुरू की हैं। सबसे पहले उन्होंने पंचायतों में महिलाओं को 50% रिजर्वेशन दिया। फिर शराबबंदी लागू कर दी। बीते 15 साल में बिहार में महिलाएं वोट बैंक बनकर उभरी हैं और उनका सपोर्ट NDA के साथ रहा है। 2020 विधानसभा चुनाव में 54.6% पुरुषों और 59.7% महिलाओं ने वोट डाले। 243 विधानसभा सीटों में 167 सीटों पर महिलाओं ने पुरुषों से ज्यादा वोट डाले। इनमें से 90 सीटों पर NDA को जीत मिली। NDA को कुल 125 सीटें मिली थीं।

2010 और 2015 में भी महिलाओं ने नीतीश कुमार की सरकार बनवाई थी। 2010 में पुरुषों की तुलना में 1.5% और 2015 में 9% महिलाओं ने ज्यादा वोटिंग की थी।मनीष कश्यप बोले-सरकार अपंग बना रही जन सुराज के नेता मनीष कश्यप ने पर वीडियो शेयर कर जीविका दीदियों से कहा, 'आप जो 10 हजार रुपए ले रही हैं। अगर आपने समय पर इसे नहीं चुकाया तो सिबिल स्कोर डाउन हो जाएगा।'

# धमदाहा में गांधी जयंती पर बच्चों ने दी श्रद्धांजलि




**पूर्णिया।** धमदाहा में 2 अक्टूबर को गांधी जयंती के अवसर पर एक कोचिंग सेंटर में अध्यापिका मोहिनी कुमारी के नेतृत्व में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर बच्चों ने महात्मा गांधी की तस्वीर पर तैल चित्र व पुष्प अर्पित कर राष्ट्रपिता को नमन किया।अध्यापिका मोहिनी कुमारी ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि बापू का जीवन सत्य, अहिंसा और सादगी का आदर्श उदाहरण है।उनके विचारों पर चलना ही सच्ची श्रद्धांजलि है। उन्होंने बच्चों को प्रेरित किया कि यदि वे गांधी जी के मार्ग का अनुसरण करेंगे तो न केवल उनका जीवन संवर जाएगा बल्कि समाज को भी नई दिशा मिलेगी।कार्यक्रम में संस्थान की शिक्षिका मोहिनी कुमारी व दूसरी शिक्षिका जुली कुमारी सहित दर्जनों छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया।इसमें वैष्णवी कुमारी, मुस्कान कुमारी, ज्योति कुमारी, राजनंदनी कुमारी, चांदनी कुमारी, रोहित कुमार, शिवम कुमार, अमन कुमार, शिवांश, अनंत, कन्हैया समेत बड़ी संख्या में छात्र-छात्रा शामिल थे। सभी ने बापू की तस्वीर पर पुष्प अर्पित किए और उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया।इस अवसर पर बच्चों ने शिक्षकों के समक्ष शपथ ली कि वे सत्य, अहिंसा और अनुशासन को अपने जीवन का हिस्सा बनाएंगे तथा गांधी जी के विचारों पर चलकर समाज में शांति और भाईचारे का संदेश फैलाएंगे।कार्यक्रम का समापन अध्यापिका मोहिनी कुमारी ने बच्चों के बीच चॉकलेट वितरण कर किया। इस दौरान पूरे परिसर में श्रद्धा, उत्साह और देशभक्ति का माहौल बना रहा।

# पूर्णिया में वंदे भारत से कटकर 4 भाइयों की मौत





**पूर्णिया।** में शुक्रवार सुबह दशहरे का मेला देखकर लौट रहे 5 बच्चे वंदे भारत की चपेट में आ गए। इनमें से 4 बच्चों की मौके पर मौत हो गई। एक की हालत गंभीर है। घायल को पूर्णिया मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है। सभी एक ही परिवार से थे और रिश्ते में भाई थे। बच्चे बनमनखी प्रखंड के जानकीनगर थाना क्षेत्र के ठाकुरपट्टी वार्ड 4 के रहने वाले हैं। मृतकों की पहचान सुंदर कुमार (15), सिंटू कुमार (14), जिगर कुमार (14) और रोहित कुमार (15) के रूप में हुई है। घायल का नाम कुलदीप कुमार (12) है। सभी महादलित परिवार से हैं। ट्रेन की चपेट में आने से एक का कमर से नीचे का हिस्सा और दोनों हाथ कट गया। दूसरे के सिर के पीछे हिस्से में चोट लगी और तीसरे के ब्रेन में चोट लगी। एक का हाथ कटकर अलग हो गया। जबकि घायल के दोनों पैर ट्रेन की चपेट में आ गए हैं। हादसा कसबा थाना क्षेत्र के कटिहार-जोगबनी रेलखंड पर जवनपुर के पास हुआ।हादसे के वक्त मौके पर मौजूद लोगों ने बताया, सभी लोग रेलवे ट्रैक पार कर रहे थे। जोगबनी



से दानापुर जा रही वंदे भारत एक्सप्रेस वहां से गुजरी। ट्रेन सभी को उड़ाते हुए निकल गई। ट्रेन की रफ्तार इतनी तेज थी कि किसी को संभलने का मौका ही नहीं मिला।

एक ही परिवार के हैं सभी बच्चे मृतक श्यामसुंदर के पिता ब्रह्मदेव ऋषि ने बताया कि सभी मेला देखने कसबा गए थे। मृतकों में उनका बेटा, भतीजा और भगना शामिल है। वे लोग ठाकुरपट्टी के रहने वाले हैं। घर की माली हालत खराब होने की वजह से सभी मुफस्सिल थाना क्षेत्र के सपनी में रहकर मखाना फोड़ी का काम करते हैं। डेढ़ महीने से सभी वहां दरभंगा के ठेकेदार के अंदर रहकर मखाना फोड़ी का काम करते हैं। उन्हें मेहनताना के तौर पर 350 रुपए रोजाना के मिलते थे।

हादसे पर दुख जताते हुए बनमनखी विधायक कृष्ण कुमार ऋषिदेव ने कहा कि, 'मृतकों में जान गंवाने वाले सभी महादलित परिवार हैं। सभी बनमनखी के रहने वाले हैं। जिनकी उम्र 12 से 15 साल के बीच है। सभी मुफस्सिल थाना क्षेत्र के सपनी में रहकर मखाना फोड़ने का काम करते थे। मेला देखने कसबा गए थे। उसी दौरान हादसा हो गया।जानकारी मिली है कि दरभंगा के ठेकेदार के द्वारा नाबालिगों से मखाना फोड़ने का काम कराया जा रहा था। पुलिस प्रशासन इसका पता लगा रही है। इनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। पीड़ित परिवार को हर संभव मदद दी जाएगी।'पप्पू यादव के प्रतिनिधि ने की 20 लाख के मुआवजे की मांगसांसद पप्पू यादव के प्रतिनिधि राजेश यादव घटना की सूचना मिलते ही ऋ्टउल पहुंचे। सांसद प्रतिनिधि ने हादसे में जान गंवाने वाले मृतक के परिवार वालों के लिए 20 लाख कैश और रेलवे में सरकारी नौकरी दिए जाने की मांग की और कहा कि इसी घटना से मालूम पड़ेगा कि जो सरकार खुद को महादलितों का हितैषी बताती है, सही मायने में उसे लेकर कितनी हमदर्दी है।15 सितंबर को हुआ था शुभारंभबता दें कि सीमांचल को राजधानी पटना से जोड़ने वाली पहली वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 15 सितंबर को वर्चुअल हरी झंडी दिखाकर रवाना किया था। 17 सितंबर से इसका नियमित परिचालन शुरू हुआ था। हादसे की खबर फैलते ही आसपास के गांवों से हजारों की भीड़ जुट गई। स्थानीय जनप्रतिनिधि और प्रशासनिक अधिकारी भी मौके पर पहुंचे और स्थिति पर नजर रखे हुए हैं।

# चुनाव से पहले परबत्ता विधायक ने छोड़ा नीतीश का साथ

RJD में शामिल होंगे डॉ. संजीव; हॉर्स ट्रेडिंग मामले में चर्चा में रह






नाव की घोषणा से पहले नीतीश कुमार की पार्टी के विधायक पाला बदल रहे हैं। खगड़िया के परबत्ता से जनता दल यूनाइटेड (जदयू) के विधायक डॉ. संजीव कुमार आज शुक्रवार को राष्ट्रीय जनता दल (राजद) में शामिल होने जा रहे हैं। वे पिछले कुछ महीनों से पार्टी से नाराज चल रहे थे। खगड़िया के राजद जिलाध्यक्ष मनोहर कुमार यादव ने डॉ. संजीव के पार्टी में आने की पुष्टि करते हुए बताया कि 3 अक्टूबर को गोगरी में सदस्यता ग्रहण करेंगे।भगवान हाई स्कूल कैंपस में आयोजित एक समारोह में हजारों समर्थकों के साथ आधिकारिक तौर पर राजद की सदस्यता लेगे। इस कार्यक्रम में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव भी उपस्थित रहेंगे। डॉ. संजीव सिंह का यह कदम JDU के लिए एक महत्वपूर्ण सीट पर बड़ा नुकसान माना जा रहा है। 2020 के विधानसभा चुनाव में डॉ. संजीव सिंह ने परबत्ता सीट पर RJD के दिगंबर प्रसाद तिवारी को मात्र 951 वोटों के करीबी अंतर से हराया था। जदयू विधायक 2024 में हॉर्स ट्रेडिंग मामले को लेकर भी सुर्खियों में रह चुके हैं।टिकट कटने की चर्चा और ब्रह्मर्षि सम्मेलन जानकारों की माने तो डॉ. संजीव सिंह का जदयू और एनडीए से मोहभंग काफी पहले हो चुका था। हाल ही में उन्होंने पटना में ब्रह्मर्षि सम्मेलन आयोजित कर अपनी जाति के लोगों को गोलबंद करने का प्रयास किया था। पार्टी छोड़ने के पीछे मुख्य कारण आनेवाले विधानसभा चुनाव में JDU से टिकट कटने की चर्चा भी बताई जा रही है।

खुद भूमिहार समुदाय से आने वाले डॉ. संजीव का फ्खऊ में शामिल होना तेजस्वी यादव के लिए एक जीत मानी जा रही है, क्योंकि RJD लगातार अपने पारंपरिक ट (मुस्लिम-यादव) समीकरण से बाहर निकलकर अन्य जाति समूहों में पैठ बनाने की कोशिश कर रही है। बता दें कि 27 सितंबर को परबत्ता में आयोजित विधानसभा स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन और 25 सितंबर को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के कार्यक्रम में उनकी अनुपस्थिति ने पार्टी बदलने की अटकलों को और बल दिया था।डॉ. संजीव कुमार अपनी बेबाकी और विभिन्न मुद्दों पर स्पष्ट राय रखने के लिए जाने जाते हैं। सत्तारूढ़ गठबंधन का हिस्सा रहते हुए भी उन्होंने किसानों के अधिकारों, जमीन विवादों और निर्माण परियोजनाओं में अनियमितताओं जैसे विषयों पर अपनी ही सरकार की आलोचना की थी।हॉर्स ट्रेडिंग मामले में हो चुकी पूछताछ साल 2024 में एनडीए सरकार के फ्लोर टेस्ट से पहले हॉर्स ट्रेडिंग का मामला गरमाया। इस मामले की जांच आर्थिक अपराध इकाई (ईओयू) कर रही है। हॉर्स ट्रेडिंग को लेकर जुलाई 2025 में एजेंसी ने उनसे पूछताछ भी की थी। इस मामले में 22 दिन पहले जदयू विधायक डॉ. संजीव के बॉडीगार्ड से पूछताछ की थी। परबत्ता सीट पर परिवार की पकड़ बता दें कि परबत्ता सीट जदयू का पारंपरिक गढ़ मानी जाती रही है। यहां से कई बार संजीव के पिता विधायक रहे है। ऐसे में संजीव कुमार का आरजेडी में जाना जदयू की पकड़ कमजोर करेगा। राजनीतिक जानकारों का मानना है कि तेजस्वी यादव की पार्टी को खगड़िया और आसपास की सीटों पर संगठनात्मक ताकत की कमी थी। संजीव कुमार की एंट्री न केवल इस कमी को पूरा करेगी, बल्कि सवर्ण राजनीति में भी आरजेडी के लिए नए दरवाजे खोलेगी।

## संक्षिप्त डायरी

# पूर्णिया में फूंका 55 फीट ऊंचा रावण का पुतला





**पूर्णिया** । में विजयादशमी पर 55 फीट ऊंचे और 10 फीट चौड़े रावण के पुतले का दहन किया गया। रावण दहन के आयोजन मरंगा वार्ड 9 स्थित श्री श्री 108 सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति ग्राउंड में रात 9 बजे कार्यक्रम हुआ। मुख्य अतिथि के रूप में पूर्णिया सांसद पप्पू यादव शामिल हुए, जिन्होंने रावण दहन कार्यक्रम की शुरूआत करते हुए रावण, मेघनाथ और कुंभकर्ण के पुतले को आग के हवाले किया।समिति के सदस्य नागेंद्र यादव, उपेंद्र यादव और उमेश यादव ने बताया कि 55 फीट ऊंचे और 10 फीट चौड़े विशाल रावण के 10 सिर लगाए गए थे। इसे तैयार करने में कारीगरों को महीनों का समय लगा है। कार्यक्रम में हर साल हजारों लोग शामिल होते हैं। इस बार भी इसे लेकर लोगों में खासा उत्साह है। आसपास के गांवों से भी लोग जुटते हैं और मेले जैसा माहौल बन जाता है।सनातन धर्म में विजयादशमी का विशेष महत्व माना जाता है। यह पर्व अच्छाई की बुराई पर जीत का प्रतीक है। रावण दहन कार्यक्रम धार्मिक और सांस्कृतिक दोनों ही दृष्टिकोण से बेहद अहम है।पिछले साल भी मुख्य अतिथि थे पप्पू यादवगौरतलब है कि पिछले साल भी मरंगा के इसी मैदान में रावण दहन कार्यक्रम के दौरान सांसद पप्पू यादव शामिल हुए थे। लेकिन उस दौरान बड़ा हादसा हो गया था। रॉकेट से निकली चिंगारी उनकी दाहिनी आंख में लग गई थी, जिससे वे जख्मी हो गए थे। उन्हें तुरंत मैक्स 7 अस्पताल ले जाया गया। इलाज के बाद वे रात में ही मधेपुरा रवाना हो गए थे। पिछले साल समिति की ओर से 40 फीट का रावण, 35 फीट का कुंभकरण और 30 फीट का मेघनाथ का पुतला तैयार किया गया था। सांसद ने ही दहन की शुरूआत की थी, तभी रॉकेट से तेज चिंगारी निकलकर उनके चेहरे तक पहुंची और वे घायल हो गए थे।पिछले साल की घटना को देखते हुए इस बार आयोजन समिति और प्रशासन ने सुरक्षा व्यवस्था पुख्ता करने का दावा किया है। कार्यक्रम स्थल पर भीड़ नियंत्रण और आग से सुरक्षा के लिए विशेष इंतजाम किए गए हैं।

# पूर्णिया के बायसी में विसर्जन से पहले बड़ा हादसा



**पूर्णिया।** के बायसी में गुरुवार की शाम मां दुर्गा की प्रतिमा के विसर्जन से पहले बड़ा हादसा हो गया। तेज रफ्तार एक स्कॉर्पियो बेकाबू होकर सीधे पूजा पंडाल में जा घुसी। पंडाल में मौजूद 5 लोगों को टक्कर मारती हुई खेत में पलटी खा गई। इस हादसे में पुजारी की मौत हो गई, जबकि चार श्रद्धालु गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद पूजा पंडाल में अफरातफरी मच गई। लोग जान बचाकर इधर-उधर जा घुसे। घटना बायसी थाना क्षेत्र के मीनापुर पंचायत के बैरिया सरबजिया स्थित दुर्गा मंदिर पंडाल की है। इस दर्दनाक हादसे में मंदिर के पुजारी भागवत महलदार (60) की मौत हो गई। पुजारी बायसी के ही बैरिया सरबजिया टोला के रहने वाले हैं। जबकि चार अन्य श्रद्धालु गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें स्थानीय लोगों की मदद से इलाज के लिए पूर्णिया मेडिकल कॉलेज भेजा गया है।हादसे में मंदिर में लगा लाउडस्पीकर और अन्य सजावट की सामग्री बर्बाद हो गई। हजारों की संख्या में श्रद्धालु वहां जुट गए। मौका देख चालक मौके से फरार हो गया। ग्रामीणों ने बताया कि स्कॉर्पियो चालक बैरिया सरबजिया गांव का ही रहने वाला है। हादसे के बाद से क्षेत्र में तनाव का माहौल है। लोग बड़ी संख्या में मंदिर परिसर और गांव में जुटे हैं। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी है और फरार चालक की तलाश तेज कर दी गई है।

# रूपौली में उपप्रमुख पर हमला करने वाला गिरफ्तार




**पूर्णिया।** के रूपौली पुलिस ने उपप्रमुख राजा पंडित पर जानलेवा हमला करने के आरोपी आलोक कुमार पंडित उर्फ पिंटू पंडित को गिरफ्तार कर लिया है।आरोपी को न्यायालय में पेश करने के बाद न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है। यह हमला भूमि विवाद को लेकर हुआ था। सोमवार को आरोपी ने राजा पंडित पर जानलेवा हमला किया था।रूपौली थानाध्यक्ष अभय रंजन ने बताया कि यह घटना बीते सोमवार को हुई थी। रूपौली प्रखंड उपप्रमुख राजा कुमार पंडित पर उनके गांव गद्दिघाट में ही जानलेवा हमला किया गया था, जिसमें वे बुरी तरह घायल हो गए थे।पीड़ित राजा कुमार पंडित के आवेदन पर आलोक पंडित सहित पांच लोगों के खिलाफ नामजद मामला दर्ज किया गया था। हालांकि, इस मामले में दूसरे पक्ष के किशोर पंडित ने भी उपप्रमुख राजा पंडित सहित पांच अन्य लोगों के खिलाफ लिखित आवेदन देने की बात कही है।



## शहनाज़ का नया गाना 'खंड लगदी' कर रहा है खूब ट्रेंड

सोशल मीडिया पर एक्ट्रेस शहनाज़ गिल का नया गाना 'खंड लगदी' ट्रेंड कर रहा है, जिसे लेकर उन्होंने वीडियो मैसेज के जरिए खुशी जाहिर की। वीडियो में शहनाज़ कहती नजर आईं, 'मैंने अभी देखा कि हमारा 'खंड लगदी' गाना वायरल हो रहा है, थैंक्यू सो मच। सिंगर जैस्मिन ने भी इस गाने को बहुत अच्छा गाया है। मेरा भी मन कर रहा है गाना गुनगुनाने का, हालांकि मैं उनकी तरह नहीं गा पाऊंगी लेकिन कोशिश कर सकती हूं।' वीडियो शेयर करते हुए शहनाज़ ने कैप्शन में लिखा, 'खंड लगदी दुनिया भर में ट्रेंड कर रहा है। आप सभी के प्यार और रील्स के लिए बहुत-बहुत धन्यवाद, और मेरी खराब गायकी के लिए माफ करें।' इसके बाद उन्होंने गाने की कुछ लाइनें गुनगुनाईं, जिसे फैंस ने बेहद पसंद किया। उनकी प्यारी और मासूम अदाओं के साथ सिंगिंग का यह अंदाज सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो गया। फैंस ने शहनाज़ की इस कोशिश की जमकर तारीफ की। एक यूजर ने लिखा, 'आपकी आवाज में जादू है, हमारी क्वीन शहनाज़ गिल, गॉड ब्लेस यू।' वहीं एक अन्य ने कमेंट किया, 'गाने के लिरिक्स बहुत मुश्किल हैं लेकिन आपने बहुत प्यारा गाया है।' कई फैंस ने उनकी सिंगिंग टैलेंट को सराहते हुए लिखा कि वह एक्टिंग के साथ-साथ सिंगिंग में भी शानदार हैं। वर्क फ्रंट की बात करें तो 'खंड लगदी' शहनाज़ गिल की अपकमिंग पंजाबी फिल्म 'एक कुड़ी' का गाना है। इस फिल्म में वह लीड रोल में नजर आने वाली हैं। पहले फिल्म 19 सितंबर को रिलीज होने वाली थी, लेकिन पंजाब में आई बाढ़ की वजह से रिलीज डेट को आगे बढ़ा दिया गया। अब यह फिल्म 31 अक्टूबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

## करिश्मा कपूर का रॉयल लुक खूब भा रहा है फैंस को



अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर अभिनेत्री करिश्मा कपूर ने एक खास वीडियो पोस्ट किया, जिसने सोशल मीडिया पर धूम मचा दी। करिश्मा वीडियो में पारंपरिक अंदाज में नजर आ रही हैं और उनका रॉयल लुक फैंस को खूब भा रहा है। वीडियो में करिश्मा कपूर पीले रंग की खूबसूरत साड़ी पहने दिखाई दे रही हैं। उनके इस आउटफिट को भारी नेकलेस, झुमके और कड़े ने पूरा किया, जो उनके लुक को और भी आकर्षक बना रहे हैं। उन्होंने बालों को बन में बांधा और उस पर गजरा सजाया, जिससे उनका पारंपरिक लुक और निखरकर सामने आया। उनकी मुस्कान और आत्मविश्वास से भरी अदाएं फैंस का दिल जीत रही हैं। करिश्मा का यह वीडियो सामने आते ही सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। कमेंट बॉक्स में फैंस जमकर उनकी तारीफ कर रहे हैं। एक यूजर ने लिखा, 'आप बढ़ती उम्र के साथ और भी खूबसूरत होती जा रही हैं।' दूसरे ने लिखा, 'आपने साड़ी को बेहद शालीनता के साथ कैरी किया है, आप किसी राजकुमारी से कम नहीं लग रहीं।' वहीं कई लोगों ने उनकी उम्र पर हैरानी जताते हुए लिखा, 'क्या आप सच में 51 की हैं? यकीन नहीं होता, आप तो अभी भी 25 की लगती हैं।' करिश्मा कपूर 90 के दशक की टॉप एक्ट्रेसेस में शामिल रही हैं और अब भी उनका अंदाज नए कलाकारों को कड़ी टक्कर देता है। फैंस का कहना है कि करिश्मा का स्टाइल और ग्रेस उन्हें हमेशा युवा बनाए रखता है। उनके इस पोस्ट पर लगातार लाइक्स और कमेंट्स बढ़ रहे हैं और सोशल मीडिया पर यह वीडियो चर्चा का विषय बना हुआ है।



# अपकमिंग फिल्म 'धमाल-4' को लेकर चर्चा में ईशा गुप्ता

अपनी अपकमिंग फिल्म 'धमाल-4' को लेकर एक्ट्रेस ईशा गुप्ता चर्चा में हैं। उन्होंने सोशल मीडिया पर अपनी कुछ तस्वीरें शेयर कीं, जिनमें उनका ग्लैमरस अंदाज देखने को मिला। ईशा पहली तस्वीर में कमर पर हाथ रखकर दिलकश पोज देती नजर आईं, जबकि दूसरी तस्वीर में उनका अलग और स्टाइलिश लुक सामने आया।

इन तस्वीरों ने फैंस का ध्यान खींच लिया और कमेंट बॉक्स में तारीफों की बौछार शुरू हो गई। ईशा गुप्ता ने अपने करियर की शुरुआत फिल्म 'जन्नत 2' से की थी, जिसमें वह इमरान हाशमी के साथ नजर आई थीं। इसके बाद उन्होंने कई फिल्मों में अपनी एक्टिंग और स्टाइल से पहचान बनाई। अब वह 'धमाल-4' में दिखाई देंगी, जिसे लेकर दर्शकों में खासा उत्साह है। हाल ही में मेकर्स ने फिल्म का पोस्टर जारी किया, जिसके बाद से फैंस का इंतजार और भी बढ़ गया है। यह फिल्म टी-सीरीज, देवगन फिल्म्स, मारुति इंटरनेशनल और पैनोरमा स्टूडियोज के बैनर तले बनाई जा रही है। निर्देशन की कमान मशहूर फिल्ममेकर इंद्र कुमार के हाथ में है, जबकि अजय देवगन, भूषण कुमार, कृष्ण कुमार, अशोक ठकेरिया, इंद्र कुमार, आनंद पंडित और कुमार मंगत पाठक फिल्म के निर्माता हैं। साल 2011 में डबल धमाल और फिर टोटल धमाल आई, जिन्हें दर्शकों ने भरपूर प्यार दिया। अब धमाल-4 एक बार फिर हंसी और मनोरंजन का डोज देने के लिए तैयार है। यह फिल्म 2026 की ईद पर सिनेमाघरों में रिलीज होगी। फिल्म में अजय देवगन और ईशा गुप्ता के साथ संजय मिश्रा, संजीदा शेख, अंजलि आनंद, उपेंद्र लिमये, विजय पटकर और रवि किशन जैसे शानदार कलाकार भी अहम किरदार निभाते नजर आएंगे। फैंस का कहना है कि इस बार भी धमाल सीरीज अपनी पुरानी सफलता को दोहराएगी और उन्हें जोरदार कॉमेडी का तोहफा देगी। बता दें कि धमाल फैंचाइजी की शुरुआत साल 2007 में हुई थी, जिसमें संजय दत्त, रितेश देशमुख, अरशद वारसी और जावेद जाफरी की जोड़ी ने दर्शकों को खूब हंसाया।

## स्त्री-3 फिल्म सुनाएगी स्त्री के बचपन की कहानी




बालीवुड की अपकमिंग फिल्म थामा के साथ ही श्रद्धा कपूर की स्त्री मूवी सीरीज फिर एक बार सुर्खियों में है। बॉलीवुड एक्टर आयुष्मान खुराना और रश्मिका मंदाना इस फिल्म में प्रमुख भूमिका में है। दिनेश विजान के हॉरर कॉमेडी यूनिवर्स में अब जल्द ही कुछ और नए किरदार जुड़ने जा रहे हैं। एक तरफ जहां थामा का ट्रेलर हाल ही में रिलीज कर दिया गया है, वहीं दूसरी तरफ मैडॉक फिल्म्स ने अपना एनिमेटेड मूवी भी अनाउंस कर दिया है। इसका नाम छोटी स्त्री होगा।

दिलचस्प बात यह है कि छोटी स्त्री की कहानी सीधे स्त्री-3 से कनेक्ट होगी। श्रद्धा कपूर ने आयुष्मान खुराना की फिल्म थामा के ट्रेलर लॉन्च में इस फिल्म को फ्रेंचाइसी से अपना पसंदीदा पार्ट बताया। एक्ट्रेस ने बताया कि यह फिल्म ना सिर्फ एक मजेदार सफर साबित होगी, बल्कि आने वाली फिल्मों के लिए एक भूमिका भी रचेगी। इस बारे में श्रद्धा ने बताया कि इस एनिमेटेड शो को खासतौर पर बच्चों, परिवारों और मैडॉक फिल्म्स के पुराने फैंस को ध्यान में रखकर बनाया गया है। श्रद्धा कपूर ने कहा, जब दिनू (दिनेश विजान) ने मुझे इसके बारे में बताया तो मैंने कहा- सच में आपका नाम दिनेश विजन ही होना चाहिए। प्रोड्यूसर दिनेश विजान ने कन्फर्म किया कि छोटी स्त्री का क्लाइमैक्स सीधे तौर पर स्त्री-3 की कहानी से जुड़ा होगा। दिनेश विजान ने कहा, मजेदार बात यह है कि छोटी स्त्री की आखिर में एक सीन होगा जो सीधे स्त्री-3 से जुड़ा होगा। यह एनिमेशन से लाइव एक्शन में बदल जाएगा, साथ ही आपको यह भी बताएगा कि स्त्री की बैक स्टोरी क्या है। जहां एक तरफ दर्शक यह इंतजार कर रहे थे कि शायद उन्हें स्त्री की बैकस्टोरी स्त्री-3 में देखने को मिलेगी, वहीं मैडॉक फिल्म्स ने इसे एनिमेशन मूवी के जरिए दिखाने का ऐलान करके पूरा गेम ही बदल दिया है।

## पिछले 20 साल मेरे लिए दर्द से भरे रहे: रजत बेदी

सालों पहले कई हिट फिल्मों में नजर आने वाले विलेन रजत बेदी को हाल ही में आर्यन खान की डेब्यू सीरीज बैड्स ऑफ बॉलीवुड में देखा गया। इस सीरीज ने उन्हें एक नई पहचान और दोबारा ऑडियंस का प्यार दिलाया है। लेकिन रजत के लिए पिछले 20 साल दर्द से भरे रहे। इस मुश्किल वक्त में उनकी पत्नी उनके साथ खड़ी रहीं। रजत ने कहा, 'लोग सिर्फ मेरी वापसी देख रहे हैं, लेकिन पिछले 20 साल मेरे लिए दर्द से भरे रहे। मेरी पत्नी ने मेरा साथ नहीं छोड़ा, उन्होंने मेरे संघर्ष में बहुत दुख झेला। आज जब लोग मुझे पहचान रहे हैं, मेरी फैमिली भी इस खुशी को महसूस कर रही है।'



रजत बेदी ने लंबे वक्त तक फिल्मों से दूरी बना ली थी। 2000 के दशक में जब उनका करियर में ठहराव आया, तो उन्होंने एक्टिंग छोड़कर कनाडा जाना पड़ा। रजत ने वहां रियल एस्टेट का बिजनेस शुरू किया। लेकिन यह सफर आसान नहीं रहा। उन्होंने बताया कि बिजनेस में भी कई बार उन्हें धोखाधड़ी और बुरे समय का सामना करना पड़ा। बैड्स ऑफ बॉलीवुड में रजत बेदी ने जरज सक्सेना का किरदार निभाया है। एक ऐसा असफल एक्टर, जो 15 साल तक कॉन्ट्रैक्ट में बंधा रहता है और हर संभव तरीका अपनाकर दोबारा इंडस्ट्री में वापसी करने की कोशिश करता है। दिलचस्प बात ये है कि यह किरदार कहीं न कहीं रजत की असली जिंदगी से मिलता हुआ लग रहा है।



## कई बार फीमेल किरदार निभा चुके हैं आसिफ शेख

छोटे परदे के मशहूर अभिनेता आसिफ शेख ने खुलासा किया कि अब तक वह 35 से ज्यादा महिला किरदार निभा चुके हैं। आसिफ ने बताया कि उन्होंने महिला किरदार 21 साल की लड़की से लेकर 86-90 साल तक की बुजुर्ग महिला तक के निभाए हैं। उन्होंने कहा कि यह अपने आप में एक दिलचस्प और चुनौतीपूर्ण अनुभव होता है। किरदार की तैयारी के बारे में बताते हुए आसिफ ने कहा कि उनकी अप्रोच काफी सरल रहती है। निर्देशक उन्हें ट्विस्ट बताते हैं और फिर वह सोचते हैं कि किरदार किस स्थिति में कैसा लगेगा। इसके बाद उनके असिस्टेंट उन्हें रेफरेंस भेजते हैं, जिन्हें मिलाकर किरदार का स्केच तैयार किया जाता है। उन्होंने बताया कि इस स्केच के आधार पर कॉस्ट्यूम और विग चुने जाते हैं। अंत में किरदार की बोली-भाषा और एक्सेंट तय होता है।

आसिफ के मुताबिक, कभी-कभी किसी महिला किरदार को दिखाने के लिए खास तौर पर उसके बॉडी लैंग्वेज और एटिट्यूड पर काम किया जाता है। जैसे किसी मालिश वाली महिला के किरदार को निभाते समय उन्होंने उसकी चाल-ढाल और हाव-भाव को अलग अंदाज में पेश किया था। वहीं, किसी मॉडर्न और क्लासी लड़की को दर्शाने के लिए स्कर्ट और वेस्टर्न लुक अपनाया।

आसिफ शेख ने सिर्फ 'भाबीजी घर पर हैं' में ही नहीं, बल्कि 'यस बॉस', 'हम आपके हैं इन लॉज', 'एफ.आई.आर.' और कई फिल्मों में भी महिला किरदार निभाए हैं।

इन सभी भूमिकाओं में उनकी अदाकारी को खूब सराहा गया है। आसिफ का मानना है कि किसी भी किरदार को पूरी ईमानदारी और बारीकी से निभाना जरूरी है, चाहे वह महिला हो या पुरुष। शायद यही वजह है कि आज भी वह टीवी की दुनिया में कॉमिक रोल्स के लिए सबसे पसंदीदा एक्टर्स में गिने जाते हैं। बता दें कि अपने सुपरहिट शो 'भाबीजी घर पर हैं' में विभूति नारायण मिश्रा के किरदार से घर-घर में जाने जाते हैं। इस शो में उनका किरदार दर्शकों को खूब हंसाता है, लेकिन इसके पीछे की मेहनत भी कम नहीं होती। कई बार उन्हें कहानी के हिसाब से अलग-अलग लुक अपनाने पड़ते हैं।

## बहुप्रतीक्षित क्रिएचर थ्रिलर फिल्म की तैयारी कर रहे सिद्धांत चतुर्वेदी

हाल ही में सिनेमाघरों में धड़क 2 रिलीज़ हुई, जिसके बाद से अभिनेता सिद्धांत चतुर्वेदी लगातार सुर्खियों में बने हुए हैं। अब जब यह फिल्म नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम हो रही है, तो एक बार फिर फैंस उनकी एक्टिंग की तारीफ करते नहीं थक रहे। सिद्धांत ने हाल ही में सोशल मीडिया पर एक तस्वीर साझा की, जिसने उनके चाहने वालों की उत्सुकता और बढ़ा दी है। तस्वीर में वह कड़ी ट्रेनिंग करते नज़र आए, लेकिन खास बात उनके हाथ में मौजूद कॉफी कप था, जिस पर देवगन फिल्म्स का लोगो साफ दिखाई दे रहा था। यही वजह है कि इंटरनेट पर अटकलें तेज़ हो गई हैं कि सिद्धांत अजय देवगन की प्रोडक्शन कंपनी की बहुप्रतीक्षित क्रिएचर थ्रिलर फिल्म के लिए तैयारी कर रहे हैं। बताया जा रहा है कि इस फिल्म की शूटिंग अक्टूबर से शुरू हो सकती है। 'गली बॉय', 'गहराइयां' और हाल ही में आई धड़क 2 जैसी फिल्मों से अपनी अलग पहचान बनाने वाले सिद्धांत इस बार एक बेहद शारीरिक रूप से चुनौतीपूर्ण किरदार निभाने जा रहे हैं।



## 'सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी' रिलीज से पहले सितारों का प्रमोशन

फिल्म 'सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी' के रिलीज में अब सिर्फ एक दिन बाकी हैं फिल्म 2 अक्टूबर को रिलीज होगी, और पूरी टीम फिल्म को सफल बनाने के लिए जी-जान से जुटी हुई है। वरुण धवन, जाह्नवी कपूर, सान्या मल्होत्रा और रोहित सराफ लगातार प्रमोशन कर रहे हैं। इसी कड़ी में रोहित सराफ ने एक मजेदार वीडियो शेयर किया है, जिसने सोशल मीडिया पर फैंस का ध्यान खींच लिया है। वीडियो में वरुण, जाह्नवी, सान्या, रोहित और मनीष पॉल लग्जरी कार की सवारी कर रहे हैं और अपनी ही फिल्म के गाने 'बिजुरिया' पर धमाकेदार अंदाज में डांस करते नजर आ रहे हैं। सभी कलाकार अपने-अपने अंदाज में एक्सप्रेशन देते दिखते हैं, लेकिन वीडियो का सबसे मजेदार हिस्सा मनीष पॉल रहे। आखिर तक उनकी कॉमिक टाइमिंग और नटखट अदाएं सारी लाइमलाइट खींच लेती हैं। इस वीडियो को शेयर करते हुए रोहित सराफ ने कैप्शन में लिखा 'हम अपने ही तरीके से नाचते रहेंगेज क्योंकि एडवांस बुकिंग शुरू हो चुकी हैज जाओ अपना टिकट बुक करो।'

बता दें कि फिल्म की एडवांस बुकिंग रविवार से शुरू हो चुकी है और दर्शकों में इसे लेकर अच्छी उत्सुकता देखी जा रही है। फिल्म 'सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी' 2 अक्टूबर को सिनेमाघरों में दस्तक देगी। हालांकि फिल्म के लिए बॉक्स ऑफिस पर चुनौती भी कम नहीं होगी, क्योंकि इसी दिन ऋषभ शेट्टी की बहुप्रतीक्षित पैन इंडिया फिल्म 'कांतारा- चैप्टर 1' भी रिलीज होने जा रही है। 'कांतारा' जहां करीब 125 करोड़ रुपये के बजट में बनी है और कई भाषाओं में रिलीज होगी, वहीं 'सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी' का बजट लगभग 60 करोड़ रुपये है। ऐसे में दोनों फिल्मों के बीच जोरदार टक्कर देखने को मिल सकती है।

वर्क फ्रंट की बात करें तो वरुण धवन और जाह्नवी कपूर की यह दूसरी फिल्म है। इससे पहले दोनों 'बवाल' में नजर आए थे। सिनेमाघरों में फिल्म का प्रदर्शन भले ही औसत रहा हो, लेकिन ओटीटी पर इसे दर्शकों का भरपूर प्यार मिला था। अब देखने वाली बात होगी कि यह नई जोड़ी बड़े परदे पर इस बार कितना धमाल मचाती है और बॉक्स ऑफिस पर कौन सी फिल्म बाजी मारती है।



# भारतीय टीम ने वेस्टइंडीज के खिलाफ पांच विकेट पर 448 रन बनाये , राहुल , जुरेल और जडेजा ने लगाये शतक

**-286 रनों की बढ़त हासिल की**

**अहमदाबाद (एजेंसी)।** ध्रुव जुरेल 125, रविंद्र जडेजा नाबाद 104 और के एल राहुल 100 की शतकीय पारियों की सहायता से भारतीय टीम ने वेस्टइंडीज के खिलाफ यहां पहले क्रिकेट टेस्ट मैच में दूसरे दिन का खेल समाप्त होने के समय तक अपनी पहली पारी में पांच विकेट पर 448 रन बनाकर शिकंजा कस दिया। वहीं वेस्टइंडीज की टीम अपनी पहली पारी में 162 रन ही बना पायी थी। इस प्रकार पारी के आधार पर भारतीय टीम को 286 रनों की अच्छी खासी बढ़त मिल गयी है। मैच के दूसरे दिन भी भारतीय बल्लेबाज हावी रहे। जडेजा और जुरेल ने पांचवें विकेट के लिए 206 रन की साझेदारी कर वेस्टइंडीज के गेंदबाजों को कोई अवसर नहीं दिया। दूसरे दिन का खेल समाप्त होने के सयम जडेजा नाबाद 104 और वाशिंगटन सुंदर 9 क्रीज पर मौजूद थे। वेस्टइंडीज की ओर से केवल कप्तान रोस्टन चेज ही दो विकेट ले पाये।

राहुल ने इस मैच में अपना 11 शतक पूरा किया। घरेलू सरजमीं पर यह राहुल का दूसरा टेस्ट शतक है। भारतीय टीम की ओर से कप्तान शुभमन गिल 100 गेंद में 50 रन बनाकर चेज की गेंद पर आउअ हुए।

वहीं पहले दिन वेस्टइंडीज ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी की थी। भारतीय तेज गेंदबाजों जसप्रीत बुमराह और मोहम्मद सिराज के सामने वेस्टइंडीज के बल्लेबाज टिक नहीं पाये और पूरी टीम 162 रन ही बना पायी। सिराज ने 4 जबकि बुमराह 3 विकेट अपने नाम किए। इसके अलावा कुलदीप यादव और वाशिंगटन सुंदर ने 2 और एक विकेट लिया। वेस्टइंडीज की तरफ से जस्टिन ग्रीव्स ने सबसे अधिकि 32 रन बनाये।

### सिराज ने बनाया रिकार्ड

सिराज ने इस मैच में चार विकेट लेकर एक नया रिकॉर्ड बनाया है। वह इस साल 30 टेस्ट विकेट लेने वाले विश्व टेस्ट चैंपियनशिप देशों के पहले गेंदबाज बन गए, उन्होंने मिशेल स्टार्क को पीछे छोड़ दिया, जिन्होंने 29 विकेट लिए हैं।



# भारत 'ए' महिला हॉकी टीम पांच मैचों के लिए चीन का दौरा करेगी, इन खिलाड़ियों को मौका



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत 'ए' महिला हॉकी टीम चीन के दौरे पर 13 से 21 अक्टूबर तक लियाओनिंग टीम के खिलाफ पांच मैचों की श्रृंखला खेलेगी। ये सभी मुकाबले दालियान के लियाओनिंग स्पोर्ट्स सेंटर में आयोजित किए जाएंगे।

यह दौरा भारतीय महिला हॉकी के भविष्य के लिए एक अहम कदम माना जा रहा है, जिसमें उभरती हुई खिलाड़ी अंतरराष्ट्रीय अनुभव और मैच अभ्यास हासिल कर सकेंगी। आठ दिन के इस दौरे पर टीम 13, 15, 17, 19 और 21 अक्टूबर को लियाओनिंग टीम को चुनौती देगी। इस दौरे का लक्ष्य युवा खिलाड़ियों को अंतरराष्ट्रीय परिस्थितियों में खुद को परखने और नयी चुनौतियों के लिए तैयार करने का मौका देना है।

अनुभवी डिफेंडर मनीषा चौहान टीम की कमान संभालेंगी जबकि भारतीय महिला हॉकी टीम के विश्लेषणात्मक कोच डेव स्मोलेनार्स इस दौरे के लिए मुख्य कोच की भूमिका निभाएंगे। स्मोलेनार्स ने यहां जारी विज्ञप्ति में कहा, 'हमने एक मजबूत और युवा टीम तैयार की है जिसमें जबरदस्त संभावनाएं हैं। चीन में होने वाली यह श्रृंखला खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने नए माहौल में सीखने और अंतरराष्ट्रीय अनुभव प्राप्त करने का शानदार मौका देगी।'

### भारत 'ए' टीम

गोलकीपर : बंसारी सोलंकी, माधुरी किंडो

डिफेंडर : मनीषा चौहान, अक्षता अबासो ढेकाले, ज्योति छत्री, महिमा चौधरी, अंजना डुंगडुंग

मिडफील्डर : सुजाता कुजूर, दीपिका सोरेंग, अजमीना कुजूर, पूजा यादव, बलजीत कौर, दीपी मोनिका टोप्पो

फॉरवर्ड : अलबेला रानी टोप्पो, रितिका सिंह, अन्नू, चंदना जगदीशा, काजल सदाशिव अटपडकर, सेलेस्टिना होरो।

# रवींद्र जडेजा ने धोनी को पीछे छोड़ा, टेस्ट में चौथे सबसे ज्यादा छक्के लगाने वाले भारतीय बने



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा ने टेस्ट क्रिकेट में एक नई उपलब्धि दर्ज की है। उन्होंने अहमदाबाद में वेस्टइंडीज के खिलाफ मैच के दौरान चार छक्के जड़कर पूर्व कप्तान एमएस धोनी के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया। अब जडेजा टेस्ट में भारत के लिए चौथे सबसे ज़्यादा छक्के लगाने वाले बल्लेबाज बन गए हैं। इस प्रदर्शन ने उन्हें भारतीय क्रिकेट के ताबड़तोड़ आक्रामक बल्लेबाजों की सूची में ऊंचा स्थान दिलाया।

### जडेजा का रिकॉर्ड

36 वर्षीय जडेजा ने इस मैच में चार छक्के लगाए और अपने टेस्ट करियर में कुल 79 छक्कों तक पहुंच गए। यह संख्या एमएस धोनी के 78 छक्कों को पार कर गई। जडेजा ने अपनी आक्रामक पारी और निरंतर छक्कों की क्षमता से टीम के लिए दबाव बनाने का काम किया।

### भारत में सबसे ज़्यादा छक्के

भारतीय टेस्ट क्रिकेट में जडेजा से अधिक छक्के केवल तीन बल्लेबाजों ने लगाए हैं: वीरेंद्र सहवाग (91), ऋषभ पंत (90) और रोहित शर्मा (88)। जडेजा ने यह मुकाम अपने आक्रामक बल्लेबाज़ी अंदाज़ और बड़े शॉट खेलने की कुशल तकनीक से हासिल किया।

### अंतरराष्ट्रीय स्तर पर तुलना

विश्व टेस्ट क्रिकेट में सबसे ज़्यादा छक्के इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स के नाम हैं, जिन्होंने 179 पारियों में 136 छक्के जड़े। इसके बाद ब्रेंडन मैकुलम (107 छक्के) और एडम गिलक्रिस्ट (100 छक्के) का स्थान है।

# महिला विश्व कप: इंग्लैंड की धमाकेदार शुरूआत, द. अफ्रीका को 69 रन पर ढेर कर दर्ज की बड़ी जीत

**गुवाहाटी (एजेंसी)।** लिंसे स्मिथ की अगुवाई में स्पिनरों के अथक प्रदर्शन की बदौलत इंग्लैंड ने शुक्रवार को दक्षिण अफ्रीका को 10 विकेट से हराकर आईसीसी महिला विश्व कप में अपने अभियान की शानदार शुरुआत की। स्मिथ की अगुवाई में इंग्लैंड के गेंदबाजों ने दक्षिण अफ्रीका को महज 69 रनों पर ढेर कर दिया जिसके बाद मैच का नतीजा लगभग तय था। स्मिथ ने इस मैच में 7 रन देकर 3 विकेट लिए।

इंग्लैंड ने सलामी बल्लेबाज एमी जोन्स (40) और टैमी ब्यूमोंट (21) की बदौलत बिना किसी परेशानी के महज 14.1 ओवर में जीत हासिल कर ली। दक्षिण अफ्रीका की पारी की तरह गेंदबाजों ने भी थोड़ी स्विंग और धार दिखाई, लेकिन इंग्लैंड की बल्लेबाज कोई भी नई पारी खेलने के मूड में नहीं थीं। अनुभवी तेज गेंदबाज मारिजैन कैप ने ब्यूमोंट को कुछ बेहतरीन गेंदबाज़ी की, लेकिन इतने अकेले गेंदबाजों के दम पर इस लक्ष्य का बचाव नहीं किया जा सकता था।



इंग्लैंड के स्पिनर स्मिथ, सोफी एक्लेस्टोन (2/19) और चार्ली डीन (2/14) - असली हीरो साबित हुई जिन्होंने अपने बल्लेबाजों के लिए लक्ष्य का अविश्वसनीय रूप से आसान पीछा तैयार किया। बाएं हाथ की स्पिनर स्मिथ ने तीन विकेट लेकर शानदार प्रदर्शन किया और दक्षिण अफ्रीका को आईसीसी महिला विश्व कप में अपने दूसरे सबसे कम स्कोर पर समेट दिया। गेंदबाजों की पकड़ वाली पिच पर इंग्लैंड ने, जिसने क्षेत्ररक्षण का फैसला किया, दूसरे ओवर में ही स्मिथ (4-2-7-3) को गेंद थमा दी और इस कदम का तुरंत फायदा हुआ। स्मिथ ने दूसरे ओवर की दूसरी ही गेंद पर एक आसान रिटर्न कैच लपककर दक्षिण अफ्रीका की कप्तान लॉरा वोल्वार्ड्ट को आउट कर दिया। स्मिथ ने चौथे ओवर में वापसी करते हुए ताजमिन ब्रिट्स को एक कोण से आती हुई गेंद पर आउट किया और छठे ओवर में उन्होंने अनुभवी कप्प को आउट कर दिया।

कप्प का आगे की ओर किया गया प्रयास गेंद तक नहीं पहुंच पाया और स्मिथ की गेंद स्टंप्स पर जा लगी। तेज गेंदबाज लॉरेन बेल ने सुने लुस को आउट किया और दक्षिण अफ्रीका पहले छह ओवरों में ही 19 रन पर चार विकेट खोकर लड़खड़ा रहा था, और वे उस स्थिति से कभी उबर नहीं पाए। दक्षिण अफ्रीका की कैप, लूक और ब्रिट के आउट होने के बाद मध्यक्रम के बल्लेबाजों पर टीम को सम्मानजनक स्कोर तक पहुंचाने का पूरा दबाव था। लेकिन वे इस चुनौती को पूरा नहीं कर पाए और थोड़ी सुस्त पिच और सटीक इंग्लैंड के गेंदबाज़ों के आगे घुटने टेक दिए।

इंग्लैंड की कप्तान नैट साइवर-ब्रंट (2/5) ने क्लो ट्रायोन और नादिन डी क्लार्क को आउट करके दक्षिण अफ्रीका की मुश्किलें और बढ़ा दीं और इस तरह देर से वापसी की कोई भी संभावना भी खत्म हो गई। दक्षिण अफ्रीकी पारी में केवल सिनालो जाफ्टा ही दो अंकों का आंकड़ा पार कर पाए, जिससे पता चलता है कि उस दिन उनकी कितनी मुश्किलें थीं। विकेटकीपर बल्लेबाज जाफ्ता (22) ने कुछ संघर्ष दिखाया, लेकिन वह दक्षिण अफ्रीका को आईसीसी के सबसे बड़े टूर्नामेंट में अपने न्यूनतम स्कोर 51 पर सिमटने से बचा सकीं।

# शुभमन ने की गावस्कर के 47 साल पहले बनाये रिकार्ड की बराबरी

अहमदाबाद। भारतीय टेस्ट टीम की कप्तानी संभालने के बाद से ही शुभमन गिल छाये हुए हैं। अब शुभमन ने वेस्टइंडीज के खिलाफ यहां पहले क्रिकेट टेस्ट मैच में अपनी अर्धशतकीय पारी के साथ ही कप्तान के तौर पर 47 साल पुराने सुनील गावस्कर के रिकार्ड की बराबरी की है। गावस्कर ने साल 1978 में अपने पहले घरेलू टेस्ट में अर्धशतक जमाया था और अब शुभमन ने भी घरेलू धरती पर कप्तानी करते हुए अपने पहले ही मैच में अर्धशतक लगाया है। शुभमन ने वेस्टइंडीज के खिलाफ 91 गेंदों पर अपना अर्धशतक लगाया। इससे कप्तान के तौर पर उनका मनोबल और बढ़ा है। अर्धशतक के बाद शुभमन ने तेजी से रन बनाये पर रोस्टन चेज़ की गेंद पर रिवर्स स्वीप के प्रयास में 57 रन बनाने के बाद भी आउट हो गए। इससे पहले शुभमन ने इंग्लैंड दौरे में अपने 5 मैचों में 754 रन बनाए थे।



# बुमराह ने बनाया रिकॉर्ड



नई दिल्ली। भारतीय क्रिकेट टीम के मुख्य तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने वेस्टइंडीज के खिलाफ यहां पहले ही क्रिकेट टेस्ट मैच में एक अहम उपलब्धि हासिल की है। बुमराह ने पहली पारी में 42 रन देकर तीन विकेट लेने के साथ ही अपनी ही धरती पर 50 विकेट पूरे किए। बुमराह ने ये विकेट केवल 13 मैचों में ही हासिल किए। भारतीय धरती पर बुमराह का औसत 17 विकेट है। टेस्ट क्रिकेट इतिहास में 50 से अधिक विकेट लेने वाले भारतीय गेंदबाजों में ये सबसे अच्छा औसत है। पिछले 113 साल में दुनिया में कोई भी खिलाड़ी इस मामले में बुमराह से बेहतर नहीं कर पाया।

बुमराह से बेहतर औसत वाले तीन खिलाड़ियों में से दो ने 19वीं सदी में खेला था। वहीं 21वीं सदी में खेलने वाले एकमात्र खिलाड़ी सिडनी बार्न्स थे। बुमराह का घरेलू स्ट्राइक रेट 35.1 है, ये इतिहास में तीसरा सबसे अच्छा है। वहीं दूसरे नंबर पर दक्षिण अफ्रीका के मार्को जैनसन 33.8 और पहले नंबर पर दक्षिण अफ्रीका के कागिसो रबाडा 35.00 हैं। इसके अलावा, बुमराह टेस्ट क्रिकेट में 200 से अधिक विकेट लेने वाले एकमात्र गेंदबाज हैं जिनका औसत 20 से कम 19.74 है।


# मीराबाई चानू ने वर्ल्ड चैंपियनशिप में रचा इतिहास, 199 किग्रा का वजन उठाकर अपने नाम किया सिल्वर मेडल

**फोर्डे (नॉर्वे) (एजेंसी)।** भारत की स्टार महिला वेटलिफ्टर मीराबाई चानू ने नार्वे के फोर्डे में जारी वर्ल्ड चैंपियनशिप में इतिहास रच दिया है। उन्होंने इस प्रतियोगिता में 199 किग्रा का वजन उठाकर सिल्वर मेडल अपने नाम किया है। अब आखिरकार इस प्रतियोगिता में उनका ये तीसरा मेडल है। वह कुंजारानी देवी और कर्णम मल्लेश्वरी के बाद दो से ज्यादा वर्ल्ड चैंपियनशिप मेडल जीतने वाली तीसरी भारतीय वेटलिफ्टर बन गई हैं।

बता दें कि, मीराबाई पिछले कुछ सालों में मानसिक और शारीरिक तना से काफी जूझ रही थीं। पेरिस ओलंपिक और उससे पहले एशियन गेम्स 2023 में चौथे स्थान पर रहते हुए निराशा उनके हाथ लगी थी। 48 किग्रा वर्ग में मीराबाई ने स्नैच में 84 किग्रा और क्लीन एंड जर्क में 115 किलोग्राम समेत कुल 199 किग्रा का भार उठाते हुए दूसरे स्थान पर कब्जा किया। वह उत्तर कोरिया कि रि सोंग गुम से पीछे रह गईं और गोल्ड मेडल जीतने से चूक गईं। रि सोंग ने कुल 213 किलो का भार उठाकर गोल्ड अपने नाम किया। जबकि चीन की थान्याथन ने ब्रॉन्जमेडल जीता। स्नैच राउंड के बाद चीन की वेटलिफ्टर मीराबाई चानू से 4 किलोग्राम आगे चल रही थीं। लेकिन क्लीन एंड जर्क में मीराबाई ने कमाल किया और 1 किलो की कुल लीड से सिल्वर मेडल भारत की झोली में डाल दिया। वहीं मीराबाई आखिरी बार टोक्यो ओलंपिक में दिखी थीं। जहां उन्होंने 115 किलोग्राम का भार क्लीन एंड जर्क में उठाया था। वहां भी उन्होंने सिल्वर मेडल जीता था। उसके बाद पिछले चार सालों में वह लगातार चोट और सर्जरी से गुजर रही हैं। हालांकि, 2022 वर्ल्ड चैंपियनशिप में भी उन्होंने सिल्वर मेडल जीता था। वर्ल्ड चैंपियनशिप के मंच पर सिल्वर मेडल जीतने के बाद वह प्लेटफॉर्म से सीधा अपने कोच विजय शर्मा के पास गईं और उनका धन्यवाद किया।





# गगनजीत भुल्लर जकार्ता इंटरनेशनल चैंपियनशिप में दूसरे स्थान पर पहुंचे



जकार्ता। भारतीय गोल्फर गगनजीत भुल्लर वर्षा से बाधित जकार्ता इंटरनेशनल चैंपियनशिप के शुरुआती दो दौर में एक समान पांच अंडर 65 का कार्ड खेल शुक्रवार को दूसरे स्थान पर रहे। भुल्लर अब थाईलैंड के पावित टांगकमोलप्रासर्ट (64-65) से सिर्फ एक शॉट पीछे हैं, हालांकि दूसरे दिन का खेल अभी पूरा नहीं हुआ है। 37 साल के खिलाड़ी ने पहले दौर की शुरुआत ईगल के साथ की, लेकिन अंधेरा होने के कारण पहने दिन का खेल पूरा नहीं कर पाये। उन्होंने शुक्रवार को सुबह अपने पहले दौर को पूरा किया और फिर दूसरे दौर के बाद अपना कुल स्कोर 10 अंडर कर लिया। भुल्लर के एशियन टूर पर कुल 11 खिताब हैं, जिनमें से पांच जीतें उन्होंने इंडोनेशिया में हासिल की हैं। अब वह इस देश में अपनी छठी जीत की तलाश में हैं। अन्य भारतीयों में एस. चिक्कारंगप्पा ने पहले राउंड में 69 और दूसरे में 67 का स्कोर किया। वह संयुक्त 26वें स्थान पर है। राहिल गंगजी, खालिन जोशी, विराज मडप्पा , करणदीप कोचर और अजीतेश संधू, एसएसपी चौरसिया और युवराज संधू का दूसरे दौर का खेल खत्म नहीं हुआ है।

# यूरोपा लीग : रोमा ने तीन बार पेनल्टी गंवाई, लिली ने 1-0 से हराया

रोम। रोमा ने मैच के आखिर मिनटों में पेनल्टी स्पॉट से लगातार तीन प्रयास गंवा दिए जिससे लिली ने यूरोपा लीग फुटबॉल में इटली की इस क्लब को 1-0 से हरा दिया। रोमा को मुकाबले में बराबरी करने के लिए स्पॉट से तीन मौके दिये गये लेकिन आर्टेम डोवबिक के शुरुआती दो प्रयास पर गोलकीपर बर्क ओजर ने शानदार बचाव किया। रेफरी ने गोल पोस्ट के पास अधिक खिलाड़ियों की मौजूदगी के कारण फिर से पेनल्टी का आदेश दिया। रोमा ने इस बार पेनल्टी लेने के लिए माटियास सोले को चुना लेकिन ओजर ने उनके प्रयास को भी विफल कर दिया। इससे पहले मैच के छठे मिनट में हाकोन अर्नार हेराल्डसन ने गोल कर फ्रांस की इस टीम का खाता खोला। लिली की यह दो मैचों में लगातार दूसरी जीत है। अन्य मैचों में ब्रागा ने सेल्टिक और रीयाल बेटिस ने लुडोगोरेट्स को एक समान 2-0 से हराया। केरेम अकतुर्कोग्लू के दो गोल की मदद से फेनरबाचे ने नीस पर 2-1 से जीत दर्ज की। गो अहेड ईगल्स ने इसी अंतर से पैनाथिनाइकोस को हराया। टीम के लिए दोनों गोल मिलान स्मिट ने किये। चेक रिपब्लिक क्लब विक्टोरिया प्लजेन ने स्वीडिश क्लब माल्मो पर 3-0 से अपनी पहली जीत दर्ज की।



# ऋषभ गोल्फ खेलते दिखे



नई दिल्ली। इंग्लैंड दौर में चोटिल होने के बाद से ही भारतीय क्रिकेट टीम से बाहर चल रहे विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत आजकल गोल्फ खेलकर समय बिता रहे हैं। ऋषभ का गोल्फ खेलते हुए का एक वीडियो भी सोशल मीडिया में आया है। उन्हें अभी तक फिटनेस हासिल नहीं करने के कारण ही वेस्टइंडीज के खिलाफ भी टीम में शामिल नहीं किया गया है। अभी उनकी जगह पर युवा ध्रुव जुरेल को विकेटकीपर एक तौर पर रखा गया है। ऋषभ जुलाई में इंग्लैंड दौरे के समय ही पैर की चोट के कारण बाहर हो गए थे। इस क्रिकेटर ने सोशल मीडिया में एक लिखा- फ्गेंद हर जगह गई। सिवाय इसके की जहां उसे चाहिए था। वीडियो में वह गेंद को पुट करने का प्रयास कर रहे हैं, वहीं अंत में होल में डालने के बाद उत्साहित नजर आये। वह चोटिल होने के कारण ही वेस्टइंडीज के खिलाफ सीरीज में भी वापसी नहीं कर पाये। अब माना जा रहा है कि इस माह ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सीरीज में वह वापसी कर सकते हैं।

# संन्यास के बारे में नहीं सोच रही, मेरा ध्यान मानसिक मजबूती पर : तीरंदाज दीपिका कुमारी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** चार बार की ओलंपियन तीरंदाज दीपिका कुमारी ने संन्यास की योजनाओं को खारिज करते हुए कहा कि वह लॉस एंजिलिस ओलंपिक में देश के प्रतिनिधित्व के लक्ष्य के साथ दबाव वाली परिस्थितियों से निपटने के लिए मानसिक मजबूती बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित कर रही हैं। लॉस एंजिलिस ओलंपिक 2028 के समय दीपिका की उम्र 34 साल हो जायेगी। उन्होंने शुक्रवार को यहां कहा कि यह ओलंपिक में उनके लिए आखिरी मौका होगा ऐसे में उनकी मानसिकता 'करो या मरो' की होगी।

दीपिका ने यहां तीरंदाजी प्रीमियर लीग के शुरुआती दिन कहा, 'यह मेरे करियर का अंतिम चरण नहीं है। मैंने अभी इस बारे में फैसला नहीं किया है। मुझे लगता है अब तक की सभी प्रतियोगिताओं से मुझे अच्छा अनुभव मिला है।' दीपिका ने बताया कि उनकी मौजूदा ट्रेनिंग में मानसिक और तकनीकी दोनों पहलुओं को बेहतर करने पर काम हो रहा है। इस

अनुभवी तीरंदाज ने कहा, 'मैं अपने खेल के मानसिक और तकनीकी दोनों पहलुओं पर काम कर रही हूं और यह लीग मुझे और बेहतर बनाने में मदद कर रही है। दर्शकों के सामने खेलने से दबाव तो आता है, लेकिन यही दबाव खिलाड़ियों को बेहतर बनाने में मदद करता है।' उन्होंने कहा, 'मैं हर तकनीक में महारत हासिल करने की कोशिश कर रही हूं। मुझे पहले भी टूर्नामेंट के अहम मैचों में अक्सर मानसिक रूप से परेशानी होती रही है, जिसकी वजह से परिणाम मेरे पक्ष में नहीं आते थे।'

उन्होंने कहा, 'मैं विभिन्न तरह की परिस्थितियों को मन में सोच कर अभ्यास कर रही हूं, मानसिक प्रशिक्षण ले रहा हूं। मैं हर समय इस खेल के बारे में सोच रही हूं। मैं कड़ी मेहनत कर रही हूं।' दीपिका ने ओलंपिक खेलों में कंपाउंड तीरंदाजी को शामिल किए जाने का स्वागत करते हुए कहा कि इससे भारत की पदक की संभावनाएं काफी बढ़ जाएंगी। उन्होंने कहा, 'मैं बहुत खुश हूं क्योंकि कंपाउंड तीरंदाजी अब ओलंपिक का हिस्सा है। हर कोई सोच रहा था कि यह कब होगा और आखिरकार हो ही गया। कई टूर्नामेंटों में हमारे पदकों की संख्या पहले ही बढ़ चुकी है और हमारी कंपाउंड टीम बहुत मजबूत है।'

दीपिका ने भारत में आयोजित हो रही पहली तीरंदाजी प्रीमियर लीग की भी सराहना करते हुए कहा कि लंबे समय से ऐसे कदम की जरूरत थी और इससे देश के तीरंदाजों को काफी फायदा होगा। उन्होंने कहा, ''हम यहीं भारत में एक टूर्नामेंट खेल रहे हैं और मैं बहुत उत्साहित हूं क्योंकि पहली बार ऐसी लीग शुरू हुई है। हम इसका लंबे समय से इंतज़ार कर रहे थे।'



## देश में अधिकारों और न्याय के लिए लड़ना अब देशद्रोह हो गया : उद्धव ठाकरे

**-सोनम वांगचुक की गिरफ्तारी पर केंद्र की आलोचना**

मुंबई (एजेंसी)। शिवसेना (यूबीटी) प्रमुख उद्धव ठाकरे ने सोनम वांगचुक की गिरफ्तारी पर केंद्र की आलोचना की। दशहरा मेला में ठाकरे ने कहा कि देश में अधिकारों और न्याय के लिए लड़ना अब देशद्रोह हो गया है। ठाकरे ने कहा कि वांगचुक देशद्रोही नहीं है, लेकिन पाकिस्तान में एक कार्यक्रम में शामिल होने के लिए उनपर देशद्रोह का आरोप लगा है। अगर वांगचुक को इसके लिए गिरफ्तार किया जा सकता है, तब नवाज शरीफ से मिलने मोदी जी के जाने के बारे में आप क्या कहेंगे? ठाकरे ने कहा कि वांगचुक का देश के लिए बड़ा योगदान है। उन्होंने लद्दाख में सेना के जवानों के लिए सोलर हीटेड टेंट बनाए। पानी के लिए आइस स्तूप तकनीक विकसित की। अब उन्होंने लद्दाख के लिए आंदोलन शुरू किया, तब सरकार मानने को तैयार नहीं थी। दरअसल, सोनम वांगचुक को लद्दाख को राज्य का दर्जा देने की मांग को लेकर हुए हिंसक प्रदर्शनों के बाद 26 सितंबर को गिरफ्तार कर लिया गया था। उन पर कठोर राष्ट्रीय सुरक्षा कानून (एनएसए) के तहत आरोप लगाए गए और उन्हें जोधपुर सेंट्रल जेल भेज दिया गया। 24 सितंबर को हुए प्रदर्शन में 4 लोगों की मौत हो गई थी।



## करूर भगदड़ से जुड़े मामले, कोर्ट ने सीबीआई जांच की मांग वाली याचिका खारिज की

मदुरै (एजेंसी)। मद्रास हाईकोर्ट की मदुरै बेंच में करूर भगदड़ से जुड़े मामले की सुनवाई हुई। जहां कोर्ट ने सीबीआई जांच की मांग वाली याचिकाओं को खारिज किया। वहीं, अतिरिक्त मुआवजा राशि की मांग वाली याचिका पर स्टालिन सरकार को नोटिस दे दिया है। कोर्ट ने कहा कि याचिकाकर्ता कोई पीड़ित नहीं, बल्कि एक पार्टी का नेता है। किसी एक व्यक्ति ने गलती की है, इसका मतलब यह नहीं कि पूरी जांच ही खत्म होगी। उन लोगों के बारे में सोचें जिन्होंने अपनी जान गंवा दी। अगर कोई पीड़ित हमारे पास आता है, तब हम उसकी मदद के लिए आएंगे। दरअसल, तमिलनाडु के करूर में 27 सितंबर को अभिनेता से नेता बने विजय की रैली में भगदड़ मची थी। जिसमें 41 लोग मारे गए थे और 100 से ज्यादा घायल हुए थे। इस मामले से जुड़ी 7 जनहित याचिकाएं जस्टिस एम. धंदपानी और जस्टिस एम. जोतिरमन की दशहरा वेकेशन बेंच में लिस्ट की गईं थीं। अगली सुनवाई 16 अक्टूबर को होगी। मद्रास हाईकोर्ट के जस्टिस एन सेंथिल वी कुमार ने टीवीके नमक्कल जिला सचिव एन सतीश कुमार की अग्रिम जमानत की मांग वाली याचिका भी खारिज कर दी।

## इंडिगो चीन के लिए 26 से फिर शुरु करेगा विमान सेवा

नई दिल्ली (एजेंसी)। एयर लाइंस की दिग्गज कंपनी इंडिगो एक बार फिर चीन के लिए अपनी विमान सेवा शुरु करने जा रही है। 26 अक्टूबर से यह सेवा कोलकाता से ग्वांगझोउ के बीच डेली नॉन-स्टॉप फ्लाइट्स शुरू होगी। बता दें कि केंद्र सरकार ने गुरुवार को भारत और चीन के बीच विमान सेवा शुरु करने का ऐलान किया है। रेगुलेटरी मंजूरी मिलने पर दिल्ली से ग्वांगझोउ के बीच भी डायरेक्ट फ्लाइट्स जल्द शुरू की जाएंगी। इन सर्विसेज के लिए इंडिगो अपने एयरबस ए320नेओ विमान का इस्तेमाल करेगी। कंपनी के इस फैसले के साथ 5 साल से भी ज्यादा समय के बाद दोनों देशों के बीच डायरेक्ट हवाई कनेक्टिविटी की वापसी हो रही है। इंडिगो के सीईओ पीटर एल्बर्स ने कहा, हम भारत और चीन के बीच दैनिक, नॉन-स्टॉप फ्लाइट्स की बहाली की घोषणा करते हुए बेहद उत्साहित हैं। हमें गर्व है कि हम दो शहरों से चीन के लिए डायरेक्ट फ्लाइट्स शुरू करने वाली पहली एयरलाइन में शामिल हैं। यह कदम लोगों, व्यापार और विचारों के सहज आदान-प्रदान के साथ-साथ दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय संबंधों को भी सुदृढ़ करेगा। भविष्य में हम चीन के अन्य शहरों के लिए भी डायरेक्ट फ्लाइट्स शुरू करने पर विचार करेंगे।

## कश्मीर में सीजन की पहली बर्फबारी

जम्मू (एजेंसी)। कश्मीर में शुक्रवार को सीजन की पहली बर्फबारी हुई। गुलमर्ग, सोनमर्ग और गुरेज में पहाड़ों की चोटियां सफेद हो गई हैं। एक तरफ ऊंचाई वाले इलाकों में बर्फबारी हुई, तो श्रीनगर सहित अन्य मैदानी इलाकों में हल्की बारिश दर्ज की गई। मौसम विभाग ने गुरुवार को कहा था कि जम्मू-कश्मीर में 5-7 अक्टूबर तक भारी बारिश और बर्फबारी का अनुमान है। हालांकि, इससे पहले ही बर्फबारी और बारिश हो गई। इससे पर्यटकों में उत्साह देखा गया। स्थानीय लोगों के बीच त्योहार जैसा माहौल हो गया है।

## दो पोतों की 40 साल की दादी बहुओं के जेवर लेकर प्रेमी संग हुई फरार

झांसी (एजेंसी)। ये बेहद अजीब कहानी यूपी के झांसी जिले से सामने आई है। यहां मऊरानीपुर इलाके में 40 साल की महिला अचानक प्रेमी संग फरार हुई। यह महिला खुद दो बेटों की मां और दो छोटे-छोटे पोतों की दादी है। परिजनों का आरोप है कि जाते-जाते वह घर से बहुओं के जेवर और नकदी भी साथ ले गई। इस घटनाक्रम से पूरा परिवार टूट गया है। महिला का पति कामता प्रसाद ग्राम स्यावरी में रहता है। कामता ने कहा कि करीब ढाई साल पहले वह अपनी पत्नी को लेकर भिंड-मुरैना इलाके के ईंट-भट्टों पर मजदूरी करने गया था। वहीं पत्नी की मुलाकात राठ तहसील के बिहुनी गांव निवासी अमर सिंह प्रजापति से हुई। पहले मुलाकातें सामान्य रहीं, लेकिन धीरे-धीरे दोनों की नजदीकियां बढ़ती चली गईं और यह रिश्ता अवैध संबंध में बदल गया। फरियादी पति कामता का कहना है कि उसने कई बार पत्नी के मोबाइल पर अमर का नंबर देखा। घर की बहुओं को भी पत्नी के व्यवहार पर शक होने लगा। बावजूद इसके वह चोरी-छिपे प्रेमी से मिलती रही।

# भारत निर्वाचन आयोग का आज फाइनल बिहार दौरा... लगातार बैठकों का दौर

### फिर दिल्ली पहुंचकर तीरिखों का ऐलान संभव

**पटना (एजेंसी)।** भारत निर्वाचन आयोग का फाइनल बिहार 4 अक्टूबर को होने वाला है। आगामी बिहार विधानसभा चुनाव के मद्देनजर केंद्रीय चुनाव आयोग की टीम शुक्रवार रात को पटना पहुंचेगी। देश के मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) ज्ञानेश्वर कुमार भी शनिवार को पटना आएंगे। 4 और 5 अक्टूबर को आयोग की टीम आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारियों की समीक्षा के लिए लगातार बैठकें करेगी। फिर दिल्ली लौटने के बाद किसी भी समय सीईसी ज्ञानेश कुमार के द्वारा बिहार चुनाव की तारीखों का ऐलान हो सकता है। नियम के अनुसार चुनाव कार्यक्रम घोषित होते ही बिहार में आदर्श चुनाव आचार संहिता लागू होगी।

चुनाव आयोग की बिहार के प्रमुख राजनीतिक दलों के साथ 4 अक्टूबर को अहम बैठक है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय से जारी पत्र के अनुसार बैठक पटना के होटल ताज में सुबह 10 से दोपहर 12 बजे तक होगी। बैठक की अध्यक्षता मुख्य चुनाव आयुक्त कुमार करने वाले है। इसमें मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय और राज्य स्तरीय राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को बुलाया गया है। हर पार्टी से अधिकतम 3 प्रतिनिधियों को उपस्थित रहने की अनुमति मिलेगी। पत्र में बताया गया कि बैठक में निर्वाचन प्रक्रिया से जुड़ी तैयारियों पर चर्चा और आयोग राजनीतिक दलों से सुझाव भी लेगा। निर्वाचन आयोग ने राजनीतिक दलों से अनुरोध किया है कि वे अपने प्रतिनिधियों की उपस्थिति सुनिश्चित करें और इसकी जानकारी मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी को उपलब्ध करा दें। अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अमित कुमार पांडेय की ओर से जारी पत्र के अनुसार, आम आदमी पार्टी (आप), बहुजन समाज पार्टी (बसपा), भारतीय जनता पार्टी (भाजपा), कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया (मार्क्सीसिस्ट), इंडियन नेशनल कांग्रेस, नेशनल पीपुल्स पार्टी, जनता दल (यूनाइटेड), राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी, लोक जन शक्ति पार्टी (रामविलास), राष्ट्रीय जनता दल, राष्ट्रीय लोक समता पार्टी और सीपीआई (एमएल) लिबरेशन जैसे दलों के प्रतिनिधियों को आमंत्रित किया गया है।

वहीं, पूर्व में मिली जानकारी के मुताबिक चुनाव आयोग की उच्चस्तरीय टीम बिहार दौरे में राज्य में कानून-व्यवस्था एवं चुनाव संबंधी तैयारियों सहित तमाम पहलुओं की समीक्षा करेगी। आयोग की टीम राज्य के मुख्य सचिव, पुलिस महानिदेशक, सभी केंद्रीय एजेंसियों के राज्य प्रमुख, सभी जिलों के जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिलाधिकारी, जिलों के वरीय पुलिस अधीक्षकों के साथ अलग-अलग बैठक करेगी।

राज्य निर्वाचन आयुक्त के साथ भी अलग से बैठक होगी। इसके अतिरिक्त राष्ट्रीय और राज्यस्तरीय मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक में प्रतिनिधियों से सलाह एवं सुझाव लिए जाएंगे। 4 और 5 अक्टूबर को अलग-अलग बैठकों में तैयारियों की समीक्षा करने के बाद सीईसी और उनकी टीम दिल्ली वापस लौट जाएगी।

## पेसमेकर ट्रांसप्लांट के बाद अस्पताल से घर लौटे मल्लिकार्जुन खड़गे, पीएम मोदी ने फोन कर जाना हालचाल

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे को अस्पताल से छुट्टी दे दी गई है और वे बहुत जल्द अपनी राजनैतिक गतिविधियां शुरू करने वाले है। इसकी जानकारी सोशल मीडिया पोस्ट पर इंडियन नेशनल कांग्रेस की ओर से दी गई है। कांग्रेस ने खड़गे की तस्वीर शेयर कर लिखा कि कांग्रेस अध्यक्ष खरगे को गुरुवार शाम अस्पताल से छुट्टी मिल गई। वे स्वस्थ हैं और आप सभी की शुभकामनाओं के लिए धन्यवाद देते हैं। कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे का बुधवार को बेंगलुरु के निजी अस्पताल में पेसमेकर ट्रांसप्लांट सफलतापूर्वक हुआ। खरगे के पुत्र प्रियांक खरगे ने इस बारे में बताया है। कर्नाटक सरकार में मंत्री खरगे ने कहा था कि खरगे के लिए पेसमेकर ट्रांसप्लांट प्रक्रिया पूरी हो गई। यह एक छोटी और मामूली प्रक्रिया थी और प्रक्रिया के बाद उनकी हालत स्थिर है। उनके 3 अक्टूबर से अपना काम फिर से शुरू करने और अपने सभी निर्धारित कार्यक्रमों में शामिल होने की उम्मीद है। इसके पहले खड़गे को मंगलवार को निजी अस्पताल में पेसमेकर ट्रांसप्लांट प्रक्रिया के लिए भर्ती कराया गया था। 2 अक्टूबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष खड़गे से फोन पर बात की। प्रधानमंत्री मोदी ने खड़गे के जल्द स्वस्थ होने की कामना की।



## सीजेआई की माताश्री नहीं आई आरएसएस के झांसे में, वे आंबेडकरवादी: राउत



**मुंबई (एजेंसी)।** राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के 100 वर्ष पूर्ण होने पर नागपुर में संघ का कार्यक्रम आयोजित किया गया था। समारोह में सीजेआई की मां कमलताई के शामिल नहीं होने को लेकर अब सियासत शुरु हो गई है। अब शिवसेना (उद्धव बालासाहब ठाकरे) ने संघ का न्योता अस्वीकार करने को लेकर सीजेआई की मां की तारीफ की है। साथ ही भारत के पूर्व मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ से तुलना भी कर डाली। गवई परिवार ने पहले कहा था कि न्योता स्वीकार कर लिया गया है।

राज्यसभा सांसद संजय राउत ने कहा कि कमलताई गवई आंबेडकरवादी हैं और वह संघ के झांसे में नहीं आईं। उन्होंने कहा, संघ के झांसे में नहीं फंसने के लिए मैं कमलताई गवई और उनके परिवार को शुभकामनाएं देता हूं।

उन्होंने पूर्व सीजेआई चंद्रचूड़ की तरह व्यवहार नहीं किया। खास बात है कि राउत ने पूर्व सीजेआई के घर पर गणेश पूजा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के शामिल होने पर सवाल उठाए थे। इस दौरान उन्होंने संघ की भी जमकर आलोचना की। राउत ने कहा, संघ के सांस्कृतिक संगठन है। उनके हिन्दुत्व विचार हैं। हमें इस बात में कोई संदेह नहीं है। एक समय में हमें उनसे हमदर्दी थी। जब भी देश में परेशानी होती है, तो वो शासकों के खिलाफ खड़े नहीं होते। आज डॉक्टर बाबासाहेब आंबेडकर और महात्मा गांधी के नाम संघ से जोड़ने की कोशिश की जा रही है, लेकिन गांधी या डॉक्टर आंबेडकर ने कभी संघ का साथ नहीं दिया। उन्होंने कहा, आज देश की ताकत आरएसएस के हाथों में है। उन्होंने प्रधानमंत्री और कुछ राज्यपाल नियुक्त किए हैं। ऐसे में उनके आंदोलन में सत्ता की चमक है। आरएसएस की शताब्दी वर्ष समारोह में पोस्टल स्टाम्प और सिक्की जारी किया गया, लेकिन स्वतंत्रता संग्राम संघर्ष में आरएसएस का योगदान क्या है। उन्हें एक बार बताना चाहिए।

# कांग्रेस की पांच गारंटी योजनाओं के कारण कर्नाटक की वित्तीय स्थिति खराब

### पूर्व पीएम एचडी देवेगौड़ा ने लगाए सरकार पर आरोप, पीएम से मिलकर करेंगे मांग

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पूर्व पीएम एचडी देवेगौड़ा ने शुक्रवार को कर्नाटक की कांग्रेस सरकार पर आरोप लगाया कि कांग्रेस सरकार की ओर से लागू की जा रही पांच गारंटी योजनाओं के कारण राज्य की वित्तीय स्थिति खराब हो गई है। उन्होंने दावा किया कि कलबुर्गी समेत उत्तरी कर्नाटक के 6 जिलों में गंभीर बाढ़ की स्थिति से निपटने के लिए भी धन नहीं है।

जेडीएस प्रमुख ने कहा कि वह एक सप्ताह के अंदर कलबुर्गी और आसपास के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का दौरा करेंगे और जमीनी जायजा भी लेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि वह बाढ़ प्रभावित लोगों की खातिर मुआवजे की मांग करने के लिए पीएम मोदी से मिलेंगे। देवेगौड़ा ने कहा कि पीएम मोदी के साथ मेरे रिश्ते नहीं बदलेंगे। उनके बारे में कभी बुरा नहीं कहा। देवेगौड़ा ने कहा कि गारंटी योजनाओं के कारण राज्य की वित्तीय स्थिति बिगड़ गई है। यह मैं नहीं, बल्कि कांग्रेस विधायक ही कह रहे हैं। उन्होंने बताया कि सत्तारूढ़ पार्टी के



विधायकों में भ्रम की स्थिति है। वे कहते हैं कि इतनी गंभीर बाढ़ से निपटने के लिए भी धन नहीं है। पांच गारंटी योजनाओं में गृह ज्योति के तहत हर घर को 200 यूनिट मुफ्त बिजली दी जा रही है। गृह लक्ष्मी योजना के तहत परिवार की महिला मुखिया को 2,000 रुपए दिए जाते हैं। अन्न भाग्य योजना में बीपीएल परिवार के हरेक सदस्य को 10 किलो चावल दिया जाता है। युवा निधि योजना के जरिए बेरोजगार स्नातकों को 3,000 रुपए और डिप्लोमा धारकों को 1,500 रुपए दो साल तक मिलेंगे। शक्ति योजना के जरिए महिलाओं के लिए सरकारी गैर-लक्जरी बसों में मुफ्त यात्रा की सुविधा दी गई हैं।

दूसरी ओर कांग्रेस ने एक अध्ययन का हवाला देते हुए शुक्रवार को कहा कि कर्नाटक में 'पांच गारंटी' लागू किए जाने से प्रभावशाली बदलाव आए हैं। स्थानीय अर्थव्यवस्था को मजबूती मिली है। पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने कहा कि पिछले दो सालों में कर्नाटक सरकार की ओर से लागू की गई 5 गारंटी प्रभावशाली और सार्थक बदलाव लाई हैं। चार प्रतिष्ठित शोध और शैक्षणिक संस्थानों के सम्मिलित स्वतंत्र अध्ययन से तैयार नई रिपोर्ट ने इन गारंटियों के नतीजों का मूल्यांकन किया है। शक्ति योजना के तहत 19 फीसदी महिला लाभार्थियों ने बताया कि बसों से मिली गतिशीलता की वजह से उन्हें रोज़गार या बेहतर नौकरी मिली।

वहीं गृह लक्ष्मी योजना के तहत 94 फीसदी महिलाओं ने इस राशि का एक हिस्सा आहार और पोषण को बेहतर बनाने में खर्च किया। 90 फीसदी ने स्वास्थ्य सेवाओं पर उपयोग किया। करीब 50 फीसदी ने अपने बच्चों की शिक्षा पर खर्च किया।

## लखनऊ में कांग्रेस दफ्तर के बाहर लगा पोस्टर..... भगवान राम की भूमिका में राहुल गांधी

लखनऊ (एजेंसी)। उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ सहित पूरे देश में विजयदशमी का त्यौहार धूमधाम से - मनाया गया है। इस मौके रावण दहन भी हुआ है। रावण दहन को लेकर आम लोगों में बहुत क्रेज देखने को मिला। वहीं ऐशबाग रामलीला मैदान से लेकर तमाम जगहों पर रावण दहन किया गया है। वहीं इस मौके पर जगह-जगह पर विजयदशमी से जुड़े कई पोस्टर लगाए गए हैं। इस बीच लखनऊ स्थित कांग्रेस दफ्तर में एक अनोखा पोस्टर लगा है, जो देखते ही देखते चर्चाओं में आ गया है। 10 सिर वाले रावण पर भगवान राम रूपी राहुल गांधी तीर चलाते दिख रहे हैं। दरअसल पोस्टर लखनऊ के मॉल एवेन्यू स्थित कांग्रेस दफ्तर के बाहर लगा है। इस पोस्टर को कांग्रेस की छात्र विंग एनएसयूआई के नेता आर्यन मिश्रा ने लगवाया है। पोस्टर में कांग्रेस सांसद राहुल गांधी को भगवान राम की भूमिका में दिखाया गया है। जबकि यूपी कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय को लक्ष्मण के रूप में है। पोस्टर में देखा जा सकता है कि भगवान राम की भूमिका में दिख रहे राहुल गांधी रावण पर तीर चलाते हुए नजर आ रहे हैं।

## विदेश जाकर भारत को बदनाम करने की अपनी हरकतों से बाज आएं राहुल गांधी : शाहनवाज हुसैन

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भाजपा के वरिष्ठ नेता शाहनवाज हुसैन ने लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी को नसीहत देकर कहा कि वे विदेश जाकर भारत को बदनाम करने की अपनी हरकतों से बाज आएं। बीजेपी नेता हुसैन ने राहुल गांधी के विदेश में दिए गए भाषण पर नाराजगी जाहिर की। उन्होंने कहा, राहुल गांधी बहुत बड़ी गलती कर रहे हैं। मैं उन्हें सावधान करना चाहता हूं। विपक्ष के नेता और संवैधानिक पद पर होने के नाते उन्हें देश का नाम रोशन करना चाहिए, न कि विदेश में देश की छवि खराब करना। बीजेपी नेता हुसैन ने कहा, राहुल गांधी भारत के लोकतंत्र को खतरे में बताते हैं, जबकि भारत का लोकतंत्र कभी खतरे में नहीं रहा। यह केवल तब खतरे में आया था, जब कांग्रेस ने इंदिरा गांधी के शासनकाल में आपातकाल लगाया था। आज लोकतंत्र मजबूत है और चुनी हुई सरकार सबका साथ, सबका विकास के रास्ते पर देश को आगे लेकर जा रही है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी को अपनी हरकतों से बाज आना चाहिए और विदेश में देश को बदनाम करने से बचना चाहिए।

वहीं शिवसेना यूबीटी नेता उद्धव ठाकरे के हालिया बयान पर प्रतिक्रिया देकर हुसैन ने कहा कि ठाकरे अपनी राजनीतिक हताशा के चलते बेतुके बयान दे रहे हैं। उन्होंने कहा, उद्धव ठाकरे बहुत परेशान हैं। उनके पास कोई राजनीतिक एजेंडा नहीं बचा है, और वे महाराष्ट्र की राजनीति में हाशिए पर आ चुके हैं। इसलिए वे क्रिकेट का बहाना बनाकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर निशाना साध रहे हैं। वे कांग्रेस के इशारे पर हिंदुत्व की नई परिभाषा गढ़ रहे हैं। बिहार के नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव के बयान, जिसमें उन्होंने कहा कि वे बिहार से अंधकार मिटाएंगे और एनडीए को बाहर करने के बयान, हुसैन ने तंज कसा। उन्होंने कहा, तेजस्वी भी राहुल गांधी की तरह कुछ भी बोल रहे हैं। बिहार में अंधकार मिट चुका है। बिजली 125 यूनिट मुफ्त दी जा रही है। महागठबंधन की महा हार होने वाली है। तेजस्वी की विपक्ष की सीट भी खतरे में है। अब वे चुनाव नजदीक आने पर गांवों का दौरा कर रहे हैं, लेकिन उनके पोस्ट और बयानबाजी से साफ है कि इस बार बिहार में राजद का पूरी तरह सफाया हो जाएगा।



## स्टालिन ने रामनाथपुरम जिले में 738 करोड़ रुपये की नई परियोजनाओं का शुभारंभ किया

**रामनाथपुरम (एजेंसी)।** तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम.के. स्टालिन ने रामनाथपुरम जिले में बीते साढ़े चार वर्षों में हुए विकास कार्यों की समीक्षा कर 738 करोड़ रुपये की नई परियोजनाओं का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि जिले में 3,250 करोड़ रुपए की लागत वाली 46,270 परियोजनाएं वर्तमान में चल रही हैं। द्रमुक सरकार जिले के लोगों के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है और कई लाभकारी योजनाएं लागू की गई हैं। मुख्यमंत्री ने बताया कि रामनाथपुरम में 2.36 लाख महिलाओं को महिला अधिकार भत्ता, 8 लाख से अधिक किसानों को सहायता, 83,483 बच्चों को रोजाना पौष्टिक नाश्ता, 1.85 लाख मछुआरों को कल्याणकारी योजनाओं का लाभ, 55,000 छात्रों को नान मुथलवन योजना के तहत प्रशिक्षण, 24,722 मुफ्त आवास पट्टे, 6,000 लोगों के लिए कलाई उदयार योजना के तहत घर और 78,000 आदि द्रविड़ समुदाय के लोगों को सामाजिक कल्याण योजनाओं का लाभ मिला है।



शुक्रवार को रामनाथपुरम रेलवे स्टेशन, थंगाचिमदम सरकारी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भवन और परमकुडी में सामाजिक न्याय छात्रावास का उद्घाटन किया गया। स्टालिन ने कहा, मैं जितना भी कहूं, नई घोषणाओं के बिना रुक नहीं सकता। मंत्रियों और विधायकों के सुझावों पर मैं रामनाथपुरम के लिए 9 नए विकास कार्यों की घोषणा कर रहा हूं। मुख्यमंत्री के मुताबिक रामनाथपुरम नगरपालिका में राष्ट्रीय राजमार्ग को 30 करोड़ की लागत से 4-लेन से 6-लेन बनाना, 18 करोड़ रुपए से तिरुवदनई के प्रमुख तालाबों का सुधार, कीलाकराई के 6 तालाबों का 4.65 करोड़ रुपए से नवीनीकरण, परमकुडी नगरपालिका के लिए 4.50 करोड़ रुपए से नया कार्यालय भवन, रामनाथपुरम के पुराने बस स्टैंड को आधुनिक व्यावसायिक परिसर में बदलना, रामनाथपुरम राजकीय महिला महाविद्यालय में 10 करोड़ रुपए में सुविधाओं का विस्तार, कीलाकराई में 3 करोड़ रुपए में नया नगरपालिका कार्यालय और 1.5 करोड़ रुपए में आधुनिक मछली बाजार और कामुथी में किसानों के लिए 100 मीट्रिक टन क्षमता वाला 10 करोड़ रुपये का भंडारण गोदाम शामिल है।

# ओवैसी भड़के बोले- आई लव मोदी कह सकते हैं, तो आई लव मोहम्मद क्यों नहीं कह सकते

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** राजनीति करने वालों के लिए कोई कारण नहीं होता। कभी भी किसी भी बहाने सियासत हो सकती है। आई लव मोहम्मद को लेकर भी कुछ इसी तरह की राजनीति हो रही है। अब एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने ये मुद्दा फिर उठा दिया है। उन्होंने कहा है कि इस देश में आई लव मोदी कह सकते हैं तो फिर आई लव मोहम्मद क्यों नहीं कह सकते हैं?

उन्होंने कहा कि मोहम्मद के अलावा कोई और मोहम्मद नाम का नहीं था। अगर आप उनके पोस्टर लगाते हैं तो आपको उनका सम्मान करना होगा। मैं सरकार से पूछना चाहता हूं कि वे इतने सारे कानून क्यों बना रहे हैं और यह सब क्या हो रहा है? असम में 3000 मुसलमानों को बेघर कर दिया गया, यह दावा करते हुए कि निर्माण सरकारी जमीन पर था। उन्होंने कहा, संभल मस्जिद को लेकर केस चल रहा है। हमारी मस्जिदें छीनी जा रही हैं। इस देश में कोई आई लव मोदी तो कह सकता है लेकिन आई लव मोहम्मद नहीं कह सकता।

ओवैसी ने कहा- आप इस देश को कहां ले जा रहे हैं? अगर कोई कहता है आई लव मोदी तो मीडिया भी खुश हो जाता है। अगर कोई कहता है आई लव मोहम्मद तो उसका विरोध होने लगता है। उन्होंने कहा कि अगर मैं मुसलमान हूं तो यह मोहम्मद की वजह से है। इसके ऊपर और उससे परे कुछ नहीं है, उन 17 करोड़ भारतीयों के लिए जिन्होंने देश की आजादी में हिस्सा लिया। असदुद्दीन ओवैसी ने कहा, हम हिंसा की निंदा करते हैं। कुछ वीडियो में पुलिस लाठीचार्ज करते दिख रही है और दुकानदार उन पर फूल बरसा रहे हैं। हमें यह ध्यान रखना चाहिए कि पुलिस केवल सत्ता में बैठे लोगों के प्रति जवाबदेह है और किसी के प्रति नहीं। वे कल आपको मारेंगे जब सत्ता बदल जाएगी।

ओवैसी ने कहा, हमें स्थिति से परेशान नहीं होना चाहिए। हमें धैर्य के साथ इसका सामना करना होगा। हमें कानून के दायरे में रहकर सब कुछ करना चाहिए। कानून को अपने हाथ में न लें। जब आप कानून के दायरे में काम करेंगे तो आपको एहसास होगा कि कानून सिर्फ एक मकड़ी का जाला है और कुछ नहीं। एआईएमआईएम प्रमुख चीफ ने दावा किया कि उनकी जानकारी के अनुसार आरएसएस के गठन के बाद इसके किसी भी सदस्य ने स्वतंत्रता आंदोलन के दौरान अपने प्राणों की आहुति नहीं दी और न ही जेल गया। ओवैसी की यह टिप्पणी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के राष्ट्र निर्माण में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की भूमिका की सराहना करने के बाद आई है। ओवैसी ने आरएसएस के संस्थापक केबी हेडगेवार की जीवनी का हवाला देते हुए दावा किया कि हेडगेवार ने 1930 में दांडी मार्च में हिस्सा लिया था और जेल भी गए थे, ताकि स्वतंत्रता सेनानियों को बाद में संघ में शामिल होने के लिए प्रोत्साहित कर सकें।



नवबिहार मीडिया प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक डॉ. रामाज्ञा तिवारी द्वारा विश्वेश्वरा पब्लिकेशनंस एलएलपी की ओर से शिवासाई पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पंप, रातू, रांची (झारखंड)- 835222 से मुद्रित एवं उद्योग भवन मार्ग, 19 A कोकर औद्योगिक क्षेत्र रांची- 834001 (झारखंड) से प्रकाशित।
**संपादक- डॉ. रामाज्ञा तिवारी, कार्यकारी संपादक- भीष्म सिंह, प्रबंध संपादक- पंकज कु. सिंह*, प्रधान संपादक- देवेंद्र सिंह** (*पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार), **प्रबंधक- नरेंद्र कुमार सिंह.** 9334331934, 9386895799, 9507466535, **RNI Regn.: JHAHIN/2011/40902**